सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 17.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-206 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025
16 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# इसरो ने रचा इतिहास

- स्पेडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की सफल डॉकिंग
- भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश
- पीएम मोदी ने दो उपग्रहों की सफल लांचिंग पर दी बधाई





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की। यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित भविष्य के कई मिशनों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**नई दिल्ली।** भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार सुबह इतिहास रच दिया। इसरो ने दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया। इसके साथ ही अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन आदि के लिए जरूरी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है।

## मोदी सरकार का सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा

# 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

## श्रीहरिकोटा में 3985 करोड़ में तीसरा सैटेलाइट लॉन्च पैड बनेगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। आयोग की सिफारिशें 2026 से लागू होंगी। यह जानकारी कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दी।

उन्होंने कहा- सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था, इसकी सिफारिशें 2026 तक जारी रहेंगी। 7वां वेतन आयोग (पे-कमीशन) 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे करीब 1 करोड़ लोगों को फायदा हुआ था। वेतन आयोग हर 10 साल में लागू किया जाता है। उम्मीद है कि मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी। इससे केंद्रीय कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन और



पेंशन बढ़ेगी। इसके अलावा वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के रॉकेट लॉन्चिंग सेंटर में तीसरा लॉन्च पैड बनाएगी। यह 3985 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। इस फैसले से न्यू जेनरेशन लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यहां से चंद्रयान और मंगलयान जैसे ऐतिहासिक मिशन लॉन्च हुए हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने इस विषय में पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। उन्होंने पीएम से आग्रह किया कि वर्तमान परिस्थितियों में बिना किसी विलंब के आठवें वेतन आयोग का गठन किया जाए। वेतनमान रिवाइज, 10 नहीं, बल्कि 5 साल में होना चाहिए।

### इसरो के अनुभव से तैयार किया जाएगा लॉन्च पैड

सरकार ने एक बयान में कहा, इस कदम से भारत के भविष्य के मानव अंतरिक्ष मिशनों की लॉन्च क्षमता बढ़ेगी। तीसरे लॉन्च पैड का डिजाइन इस तरह से किया जाएगा कि वह न केवल एनजीएलवी को बल्कि एलवीएम3 वाहनों का भी समर्थन कर सकेगा, जिसमें सेमीक्रायोजेनिक चरण और एनजीएलवी के विस्तारित रूप शामिल हैं। यह लॉन्च पैड इसरो के अनुभव और उद्योगों की भागीदारी से तैयार किया जाएगा, जिसमें मौजूदा लॉन्च कॉम्पलेक्स की सुविधाओं को भी शामिल किया जाएगा।

मुद्रास्फीति का स्तर बढ़ रहा है, ऐसे में दस साल का वर्तमान संशोधन कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए अनुकूल नहीं है। बयान में कहा गया कि इस तीसरे लॉन्च पैड का निर्माण कार्य चार वर्षों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

इस परियोजना से इसरो की भविष्य की लॉन्च क्षणता में महत्वपूर्ण वृद्धि हो सकती और यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में मदद करेगा। इस परियोजना के तहत इसरो के नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी) के लिए आवश्यक लॉन्च ढांचा तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही, यह श्रीहरिकोटा में दूसरे लॉन्च पैंड के लिए एक बैकअप (स्टैंडबाय) लॉन्च पैड के रूप में भी काम करेगा।

## न्यूज डायरी

### भारत ने किया इस्राइल-हमास युद्ध विराम समझौते का स्वागत

**नई दिल्ली।** इस्राइल-हमास के बीच हुए युद्ध विराम समझौते का भारत ने स्वागत किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने समझौते के बाद गाजा में शांति और मानवीय सहायता बढ़ने की उम्मीद जताई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्ध विराम के लिए समझौते की घोषणा का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि इससे गाजा के लोगों को मानवीय सहायता की सुरक्षित और निरंतर आपूर्ति होगी। हमने लगातार सभी बंधकों की रिहाई, युद्ध विराम, बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है। सात अक्तूबर 2023 को हमास ने इस्राइल के कई हिस्सों को निशाना बनाया था। इस हमले में करीब 1200 इस्राइली नागरिक मारे गए थे। जबकि ढाई सौ लोगों बंधक बना लिया गया।

### एक दिन-एक पाली में होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट को एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का फैसला किया है। इसके साथ ही नीट यूजी पेपर मोड पर भी अंतिम निर्णय आ चुका है। इस बार नीट यूजी परीक्षा का आयोजन पेन-एंड-पेपर मोड में किया जाएगा। 2025-26 से शुरू होने वाले इस टेस्ट के लिए सशस्त्र सेना के मेडिकल अस्पतालों में बीएससी नर्सिंग के उम्मीदवारों को नीट परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। यह निर्णय राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था, नीट का प्रशासनिक मंत्रालय स्वास्थ्य मंत्रालय है, और हम यह तय करने के लिए उनके साथ बातचीत कर रहे हैं कि नीट को पेन-एंड-पेपर मोड या ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस ने उपासना स्थल कानून की वैधता को चुनौती देने का किया विरोध

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी दायर की, जिसमें उसने 1991 के उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम की वैधता के खिलाफ दाखिल याचिकाओं का विरोध किया। यह अधिनियम धार्मिक स्थलों के स्वरूप को वैसे ही बनाए रखता है, जैसा वे 15 अगस्त 1947 को थे। विपक्षी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से भारतीय जनता पार्टी के नेता और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर की गई जनहित याचिका (पीआईएल) में दखल देने का आग्रह किया। याचिका में उपाध्याय ने इस कानून की संविधानिक वैधता को चुनौती दी है। याचिका में कांग्रेस ने कहा कि यह कानून भारत में धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने के लिए जरूरी है और इस पर उठाए गए सवाल जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण प्रयास प्रतीत होते हैं, जो धर्मनिरपेक्षता के स्थापित सिद्धातों को कमजोर करने के लिए गए हैं।

# गरीबी में जन्मे मोदी ने कभी नकारात्मकता नहीं पाली : शाह

**तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का किया शुभारंभ**



**वड़नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद कभी भी नकारात्मकता को अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाया। उन्होंने अपनी गरीबी को जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति में बदला और लोगों की भलाई के लिए कड़ी मेहनत की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यह बात कही। शाह ने कहा कि मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद गरीब लोगों की जिंदगी को बदलने के लिए मकान, शौचालय, पानी, गैस और बिजली कनेक्शन, सस्ती दवाइयां और मुफ्त राशन जैसी सुविधाएं प्रदान की हैं। गृह मंत्री शाह मेहसाणा में पीएम मोदी के गृहक्षेत्र वड़नगर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिसमें एक पुनर्विकसित स्कूल भी शामिल है, जहां प्रधानमंत्री ने अपनी प्राथमिक शिक्षा हासिल की थी। यह स्कूल साल 1888 में बनाया गया था। गृह मंत्री ने कहा, मनोविज्ञान में सिखाया जाता है कि जो बच्चा गरीबी और अभाव में अपना बचपन बिताता है, वह नकारात्मकता से प्रेरित होता है। ऐसे बच्चे विनाशकारी सोच और बदले की भावना के साथ बढ़े होते हैं। लेकिन एक गरीब चायवाले के परिवार में जन्म लेने वाले पीएम मोदी ने अपनी गरीबी को जरूरतमंदों के प्रति करुणा में बदल दिया। उन्होंने आगे कहा, जब वह गरीब बच्चा (नरेंद्र मोदी) राज्य का मुख्यमंत्री और फिर देश का प्रधानमंत्री बना, तो उसने कभी भी नकारात्मकता को अपने मन में स्थान नहीं दिया।

# सीएम योगी ने भीषण ठंड में लखनऊ के रैन बसेरों का किया निरीक्षण

- बेसहारों को बांटा कंबल और भोजन
- हर जरूरतमंद को आश्रय उपलब्ध कराने के निर्देश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सितम जारी है। शाम होते ही लोग भीषण ठंड की वजह से अपने-अपने घरों में कैद होने पर मजबूर हो जा रहे हैं। वहीं अनाथ और सड़कों पर रात गुजारने वालों के लिए रैन बसेरे बनाये गए हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में रैन बसेरों का निरीक्षण किया है।

निरीक्षण के दौरान सीएम योगी ने रैन बसेरों में रुके लोगों से उनका हाल-चाल जाना है। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। सीएम योगी ने निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों को कंबल और भोजन का पैकेट भी वितरित किया है। सीएम योगी ने भीषण ठंड के चलते हर जरूरतमंद को आश्रय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर और कंबल का इंतजाम हो। सीएम ने रैन बसेरों में साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए है। साथ ही यह भी कहा कि अगर किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उसे भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। बुधवार रात को सीएम योगी सबसे पहले मिल कॉलोनी पहुंचे। वहां रुके लोगों का हाल-चाल जानने के बाद फिर लक्ष्मण मेला रोड की ओर भी गए। अलग-अलग रैन बसेरों में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये लोग ठहरे हुए थे। कोई डॉक्टर को दिखाने के लिए तो कोई किसी अन्य काम के चलते लखनऊ आये हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी से एक-एक उनका हाल-चाल जाना और यह भी पूछा कि यहां रैन बसेरे में कोई दिक्कत-परेशानी तो नहीं है। वहीं रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान सीएम योगी ने सभी जरूरतमंदों को कंबल और भोजन का पैकेट भी दिया है, जिससे रैन बसेरों में रह रहे लोग काफी खुश नजर आए।

# सैफ अली खान पर जानलेवा हमला

- चाकू से किए छह वार, रीढ़ की हड्डी में मिले गहरे जख्म
- सैफ के बेटे ज़ेह के कमरे में घुसा था हमलावर
- मुझे एक करोड़ चाहिए, नर्स ने किया खुलासा
- चोरी ही था मेन मकसद पहचाना गया आरोपी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर में बुधवार देर रात एक शख्स ने अभिनेता पर घुसकर हमला किया। इस हमले में सैफ के साथ उनके बेटे की नैनी भी घायल हो गई।

बांद्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार यह घटना सुबह करीब ढाई बजे हुई। उस समय सैफ का परिवार और स्टाफ सो रहे थे। सैफ की 56 वर्षीय नर्स इलियामा फिलिप ने पुलिस को घटना का विवरण देते हुए जानकारी दी कि हमलावर एक युवक था, जिसकी उम्र 30 साल के करीब थी। वह पतला था। एफआईआर के मुताबिक हमलावर ने सैफ के चार वर्षीय बेटे जेह के कमरे में घुसकर पहले नर्स से एक करोड़ रुपये की मांग की। जब नर्स ने इसका विरोध किया, तो हमलावर ने उसे चाकू से हमला कर घायल कर दिया, जिससे उसके हाथ और कलाई में चोटें आईं। उनकी गर्दन, कंधे, पीठ और कलाई पर कट लग गए। बीच-बचाव करने की कोशिश में एक अन्य स्टाफ सदस्य गीता भी घायल हो गई। अतिरिक्त स्टाफ सदस्यों के पहुंचने से पहले ही घुसपैठिया मौके से भाग गया।

हमलावर उनके घर के अंदर जाकर बच्चों के कमरे में घुसने का प्रयास कर रहा था जब उनकी नौकरानी की नजर उस पर पड़ी। नौकरानी ने जोर जोर से शोर मचाया और सैफ अली खान को बुलाया। एक्टर ने वहां पहुंचकर उसे रोकने का प्रयास किया। हमलावर के पास चाकू था जिससे उसने एक्टर पर हमला कर दिया। उसने सैफ पर 6 बार वॉर किया जिसमें से एक्टर को दो जगह गहरी चोट आई है जबकि बाकि घाव हल्के हैं। फिलहाल उनकी सर्जरी हो गई है और उन्हें अभी अस्पताल में ही आईसीयू में रखा गया है। सैफ अभी खतरे से बाहर है।

### तेज आवाज सुनकर जाग उठे थे सैफ

इस हंगामे की आवाज सुनकर सैफ की बेटे की नानी जूनु जाग गईं और शोर मचाया। इससे सैफ अली खान और उनकी पत्नी करीना कपूर खान मौके पर पहुंचे। सैफ ने अपने परिवार को बचाने के लिए घुसपैठिये का सामना किया, जिसमें वह घायल हो गए।

### पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को पुलिस सशस्त्र डकैती और हमले का मामला मान रही है। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध की लंबाई करीब पांच फुट पांच इंच है। घटना के दौरान उसने डार्क कपड़े और टोपी पहन रखी थी। फिलहाल सैफ अली खान समेत घायलों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### सबा ने जारी की पहली स्टेटमेंट

अब सैफ की बहन सबा पटौदी,जो मुंबई में नहीं थीं ने अब हमले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सबा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज में लिखा, मैं हैरान हूं। इससे उबरने की कोशिश कर रही हूं, लेकिन भाईजान आप पर गर्व है। परिवार का ख्याल रखना और मुश्किल वक्त में खड़ा होना, अब्बा को गर्व महसूस कराएगा।



# मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर



**रायपुर।** बीजापुर में जवानों ने कुछ दिनों पहले हुई 8 साथियों के मौत का बदला ले लिया है। तेलंगाना की सीमा पर स्थित दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को ठोंक दिया है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बीजापुर के मारूढ़बाका और पुजारी कांकेर इलाके में सुबह 9 बजे से मुठभेड़ शुरू हुई। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है। यहां पर अभियान अभी भी जारी है।

इस ऑपरेशन में तीन जिलों बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के जवान शामिल हैं। साथ ही सीआरपीएफ की कोबरा 204, 205, 206, 208, 210 और केरिपु 229 बटालियन भी इस ऑपरेशन का हिस्सा हैं। माओवादियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना मिलने पर यह ऑपरेशन शुरू किया गया था। सूत्रों के

- सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

अनुसार सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और नक्सलियों को पकड़ने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। इस मुठभेड़ में अब तक 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। हालांकि अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह संख्या बढ़ भी सकती है। सुरक्षाबलों को इस ऑपरेशन में बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने स्क्रजवानों और कई हथियार बरामद किए हैं। बता दें कि गुरुवार को इसी इलाके में एक और घटना हुई थी। नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट में सीआरपीएफ की कोबरा इकाई के दो कमांडो घायल हो गए थे।

# पिछड़ी जातियों की सूची में फिर लौटेगी कहार जाति

**उप्र. पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक में फैसला**

**लखनऊ।** उप्र. पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में पिछड़ी जाति में सूचीबद्ध कहार जाति को सूची से बाहर करने का मुद्दा उठाया गया। निर्णय लिया गया कि कहार जाति को अन्य पिछड़े वर्ग की सूची से बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है। इसे यथावत रखने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विमुक्त घुमंतू जनजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने पर भी विचार हुआ। बृहस्पतिवार को आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य सूर्य प्रकाश पाल, अन्य सदस्यगण और सचिव मनोज कुमार सागर उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) से संबंधित जातियों के सम्मिलन, निष्कासन, विकास और उत्थान से जुड़े मामलों पर विचार करना था। राज्य में तेल घानी व्यवसाय से जुड़े लोगों के विकास और उनके हितों की रक्षा के लिए राज्य तेल घानी बोर्ड के गठन का प्रस्ताव बैठक में प्रस्तुत किया गया। निर्णय लिया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाकर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।



## डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 12 विभागों के अफसरों का वेतन रोका

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** दिसंबर की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जिला पीछे होने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 12 विभागों के अफसरों का वेतन रोक दिया। इन अफसरों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही हिदायत दी कि अगले रैंकिंग में सुधार लाएं नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि जनवरी की रैंकिंग खराब आती है तो संबंधित अफसरों के खिलफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग खराब होने पर डीएम ने बीएसए, समाज कल्याण अधिकारी, एक्सईएन लोक निर्माण विभाग, डीपीआरओ, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कृषि अधिकारी, एनआरएलएम, ग्रामीण अभियंत्रण, पर्यटन, अल्पसंख्यक अधिकारी, एक्सईएन जल निगम को नोटिस जारी कर वेतन रोका है। बता दें कि दिसंबर में जिले की 57 रैंकिंग थी। जबकि अक्तूबर माह की ओवरऑल रैंकिंग 33 थी बेसिक शिक्षा की निपुण परीक्षा आंकलन को ई और मिड-डे मिल छात्र उपस्थिति को सी ग्रेड मिला है। बाल विकास विभाग की आईसीडीएस पोषण अभियान को डी, समाज कल्याण की सामूहिक विवाह योजना को ई, छात्रवृति को डी और सी, लोक निर्माण विभाग की सड़कों का अनुरक्षण को डी, नई सड़कों के निर्माण को बी, सेतुओं के निर्माण में सी ग्रेड मिला है पंचायतीराज की स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 को डी, 15वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत को बी, पिछड़ा वर्ग कल्याण की छात्रवृत्ति को डी और सी, कृषि विभाग की किसान सम्मान निधि को डी, एनआरएमएम बैंक क्रेडिट लिंकेज को ई, आरईएस की सड़क और भवन निर्माण में सी और बी, पर्यटन की राज्य योजना बी, अल्पसंख्यक की छात्रवृत्ति सी और जल निगम ग्रामीण की हर घर जल योजना को सी ग्रेड मिला है।

# घने कोहरे व कड़ाके की ठंड में सजक होकर धीमी गति से वाहन चलायें: प्रो. सुभाष चन्द्रा

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी, 2025 से 31 जनवरी, 2025 के अन्तर्गत प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल के दिशा निर्देशन में चीफ प्रॉक्टर एवं रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने को सड़क सुरक्षा विषयक देकर जागरूक किया। प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि इस समय प्रदेश में कड़ाके की ठण्ड, शीतलहर और घने कोहरे की वजह से सड़क पर आवागमन कठिन हो रहा है। ऐसे में सड़क पर सुरक्षित सफर के लिए दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर सर्तकता के साथ धीमी गति से चले और लेन में चलने वाले वाहनों से दूरी बनाये रखें। चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें और सड़क पर ध्यान केन्द्रित कर वाहन की लो बीम लाइट का प्रयोग करें एवं वाहन की गति को नियंत्रित करते हुए ओवर टेकिंग से बचे। यदि सड़क पर ओवरलोड और ओवरहाइट वाहन आ रहा है तो अपने वाहन को सडक के किनारे पर कर लें। असिस्टेन्ट प्रोफेसर मानवेन्द्र यादव ने परीक्षा देने आये विद्यार्थियों को हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए समझाया कि सावधानी ही सुरक्षा है। क्योंकि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। असिस्टेन्ट प्रोफेसर सौरभ वर्मा, सत्येन्द्र पाल सिंह व डा0 अमित सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार, यातायात की जानकारी व सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया और अनुरोध किया कि वे अपने परिचनों व सगे सम्बन्धियों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नियमों को ध्यान में रखकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें।इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल ने छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया कि वे आवागमन करते समय सजग होकर वालन चालायें एवं समय प्रबन्धन का ध्यान रखें।

इसी क्रम में प्राचार्य प्रो0 पाल ने महाविद्यालय परिसर में दो पहिया वाहन लाने वाले सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक व कर्मचारियों को हेलमेट लगाना अनिवार्य किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी।

### साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट तथा मोबाइल रिलेटिड फ्रॉड की रोकथाम के लिये आवश्यक जानकारी प्रदान की

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा इण्डियन बैंक गोला के अधिकारी/कर्मचारियों शासन द्वारा संचालित *विभिन्न हेल्पलाईन नं0 112,1090,102,108,1076,1098 व साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट तथा मोबाइल रिलेटिड फ्रॉड की रोकथाम के लिये आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया। अभियान में मौजूद सभी अधिकारी/कर्मचारियों को तथा *डिजिटल वॉरियर के कार्यो - 1.फेक न्यूज/साइबर क्राइम से आमजनमानस को सचेत करना 2.जागरुकता एवं सराहनीय कार्यों के प्रचार-प्रसार सम्बंधी सहयोग या सोशल मीडिया इंन्फ्लुएंसर्स 3. साइबर ट्रेनर आदि से अवगत कर प्रशिक्षित किया गया।

## कमरे की छत में लगे पंखे से लटकता मिला युवक का शव

**लखीमपुर-खीरी।** दादी व पत्नी के साथ रह रहे युवक का शव कमरे की छत में लगे पंखे से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। मितौली थाना क्षेत्र के रतहरा गांव के रहने वाले 27 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र प्रमोद का शव बुधवार रात कमरे में छत के पंखे से लटकता हुआ पाया गया।

सूचना पर पहुंचे कस्ता चौकी प्रभारी प्रशान्त श्रीवास्तव व दीवान रमाशंकर वर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेज दिया। आशीष की दादी ने बताया कि चार दिन पहले आशीष की पत्नी खुशी मायके से यहां आई थी, तभी से दोनों में आपसी झगड़ा हो रहा था। आशीष एक बार दिन में भी फांसी लगाने के लिए रस्सी लेकर जा रहा था तो मैंने रस्सी छीन कर बहुत समझाया था।

बुधवार की देर रात भी दंपति में झगड़ा हुआ था और खाना भी नहीं बना था। एक कमरे के घर में पड़े पर्दे के एक तरफ आशीष व खुशी लेटे थे। दूसरी तरफ वह लेटी हुई थी। गुरुवार सुबह जागने पर आशीष को लटकते हुए पाया। पड़ोसियों के मुताबिक आशीष की दादी के बुलाने पर पहुंचे तो देखा कि आशीष का शव लटक रहा था व खुशी बेड पर बैठी टीवी देख रही थी। वहीं खुशी ने बताया कि रात आशीष ने मुझसे झगड़ा किया था, बाद में मैं सो गई।

सुबह सोकर उठी तो जान पाई। ग्रामीणों के अनुसार तीन माह पहले खुशी पास गांव के गैर समुदाय के युवक के साथ चली गई थी,तब से चार दिन पहले ही घर आई थी। आशीष व खुशी की पांच वर्ष पूर्व शादी हुई थी।

## आग तापते समय आग में झुलस गया एक बुजुर्ग मौके पर हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के मोहल्ला नौरंगाबाद में कमरे में आग तापते समय एक बुजुर्ग आग में ही गिर गया। झुलसने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कुछ देर बाद घरवालों को मामले की जानकारी हो सकी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी है। शारदानगर में रहने वाले 90 वर्षीय लक्ष्मी चंद्र श्रीवास्तव अपनी बेटी के घर लखीमपुर शहर के मोहल्ला नौरंगाबाद में रहते थे। उनकी बेटी की मौत हो चुकी है। वह अपनी नातिन और नाती के साथ रहते है। उनका नाती ऑटो चलाता है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम वह अपने कमरे में आग ताप रहे थे। किसी तरह वह आग के बर्तन में गिर गए। जिससे झुलसने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। देर रात जब उनका नाती घर पहुंचा, तब घर वालों के मामले की जानकारी हो सकी।

## ब्लॉकों पर लगेंगे वितरण शिविर, डीएम ने जारी किया रोस्टर



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने एवं बाधामुक्त वातावरण प्रदान किए जाने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर 24 जनवरी से 12 फरवरी तक ब्लॉक स्तर पर कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित होंगे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि जिले में दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखीमपुर खीरी द्वारा 10 से 27 जून के मध्य ब्लॉक स्तर पर चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया, निर्धारित किए गए रोस्टर के अनुसार चिन्हित दिव्यांगजनो को सहायक उपकरणो का वितरण मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा डीएम ने निर्देशित किया कि सहायक उपकरणो की आपूर्ति वितरण शिविर से 03 से 05 दिन पहले की जायेगी,जिसे ब्लॉक परिसर मे सुरक्षित रखा जायेगा। शिविर प्रातः 10 बजे से वितरण समाप्ति तक चलेगा। कार्यक्रम संचालन के लिए बीडीओ द्वारा हॉल, मेज, कुर्सी, माइक सेट उपलब्ध कराया जायेगा तथा कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था के साथ दिव्यांगजन के सहायतार्थ 4-5 सफाईकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगे।

### डीएम ने सहायक उपकरणो के सत्यापन को गठित की टीमें

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने आईटीआई राजापुर लखीमपुर मे होने वाले वितरण शिविर में वितरित किए जाने वाले सहायक उपकरणों के सत्यापन के लिए एडीओ (स.क.) को सत्यापनकर्ता अधिकारी, ब्लॉकस्तरीय सत्यापन का जिम्मा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और जिला स्तरीय सत्यापन का जिम्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी को सौंपा है।

### इन तिथियों में ब्लॉकवार वितरण शिविर प्रस्तावित

जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार 24 जनवरी को आईटीआई राजापुर में लखीमपुर, नकहा, नगरीय क्षेत्र लखीमपुर, खीरी के 100 लाभार्थियों को, 25 जनवरी को ब्लॉक फूलबेहड में विकासखंड फूलबेहड़ के 47 लाभार्थियों को, 27 जनवरी को मितौली, बेहजम के 52 लाभार्थियों को ब्लाक मितौली में वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि ब्लॉक पसगवॉ में 29 जनवरी को विकास क्षेत्र पसगवां के 60 लाभार्थियों को, 31 जनवरी को ब्लॉक मोहम्मदी में मोहम्मदी, नगरीय क्षेत्र मोहम्मदी, बरबर के 50 लाभार्थियों को, 03 फरवरी को ब्लॉक धौरहरा में ब्लॉक धौरहरा, ईसानगर, नगरीय क्षेत्र धौरहरा के 48 लाभार्थियों को, 05 फरवरी को ब्लॉक पलिया में पलिया, नगरीय क्षेत्र पलिया के 42 लाभार्थियों को , 07 फरवरी को ब्लॉक बांकेगंज में 31 लाभार्थियों को, 10 फरवरी को ब्लाक निघासन में विकासखंड क्षेत्र निघासन, रमियाबेहड नगरीय क्षेत्र निघासन, सिंगाही के 45 लाभार्थियों को और 12 फरवरी को ब्लॉक कुंभी में गोला (कुंभी), बिजुआ, नगरीय क्षेत्र गोला, मैलानी के 57 लाभार्थियों के लिए वितरण शिविर प्रस्तावित है।

## दो शावकों के साथ बैठी बाघिन को देख को देख डरे लोग

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** बेलरायां-पनवारी स्टेट हाईवे से सिंगहा गांव को जाने वाली लिंक रोड पर पहुंचे लोग मंगलवार रात डरकर भाग खड़े हुए। उनके मुताबिक बीच सड़क पर अपने दो शावकों के साथ बैठी बाघिन मंगलवार रात तक दहाड़ती रही। उधर निकले राहगीरों ने रास्ता बदल लिया। सूचना पर बुधवार दोपहर बाद पहुंचे वनकर्मियों ने बाघिन की लोकेशन जानने की कवायद शुरू की है। उत्तर निघासन वन रेंज में बेलरायां-पनवारी स्टेट हाईवे से सिंगहां खुर्द गांव जाने वाली लिंक रोड होकर मंगलवार रात अपने घर जा रहे लोग यह देखकर बेहद डर गए कि बीच सड़क पर अपने दो शावकों के साथ बाघिन बैठी हुई थी। वे दूसरे रास्ते से किसी तरह घर पहुंचे। सिंगाही कस्बे के अंकित मिश्रा ने बताया कि मंगलवार रात वह सिंगहा खुर्द में अपनी ससुराल से बाइक से वापस अपने घर सिंगाही आ रहा था। सड़क पर दो शावकों के साथ बाघिन को मौजूद देख उसकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। किसी तरह बाइक घुमाकर दूसरे रास्ते से वह सिंगाही पहुंचा और सूचना वनकर्मियों को सूचना दी कुछ और लोगों ने भी वहां बाघिन की मौजूदगी की बात कही।

### 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त विकास कुमार पुत्र खुशीराम को अवैध तमंचा-कारतूस व गोला रेलवे स्टेशन के बाहर से चुरायी गई एक अदद मोटरसाइकिल नं0 क्ष31ङ्4361 बरामद कर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है ।

### किसान कमेरा दिवस के रूप में मनायी जायेगी चौ.अजित की जयंती: नीरपाल

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि किसानों के मसीहा व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर आगामी 9 फ़रवरी को किसान सम्मान दिवस व 12 फ़रवरी को पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती किसान कमेरा दिवस के रूप में मनायी जायेगी। चौ.नीरपाल सिंह आज यहां हकीकत नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों के साथ वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 12 फ़रवरी को पूर्व केंद्रीय मंत्री व रालोद के संस्थापक स्व. चौधरी अजित सिंह की जयंती पर 101 किसान एवं 101 खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## आगरा की बेकरी में हुआ बड़ा हादसा, बॉयलर फटने से 13 से अधिक झुलसे



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में गुरूवार दोपहर एक ब्रेड फैक्ट्री में लगा बॉयलर फटने से भीषण हादसा हो गया। जिले के थाना हरी पर्वत के ट्रांसपोर्ट नगर में हुए हादसे एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत इतनी खराब थी कि उनके हाथ-पैरों की खाल उतर गई थी। आनन-फानन में स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मियों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही अडिशनल पुलिस कमिश्नर संजीव त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। घायलों में कुछ लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों का इलाज एसएन मेडिकल कालेज में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट नगर में बेकरी बनाने की यूनिट है। दोपहर करीब 1.30 बजे यहां कर्मचारी ब्रेड बना रहे थे। तभी अचानक से तेज धमाका हुआ। फैक्टरी में बॉयलर तेज आवाज के साथ फट गया, जिसकी चपेट में काम कर रहे कर्मचारी आ गए। अंदर चीख-पुकार मचने लगी और कर्मचारी बाहर की ओर निकलकर भागे। हादसे में कई कर्मचारी अंदर फंस गए। स्थानीय लोग भी उन्हें बचाने के लिए पहुंचे, लेकिन कई सारे कर्मचारियों के शरीर से चमड़ी तक उधड़ गई। मौके पर अफरातफरी मच गई। कई कर्मचारी बुरी तरह से झुलस गए हैं। फैक्ट्री में झुलसे कर्मचारियों की हालत इतनी बुरी हो गई थी कि जब वे बाहर आए तो जमीन पर लड़खड़ाकर गिर गए। उनके हाथ-पैरों की खाल उतर चुकी थी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी और स्थानीय लोगों ने उन्हें उठाया और गाड़ी में बिठाकर अस्पताल लेकर पहुंचे। घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया है। धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई। फैक्टरी में फंसे कर्मचारियों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। सूचना पर एडिशनल कमिश्नर और एसीपी हरीपर्वत भी मौके पर पहुंच गए।

# गर्लफ्रेंड से करनी थी शादी तो बन गया चोर...मगर चोरी ने हत्यारा भी बना दिया

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली/सीबीगंज।** परसाखेड़ा की रस्क फैक्ट्री के चौकीदार की मफलर से गला कसकर हत्या की गई थी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से इसका खुलासा हुआ है। चोरी के इरादे से घुसे फैक्ट्री के ही ठेकेदार के बेटे ने देख लेने और मालिक से शिकायत करने की बात पर हत्या की थी। आरोपी ऑफिस की अलमारी में रखे 60 हजार रुपये चोरी कर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कबूल किया कि प्रेमिका की सगाई दूसरी जगह हो रही थी, जिससे शादी करने के लिए उसने चोरी का प्लान बनाया था। कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस निवासी विनीत कुमार सक्सेना की परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में बीके इंडस्ट्रीज के नाम से रस्क बनाने की फैक्ट्री है। फैक्ट्री में पिथौरागढ़ डुगर टोली बालू कोट निवासी केसर पंत चौकीदार थे। वहीं फैक्ट्री में मीरगंज के गांव दिबना निवासी राधे श्याम और



बंडिया निवासी गुलाम शाह ठेकेदार हैं। 11 जनवरी की सुबह में ठेकेदार गुलाब सिंह फैक्ट्री पहुंचा तो गेट बंद था। काफी आवाज देने पर भी गेट नहीं खुला। जिस पर उसने विनीत को फोन कर सूचना दी। मालिक ने मौके पर पहुंचकर लोगों को सीढ़ी से अंदर भेजा तो चौकीदार को मृत पाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया लेकिन मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित रख लिया। मंगलवार को जब फैक्ट्री के ऑफिस में जाकर देखा गया तो ताला खुला मिला और उसमें रखे करीब 60 हजार रुपये गायब थे। इसके बाद पड़ोस की फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो स्थिति साफ हो गई। सीसीटीवी में कंबल ओढ़कर एक युवक रात में 10 से 11 बजे फैक्ट्री में सीढ़ियों से उतरता दिखाई दिया। इसकी जांच की गई तो वह ठेकेदार राधेश्याम का बेटा आशुतोष उर्फ आशु निकला। जो फैक्ट्री में पहले काम कर चुका है। पुलिस ने आशु को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो उसने चौकीदार की हत्या करने की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि वह चोरी करने फैक्ट्री में घुसा था। चौकीदार के देख लेने और मालिक से शिकायत करने की बात पर उसकी मफलर से गला कसकर हत्या कर दी थी। उसने 29 दिसंबर 24 को भी साइकिल से रेकी की थी लेकिन उस दिन मौका न मिलने पर वह वापस लौट गया था। फैक्ट्री मालिक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## पुल निर्माण के लिए ध्वस्त किया गया नदी किनारे अवैध कब्जा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज राकेश सिनेमा रोड पर नदी के किनारे एक विवादित स्थान पर मूर्ति स्थापित कर अवैध रुप से किये गए कब्जे को ध्वस्त कर दिया। इससे पूर्व विधि विधान से मूर्ति की पूजा कर मूर्ति को शहर के एक प्राचीन मंदिर में स्थानांतरित कराया गया। इसके साथ ही राकेश सिनेमा रोड से अम्बाला-देहरादून रोड स्थित सपना सिनेमा तक पुल निर्माण का मार्ग साफ हो गया। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी के तहत राकेश सिनेमा रोड से सपना सिनेमा तक (अम्बाला-देहरादून रोड पर ढमोला पुल का जीरो प्वाइंट) कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन राकेश सिनेमा रोड स्थित गौशाला के निकट नदी के किनारे एक स्थान पर किसी व्यक्ति द्वारा एक मूर्ति रखकर अवैध रुप से कब्जा कर उसे मंदिर का रुप देने की कोशिश की गयी थी। जिसके कारण पुल निर्माण का कार्य पिछले करीब एक वर्ष से अटका हुआ था। आज निगम अधिकारियों ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से जेसीबी लेकर कब्जा किये गए उक्त ढांचे को ध्वस्त कर दिया तथा वहां रह रहे राहुल मिश्रा नामक व्यक्ति को उसका घरेलू सामान सौंप दिया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व सैनी पंचायती मंदिर से आये पं.संदीप शर्मा ने पूर्ण विधि-विधान के साथ मूर्ति की पूजा की। उसके बाद एक टैऊक्टर ट्राली में दरी बिछाकर श्रद्धा व सम्मान के साथ पूजा का सामान व प्रतिमा को शहर के पुराने चिलकाना बस स्टैण्ड स्थित अति प्राचीन सैनी पंचायती मंदिर में भिजवा दिया गया। उधर सैनी पंचायती मंदिर के कर्ताधर्ता विकास सैनी ने बताया कि मंदिर में दस दिन के पाठ कराकर मूर्ति को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर स्थापित किया जायेगा। कार्रवाई के दौरान अपर नगरायुक्त/एसीईओ स्मार्ट सिटी राजेश यादव, एसडीएम सदर अंकुर सिंह, सीओ प्रथम अशोक सिसौदिया, निगम के अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्रवर्तन दल के जवान तथा यूपीपीसीएल के सहायक परियोजना प्रबंधक आकाश चौधरी मौजूद रहे।

## चोरी की 7 मोटरसाइकिल सहित 4 अन्तर्जनपदीय गैंग के चोर गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा पुलिस ने वाहन चोरों के गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने के साथ ही इनके कब्जे से चोरी की सात बाइक भी बरामद कर ली हैं। चोरी की बाइकें खंदौली क्षेत्र में छिपाकर रखी गई थीं। यह गिरोह अंतर्जनपदीय है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन सोनम कुमार ने इन वाहन चोरों के बारे में खुलासा किया। उन्होंने बताया कि यह कामयाबी एत्मादपुर के एसीपी और एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हासिल की है। पुलिस ने एत्मादपुर में ही बुढ़िया का ताल के पास से दो लोगों को एक बाइक के साथ पकड़ा था। इन्हें थाने लाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि वे एक वाहन चोर गैंग के सदस्य हैं। इन्हीं दोनों वाहन चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने खंदौली थाना क्षेत्र में छापा मारकर छह बाइक और बरामद कर लीं। ये बाइक चुराई गई थीं। ये गैंग राह चलते लोगों से मोबाइल भी लूटता था। इनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी पुलिस को मिले हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों बदमाशों के बताने पर दो अन्य अपराधी भी गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तार अभियुक्त हैं ओमशंकर, ललित, बिजेंद्र और सौरभ। चारों को जेल भेज दिया गया है। इस गैंग ने यह भी बताया है कि वे शादी समारोहों में काम के नाम पर जाते थे और रेकी कर वारदातों को अंजाम दिया करते थे।

## न्यू इंग्लिश पब्लिक स्कूल में क्रॉफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन

### ■ क्रॉफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन जनहित के उद्देश्य से अच्छा प्रयास: जज विनोद श्रीवास्तव

*अवधनामा संवाददाता*



सहारनपुर। (अहमद रज़ा) न्यू इंग्लिश पब्लिक स्कूल में एक क्राफ्ट प्रदर्शनी का बड़े स्तर पर आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों अभिभावकों और शहरी लोगों ने भाग लेकर स्कूल प्रशासन और स्कूल के स्टाफ़ के सहयोग की खूब सराहना की क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन विनोद श्रीवास्तव ने किया और अपने संबोधन जी जज विनोद श्रीवास्तव ने स्कूल प्रशासन और स्कूल स्टॉफ एवं प्रदर्शनी में शामिल सभी बच्चों के उत्तम कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि यह आयोजन समाज में जागृति लाने में मददगार साबित होगी। स्कूल के निगरान मैडम हिना अमजद और अमजद सईद ने कहा कि हमारे लिए फख्र की बात है कि हमारे स्कूल के कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने विज्ञान, शरीर विज्ञान, प्रदूषण, स्वच्छ पेय जल और विकास से संबंधित रचनाएं बनाकर हम सभी को मान सम्मान दिलाया तथा इस क्रॉफ्ट प्रदर्शनी में आए मेहमानों ने सभी बच्चों की रचनाओं को खूब सराहा। इस अवसर पर एड. अज़ीम रज़ा, एड. राहिल रज़ा, लवी अमजद और अरशद आदि सम्मानित मेहमानों ने भी बच्चों के प्रयास की प्रशंसा करते हुए इस आयोजन को समाज हित में सफल और कल्याणकारी आयोजन बताया तथा स्टॉफ एवं स्कूल प्रशासन की खूब तारीफ़ की। यूनाइटेड प्रेस क्लब के अध्यक्ष अहमद रज़ा और जज विनोद श्रीवास्तव ने सुबह 12 बजे इस सफ़ल कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ साथ स्कूल के स्टाफ़ और प्रिंसिपल के कार्यों को एक नज़ीर करार दिया! उल्लेखनीय है कि न्यू इंग्लिश पब्लिक स्कूल हर तीन महीने बाद अपने स्तर से जो भी जन हित और जन कल्याण हेतु कार्य करता है वह सफ़ल ही रहता है आज का आयोजन भी सराहनीय रहा।

## 2027 विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने के लिए बूथ स्तर पर युद्ध स्तर पर कार्यकर्ता करेंगे काम



**अवधनामा संवाददाता**


**लखनऊ।** समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के नेतृत्व में आज लखनऊ में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें अंबेडकर वाहिनी के कार्यकर्ताओं को 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सपा की सरकार बनाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट जाने को कहा गया।

भारती ने कहा कि समाजवादी पार्टी से दलित समाज को बड़े पैमाने पर जोड़ने के लिए वाहिनी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दलित बस्तियों में जाकर दलित समाज को जागरुक कर सपा से जोड़ेंगे और आने वाले 2027 की विधानसभा चुनाव में सपा को वोट व सपोर्ट करने की अपील करेंगे इसी को ध्यान में रखते हुए सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी बूथ स्तर पर संयोजक बनाये जाएंगे। भारती ने कहा कि हर लोकसभा व विधानसभा पर बूथ संयोजक कमेटी बनाकर दलित पिछड़ों को जागरूक करेंगे और विधानसभा पर पीडीए सम्मेलन व संविधान बचाव को और धार दे देंगे आने वाला समय समाजवादी व अंबेडकर वादियों का होगा और समाज के दबे कुचले वंचित पिछड़ों के विकास के लिए समाजवादी पार्टी कार्य करेगी।

यह जानकारी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने दी बैठक में प्रमुख रूप से देवकली प्रसाद पूर्व मंत्री, रामसागर अकेला पूर्व विधायक, राम बाबू सुदर्शन राष्ट्रीय महासचिव, सत्य प्रकाश सोनकर राष्ट्रीय महासचिव, शिव शंकर, राजेंद्र वर्मा, धर्मेंद्र कुमार यादव, ओमवीर, किरण वर्मा सोनू भारती, सत्येंद्र कुमार, प्रेम गौतम आदि।

## आबकारी विभाग ने निरीक्षण किया





**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद तथा पुलिस अधीक्षक, फतेहगढ के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत दिनांक 16/01/2025 को सहायक आबकारी आयुक्त राजेश कुमार चौबे, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -3 मय स्टाफ एवं पुलिस टीम द्वारा फर्रुखाबाद-कन्नौज मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की गई ।तत्पश्चात आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## दिव्यांग अभिनेष को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0वी0के0सिंह की पहल पर दिव्यांग अभिनेष पुत्र श्री द्रगपाल नि0ग्रा0 मोहद्दीनगर, विकास खंड राजेपुर फर्रुखाबाद को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमृतपुर में शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु मुख्यमंत्री अप्रेंटिस योजनान्तर्गत नियुक्ति पत्र जिलाधिकारी द्वारा स्वयं प्रदान किया गया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजवीर सिंह उपस्थित रहे।

## केक काटकर मनाया गया डिम्पल यादव का जन्मदिन



**नगर पंचायत तालग्राम अवधनामा संवाददाता।** सांसद मैनपुरी श्रीमती डिम्पल यादव जी, के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उनका जन्म दिन मनाया गया एवं नगर पंचायत तालग्राम में स्थित मान्यवर श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना में शीत लहर से बचाव हेतु जरूरतमंदों लोगों को कम्बल वितरित किये गये। जिसमें आदरणीय पूर्व छिबरामऊ विधायक अरविन्द सिंह यादव जी एवं चेयरमैन श्री मोहसिन खान (जानू) द्वारा कम्बल किए गये, इस दौरान नगर पंचायत के समस्त सम्मानित सभासदगणों के द्वारा सभी वार्डो में शीत लहर से बचाव हेतु जरूरतमंदों लोगों को कम्बल वितरण किये गये। साथ ही आज इस कार्यक्रम में मौजूद रहे श्री नफीस अहमद, (सागर) व समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष श्री तहसीम खान, जिला पंचायत सदस्य श्री रिपू यादव जी, श्री शिवनाथ सिंह यादव, श्री शाहरुख मंसूरी, श्री सतेंद्र सिंह यादव; (प्रधान) श्री शीश हाजी जी, श्री आसिफ खान, श्री राजू खान, श्री बजरंग सिंह चौहान, आदि लोग मौजूद रहें।

## लाभार्थियों का चयन होगा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कृषि मशीनीकरण इन सीटू मैनेजमेंट योजना के तहत लाभार्थियों का चयन लाटरी सिस्टम से 17 जनवरी को होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक एस0के0उत्तम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन पार्ट-2 एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेज्ड्यू पार्ट-3 योजनान्तर्गत कृषकों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर की गयी बुकिंग के सापेक्ष जनपद स्तर से दिनांक-17 जनवरी 2025 को दोपहर एक बजे विकास भवन, उरई में स्थित रानी लक्ष्मी बाई सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी की देखरेख में ई-लाटरी का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया वह कृषक जिनके द्वारा कृषि विभाग के विभागीय पोर्टल से वित्तीय वर्ष 2024-25 में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन पार्ट-2 एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेज्ड्यू पार्ट-3 योजनान्तर्गत बुकिंग की गयी है वह समस्त कृषक दिनांक 17 जनवरी 2025 को दोपहर एक बजे विकास भवन, उरई में स्थित रानी लक्ष्मी बाई सभागार में उपस्थित रहकर ई-लाटरी प्रक्रिया में भाग लें।

## श्रमिकों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सामाजिक समरसता कार्यक्रम के तहत भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की महिला शाखा द्वारा श्रमिकों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। संरक्षक सुनील गुप्ता के संयोजकत्व में द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख व्यवसायी पंकज अग्रवाल ने श्रमिकों को ऊनी वस्त्र वितरित किए। अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन सेवा, संस्कार, समर्पण, सम्पर्क के कार्यों द्वारा सामाजिक समरसता व व्यक्तित्व विकास के कार्यों हेतु समर्पित है। महिला संयोजिका श्रीमती ऊषा गुप्ता, शशि अग्रवाल, अनीता महेश्वरी, कंचन अग्रवाल अनीता द्विवेदी नीलम गुप्ता साधना श्रीवास्तव सुनीता श्रीवास्तव सचिन पुरवार इन्दु माहेश्वरी आशीष भोले, विनय माहेश्वरी, प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज, सन्तोष सोनी, अरविंद श्रीवास्तव, सन्तोष पोरवाल, अनिल माहेश्वरी, पवन कुमार अग्रवाल, मंगल सिंह चौहान, मनोज बाथम, रमाकांत पुरवार मोहित अग्रवाल, यश गुप्ता आदि के सहयोग से देरशाम तक खिचड़ी वितरण किया गया।

# आस्था, मनोरंजन और रोजगार का संगम बना खिचड़ी मेला





**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर में आयोजित खिचड़ी मेला आस्था, मनोरंजन और रोजगार का संगम बन गया है। यहां बाबा गोरखनाथ का दर्शन कर खिचड़ी चढ़ाने के बाद श्रद्धालु मेले में मनोरंजन कर जरूरी सामानों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। मेले में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक है कि यहां दुकान लगाने वालों का रोजगार-कारोबार उनकी आर्थिकी में अभूतपूर्व वृद्धि कर रहा है।

मकर संक्रांति के दिन मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। बुधवार और गुरुवार को भी समूचा मेला परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा रहा। खिचड़ी मेला महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यहां श्रद्धालुओं से लेकर कारोबारियों तक के लिए सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत के विशेष प्रबंध किए गए हैं। गोरखनाथ मंदिर में इस साल मकर संक्रांति के दिन उमड़ा आस्था का जनसैलाब अभूतपूर्व रहा। इस पावन पर्व पर पंद्रह लाख से अधिक श्रद्धालुओं का मंदिर आना हुआ। श्रद्धा का उफान ऐसा था कि भोर से लेकर शाम तक गोरखनाथ मंदिर आने वाले दो प्रमुख मार्गों (धर्मशाला से और बरगदवा से) पर कुल मिलाकर करीब तीन किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की कतार नहीं टूटी। यह कतार लंबाई में तो थी ही, चौड़ाई में भी पूरे सड़क को कवर किए हुए थी। मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी मेले के दुकानदारों की आर्थिकी में आकाशीय समृद्धि हुई। अनुमान लगाया जा रहा है कि खिचड़ी मेले के दौरान मकर संक्रांति पर प्रति श्रद्धालु द्वारा प्रसाद, फूलमाला, मनोरंजन, नाश्ता और जरूरी सामानों की खरीदारी पर औसतन 300 रुपये

> बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के साथ जमकर मनोरंजन और खरीदारी कर रहे हैं श्रद्धालु

ही खर्च किए गए हों तो गुरु गोरखनाथ के प्रति उमड़ी श्रद्धा ने एक दिन में ही 45 करोड़ रुपये की आर्थिक गतिविधियों को गति दी। मेला प्रबंधक शिव शंकर उपाध्याय बताते हैं कि खिचड़ी मेले में आने वाले दुकानदारों का कारोबार प्रतिवर्ष बहुत ही अच्छा होता है और इस बार इसमें और भी अप्रत्याशित वृद्धि होती दिख रही है। मेले में करीब छह सौ दुकानें सजी हैं। दुकान लगाने वाले 90 प्रतिशत कारोबारी प्रदेश के अन्य जिलों या अन्य राज्यों से हैं। यहां राजस्थान, दिल्ली कोलकाता के अलावा प्रदेश के मुरादाबाद, सहारनपुर, इटावा, बुलंदशहर आदि जिलों से बड़ी संख्या में कारोबारियों ने दुकानें लगाई हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 26 जनवरी के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में 26 जनवरी 2025 के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 26 जनवरी को आयोजित किये जाने बाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में निर्णय हुआ कि सुबह 07 बजे स्टेडियम से कैंट में फायरिंग रेंज तक 05 किमी0 की क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित की जायेगी। सुबह 08:30 सभी सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया जायेगा। 09ः30 बजे पुलिस लाइन में परेड का आयोजन होगा, 10 बजे सभी शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जायेगा सुबह 10:30 बजे स्टेडियम से वड़ा चौराहा, कोतवाली एम0आई0सी0 इंटर कालेज होते हुये स्टेडियम तक रुट मार्च होगा। सुबह 11 बजे लोहिया अस्पताल में जिलाधिकारी द्वारा मरीजो को फल वितरण किया जाएगा,सुबह 11 से 12 बजे तक कुष्ठ आश्रम में रोगियों को फल वितरण किया जायेगा, दोपहर12 बजे जिला व केंद्रीय कारागार में फल वितरण होगा।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी नगर पालिका/नगर पंचायत अपने क्षेत्र में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई रंग रोगन करा कर उन पर रोशनी व माल्यार्पण की व्यवस्था करे,सभी सरकारी कार्यालयों में साफ सफाई कराकर 25/26 की रात लाइटिंग की व्यवस्था की जाये व प्रोटोकॉल के अनुसार ध्वजारोहण किया जाये, हर नगर पालिका/पंचायत मलिन बस्तियों में साफ सफाई कराये, सभी शिक्षण संस्थाओं में सरदार बल्लभ भाई पटेल व अटल बिहारी बाजपेई जी की जीवनी व उपलब्धियो पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाये,मेला श्री राम नगरिया में 26 की शाम को देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार, जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद व जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मजबूत हुई देश की इकोनॉमीः रश्मि सिंह

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और अमेठी पब्लिक स्कूल की प्रबंध निदेशक रश्मि सिंह ने गुरुवार को स्टाफ बैठक कर स्कूल की शैक्षिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अध्यापक अध्यापिकाओं को हर बच्चे की शिक्षा और सीखने के स्तर पर नजर रखने के निर्देश दिए। रश्मि सिंह ने खेल और नृत्य संगीत के बच्चों से अलग से मुलाकात की। रश्मि सिंह ने प्रिंसिपल कविता सिंह को स्कूल में प्रयुक्त वाहनों के चालकों के साथ बैठक करके उन्हें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के बारे में जागरूक करने और यातायात के नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन कराने के भी निर्देश दिए। बैठक के बाद बातचीत में रश्मि सिंह ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का ऐतिहासिक आयोजन भारत वासियों के लिए गौरव का विषय है।144 साल बाद हो रहे इस आयोजन ने भारत को आध्यात्मिक गुरु राष्ट्र बना दिया है। देश विदेश के करोड़ों लोग संगम स्नान कर रहे हैं। धर्म, अध्यात्म और पर्यटन के क्षेत्र में भारत दुनिया का अंग्रणी राष्ट्र बन गया है।

# गोरखपुर महोत्सव का हुआ भव्य समापन

### क्षेत्रीय कलाकारों और खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर महोत्सव का आज भव्य समापन हो गया। 10 जनवरी से शुरू हुए इस महोत्सव में क्षेत्रीय कलाकारों और खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से महोत्सव को यादगार बना दिया। महोत्सव के दौरान कला, खेल और संस्कृति से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय कलाकारों और खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना था। इस दौरान लोकगीत, नृत्य, नाटक, पेंटिंग, शिल्पकला और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने गोरखपुर महोत्सव की व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की। उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसा आयोजन क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का एक बेहतरीन प्रयास है। समापन समारोह में स्थानीय अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने कलाकारों और खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया और इस महोत्सव को गोरखपुर की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने वाला आयोजन बताया। गोरखपुर महोत्सव के समापन के साथ ही क्षेत्रीय कलाकारों और दर्शकों के दिलों में इसे लेकर खास यादें बस गई हैं। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए वादा किया कि अगले साल यह आयोजन और भी भव्य तरीके से किया जाएगा।

## अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री द्वारा निर्मित सीसी सड़क का डीएम ने किया लोकार्पण



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट टांडा सीमेंट वर्क्स द्वारा कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत तहसील टांडा क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्रामसभा बिहरा व ग्रामसभा हूंसेपुर में नवनिर्मित सी.सी. रोड का लोकार्पण किया ।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी टांडा डॉ शशि शेखर, क्षेत्राधिकारी टांडा शुभम कुमार तथा अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## चेकिंग के दौरान पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के साथ दो अन्य साथियों को किया गिरफ्तार, तीन बाइकें बरामद



**अमेठी /गौरीगंज अवधनामा संवाददाता।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर और पंजीकृत गैंग के सरगना के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को मुख्य अभियुक्त राजेश अग्रहरि माधवपुर व उसके साथी मोहम्मद एजाज कटरा लालगंज की गिरफ्तारी के दौरान अपराधियों से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। इसके अलावा, उनकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से दो और चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। पुलिस ने बताया कि राजेश अग्रहरि जिले का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जो एक अपराधिक गैंग का संचालन करता है। उस पर विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों अपराधियों के खिलाफ धारा 317(2), 317(4), 318, 438, 336, 340 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तीन मार्गों पर पेड़ों पर लगवाए गए दो हजार ट्री प्लेट

**अमेठी/तिलोई अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत



लोक निर्माण विभाग की ओर से मुख्य मार्गों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं मुख्य मार्गों पर सफेद पेंटिंग और पेड़ों पर ट्री प्लेट लगवाने का काम भी शुरू हो गया है। गुरुवार को निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने अवर अभियंताओं और ठेकेदारों से वर्चुअल मीटिंग कर प्रगति की समीक्षा की। सेमरौता -कठौरा मार्ग, महाराजगंज -, इन्हौना मार्ग,जायस मोहन गंज इन्हौना रूदौली मार्ग पर लगभग 75किमी लम्बाई में रिफ्लेक्टर और ट्री प्लेट लगाने का काम पूरा हो गया है ।अब तक 2000ट्री प्लेट लगवाए जा चुके हैं।

# डीएम ने की सौ दिवसीय टीबी अभियान की समीक्षा एकीकृत टीबी कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया





**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** क्षयरोगियों की पहचान कर उनके निःशुल्क इलाज की व्यवस्था को सौ दिवसीय टीबी अभियान जारी है। गुरुवार को जिला अधिकारी निशा अनंत एकीकृत टीबी कंट्रोल सेंटर पहुंचकर प्रगति की जानकारी ली। डी एम ने सी एम ओ को क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत इलाज के अधीन चल रहे मरीजों का फ़ीड बैक लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंशुमान सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी दीपक कुमार को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान ज्यादा से ज्यादा उच्च जोखिम वाली जनसंख्या, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, पुराने टीबी रोगी, टीबी मरीज के साथ रहने वाले व्यक्ति, डायबिटीज के व्यक्ति, नशा (धूम्रपान व शराब) करने वाले व्यक्ति, एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति की स्क्रीनिंग कराई जाए तथा उनका चेस्ट एक्स-रे एवं बलगम की जांच कराई जाए। समस्त निजी चिकित्सालय/नर्सिंग होम को इस अभियान में जोड़कर अधिकतम व्यक्तियों की जांच एवं एक्स-रे कराए जाने एवं निक्षय मित्र बनाकर टीबी रोगियों को गोद लिए जाने के लिए प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने समस्त आम जनमानस से आग्रह किया है कि उक्त अभियान के तहत अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, निक्षय शिविर में पहुंचकर स्वयं अथवा अपने परिजन की जांच कराएं एवं निक्षय मित्र बनकर टीबी धनात्मक रोगियों को पोषण पोटली देकर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराते हुए उन्हें भावनात्मक सहयोग प्रदान करें। समस्त जनमानस के सहयोग से जनपद अमेठी को टीबी मुक्त बनाए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## जिले भर में 24-26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में 24 से 26 जनवरी तक जिले भर में उत्तर प्रदेश दिवस को पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आहूत की गई। डीएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य का स्थापना दिवस 24 जनवरी को वर्ष 2018 से निरन्तर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने त्रिदिवसीय (24-26 जनवरी) आयोजन में समस्त विभागों को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। ''उत्तर प्रदेश दिवस'' आयोजन की मुख्य थीम ''विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश'' है।

डीएम ने कहा कि इस वर्ष ''उत्तर प्रदेश दिवस'' पर जिला स्तरीय आयोजन कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में आयोजित किया जायेगा, जिसके लिए पंचायती राज विभाग को नोडल बनाया गया है। कार्यक्रम में निवेश एवं रोजगार, एमएसएमई, स्वयं सहायता समूहों, कृषि, स्वास्थ्य, उद्यान, पशुपालन एवं अन्य विभागों के उत्पादों व योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। समारोह में नवीन कृषि तकनीकों पर आधारित प्रदर्शनी के अतिरिक्त मिलेट्स (मोटे अनाज) से बने खाद्य पदार्थो को भी प्रदर्शित किया जायेगा। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित करने एवं प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित सेमीनार, परिचर्चा का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कृत किया जाए। सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को सभी विकास खण्डों एवं 25 जनवरी को जिलास्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा।

# 11 वर्षों से फरार 25000 का इनामी बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** 11 वर्षों से फरार 25000/-रु0 के इनामी अभियुक्त को थाना टप्पल पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने 11 वर्ष पूर्व थाना टप्पल क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाना एवं उसके साथ बलात्कार की घटना को दिया था अंजाम। अभियुक्त द्वारा वर्ष 2014 में थाना टप्पल क्षेत्र से वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाना व उसके साथ बलात्कार करने के सम्बन्ध में अभियुक्तगण 1.उदयवीर सिंह उर्फ बौना पुत्र बंगाली 2.जगवीर उर्फ गोली पुत्र रामस्वरुप निवासीगण ग्राम पीपली थाना टप्पल जनपद अलीगढ़ के विरुद्द मु0अ0सं0- 210/2014 धारा 363/366/376डी/506 भादवि0 व ङ पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कराया गया था। जिसमें अभियुक्त उदयवीर उर्फ बौना उपरोक्त को दिनांक 10.07.2014 को जेल भेजा जा चुका है तथा घटना के समय से ही अभियुक्त जगवीर उर्फ गोली उपरोक्त बदस्तूर फरार चल रहा था, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 25000 /- रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। उक्त प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अलीगढ़ संजीव सुमन द्वारा टीमें गठित कर फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के कड़े निर्देश जारी किये गये थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अलीगढ़ जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुक्रम में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी खैर वरुण सिंह के पर्यवेक्षण में थाना टप्पल पुलिस टीम द्वारा कड़ी पतारसी-सुरागरसी करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0- 210/2014 धारा 363/366/376डी/506 भादवि व ङ पॉक्सो एक्ट में 11 वर्ष से ईनामियां वाँछित चल रहे अभियुक्त जगवीर उर्फ गोली पुत्र रामस्वरुप निवासी ग्राम पीपली थाना टप्पल जनपद अलीगढ़ को बुद्ध वाजार वाली गली के पास नरेला दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त अपनी पहचान छुपाकर अलीपुर, नरेला व दिल्ली के आस-पास के इलाकों में लेवर मिस्त्री की मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा था।

## तहसील सलोन में तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा नीलामी 30 व 31 जनवरी को

**रायबरेली।** उप जिलाधिकारी सलोन मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि तहसील सलोन जनपद रायबरेली के अन्तर्गत पड़ने वाले राजस्व ग्रामों के तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा नीलामी किये जाने हेतु 30 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक मत्स्य पालन पट्टा नीलामी शिविर का आयोजन तहसील सलोन के सभागार में किया जायेगा। जिसमें इच्छुक पात्र व्यक्तियों के प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक आवेदन पत्र लिये जायेंगे तथा 01 बजे के बाद नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। तालाबों की नीलामी हेतु नायब तहसीलदार सलोन को नीलाम अधिकारी नियुक्त किया गया है। तालाबों की नीलामी के सम्बन्ध में उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 के नियम 57 व 58 द्वारा की जाएगी जो तहसील मुख्यालय / राजस्व परिषद की वेबसाइट https://bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।

# यूरोलॉजी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के इलाज के लिए ओपीडी सेवा समर्पित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के यूरोलॉजी,एंड्रोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट और रोबोटिक यूरो-ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर, डॉ. राहुल यादव ने अयोध्या में यूरोलॉजी आउट पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की अयोध्या स्थित देवा हॉस्पिटल के सहयोग से शुरू की गई है।इस नए ओपीडी सुविधा का उद्देश्य अयोध्या और इसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों को यूरोलॉजिकल समस्याओं के लिए विशेषज्ञ देखभाल और उपचार प्रदान करना है। डॉ. राहुल यादव ने बताया कि वह हर महीने के तीसरे गुरुवार को सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक ओपीडी में मौजूद रहेंगे, ताकि मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकें।डॉ. राहुल यादव ने कहा, ÷हमारा मुख्य उद्देश्य यह है कि अयोध्या और आस-पास के क्षेत्रों के लोग अपनी यूरोलॉजिकल समस्याओं के इलाज के लिए दूर-दूर तक न जाएं। यहां तक कि गंभीर और जटिल मामलों के लिए भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों, जिससे मरीजों को समय पर और प्रभावी उपचार मिल सके।÷इस ओपीडी सेवा में यूरोलॉजी से जुड़ी सभी समस्याओं का इलाज किया जाएगा, जिसमें किडनी स्टोन, यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन , प्रोस्टेट समस्याएं, इरेक्टाइल डिसफंक्शन और अन्य पुरुष स्वास्थ्य विकार शामिल हैं। इसके साथ ही, यह सेवा पेनाइल शॉक वेव थेरेपी, पीआरपी (प्लेटलेट रिच प्लाज्मा) उपचार जैसी नवीनतम तकनीकों का भी उपयोग करेगी, जो पुरुष यौन स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रभावी मानी जाती हैं।

डॉ. राहुल यादव यूरोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट, रोबोटिक सर्जरी और यूरो-ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखते हैं और उनके नेतृत्व में इस ओपीडी सेवा से अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा सहायता मिलेगी।मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ की यह पहल अयोध्या में यूरोलॉजी सेवाओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सेवा के माध्यम से न केवल स्थानीय मरीजों को लाभ मिलेगा।

## भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान ने दाखिल किया नामांकन, भाजपा नेताओं ने जताया विश्वास

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान ने आज बृहस्पतिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही समेत कई मंत्री और भाजपा के प्रमुख नेता मौजूद रहे। चन्द्रभानु पासवान ने नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत पहले दो सेट में पूर्व सांसद लल्लू सिंह के साथ की, इसके बाद दो सेटों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के साथ नामांकन किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के सात मंत्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता और अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यूपी सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए दावा किया कि भाजपा मिल्कीपुर उपचुनाव में अपार जीत हासिल करेगी और कमल का फूल सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए खिलेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस संविधान और कानून के मुद्दे पर पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी हैं, और इन दोनों दलों ने हमेशा संविधान और कानून के खिलाफ काम किया है।

सूर्य प्रताप शाही ने विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश पर आपातकाल थोपा और सपा ने मुलायम सिंह यादव को जेल भेजने वाली कांग्रेस का समर्थन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल अब अफवाहों का सहारा ले रहे हैं, लेकिन जनता अब उनके झांसे में नहीं आने वाली है। शाही ने विश्वास जताया कि जनता भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी, क्योंकि भाजपा ने हमेशा जनता के हक में काम किया है और सरकारी खजाने का दुरुपयोग नहीं किया है।इस मौके पर भाजपा के नेताओं ने चुनावी प्रचार में जुटने का संकल्प लिया और मिल्कीपुर क्षेत्र में भाजपा की विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय रूप से चुनावी अभियान में भाग लेने की अपील की।

# तीर्थयात्रियों को मिलेगी मदद, युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के दरवाजे

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारत के प्रमुख ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म ईजमाईट्रिप ने अपनी आध्यात्मिक पर्यटन पहल ईज़ीदर्शन के तहत अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के साथ भागीदारी की है। इस पहल के तहत अयोध्या के अरुंधति पार्किंग में तीर्थ यात्री सेवा बूथ का उद्घाटन किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। तीर्थ यात्री सेवा बूथ को रणनीतिक रूप से इस तरह स्थापित किया गया है, ताकि रामलला मंदिर और अयोध्या के अन्य धार्मिक स्थलों पर आने वाले तीर्थयात्रियों को मार्गदर्शन और सहायता मिल सके। इस केंद्र के खुलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वप्रिय नगरी में श्रद्धालुओं को अब बड़ी मदद मिलेगी।ईज़ीदर्शन, ईज माई ट्रिप का आध्यात्मिक पर्यटन वर्टिकल, यह सुनिश्चित करेगा कि तीर्थयात्रियों को सभी जरूरी सेवाएं आसानी से और सुगमता से मिले। इस पहल का मकसद तीर्थयात्रियों के अनुभव को अधिक यादगार और सुविधाजनक बनाना है। इस पहल का एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाना है। बूथ के संचालन के लिए अयोध्या और आसपास के इलाकों के युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। ये युवा तीर्थ सेवक कहलाएंगे और तीर्थयात्रियों को अयोध्या के धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी देंगे। यह पहल न केवल तीर्थयात्रियों के अनुभव को समृद्ध बनाएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगी। प्रशिक्षित तीर्थ सेवक÷ न केवल आगंतुकों का मार्गदर्शन करेंगे, बल्कि उन्हें अयोध्या के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को समझने में भी मदद करेंगे। ईज माई ट्रिप और अयोध्या विकास प्राधिकरण की यह साझेदारी पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए सार्थक रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईज माई ट्रिप के सीईओ और को-फाउंडर रिकांत पिट्टी ने कहा, हमने तीर्थ यात्री सेवा बूथ इस उद्देश्य से स्थापित किया है कि भक्तों की तीर्थयात्रा अधिक सरल, सुखद और तनावमुक्त हो। तीर्थयात्रा एक गहरा व्यक्तिगत और आध्यात्मिक अनुभव है। बूथ पर तीर्थयात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इनमें रामलला मंदिर की विस्तृत जानकारी, दर्शन के लिए आसान बुकिंग, विशेष आरती की व्यवस्था, और व्हीलचेयर की सुविधा शामिल हैं। ईज़ीदर्शन यह सुनिश्चित करेगा कि बूथ के कर्मचारी तीर्थयात्रियों को सटीक और उपयोगी जानकारी देने के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित और जानकार हों। इस तरह यह बूथ आगंतुकों के लिए एक भरोसेमंद सहायता केंद्र बनेगा।

## जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ने गरीबो को नए व पुराने कपड़े दान अभियान चलाया



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बाराबंकी के सोशल एंड एनवायर्नमेंटल क्लब द्वारा ज़रूरतमंद बेसहारा लोगो के लिए नए व पुराने कपडे दान करने के अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अकादमिक हेड डॉ ऐ के मिश्रा ने कहा कि यह पहल केवल कपड़े दान तक सीमित नहीं रहती बल्कि इससे इंसानियत सेवा और सहयोग की भावना भी उजागर होती है। ऐसे आयोजन न केवल सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं बल्कि जरूरतमंदों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम भी बनते हैं। रजिस्ट्रार डॉ मसर्रत अली खान ने विनोद बिहारी मिश्रा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एंड डिस्ट्रिक्ट रैंप कोऑर्डिनेटर और संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी अब्दुल नावेद के सहयोग एवं सोशल एंड एनवायर्नमेंटल क्लब की हेड मिस अलफिशा खान समेत सभी शिक्षकों कर्मचारियों एवं छात्रों के समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अभियान में सभी शिक्षकों और छात्रों के भरपूर समर्थन से कपडे टोपी स्वेटर मफलर कम्बल इत्यादी गर्म कपड़ो को एकत्र करने के बाद जहांगीराबाद और देवां क्षेत्र के ज़रूरतमंद लोगो में वितरित किया गया।

# चुनाव राष्ट्रवादियों और परिवारवादियों के बीच है : भूपेन्द्र सिंह चौधरी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के नामांकन सभा में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विपक्ष पर परिवारवाद व नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राष्ट्रवादियों और परिवारवादियों के बीच है। भाजपा ने एक सामान्य कार्यकर्ता चन्द्रभानु पासवान को प्रत्याशी बनाया है। समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं के बयानों में छाए रहने वाले इस क्षेत्र के सांसद के सुपुत्र को सपा ने प्रत्याशी बनाया है। यह लोग परिवारवादी, जातिवादी है। इस चुनाव के माध्यम से हमें एक संदेश देना है कि भ्रम और झूठ की राजनीति करने वालों को मिल्कीपुर, अयोध्या तथा प्रदेश की जनता ने सबक सिखाने का मन बनाया है। उन्होंने कहा कि झूठ और फरेब की राजनीति, लोगों को गुमराह करने वालों का जनता ने पर्दाफाश कर दिया है। उनके लिए कोई स्थान नहीं



बचा है। पूरा देश योगी और मोदी के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा हमें विपक्ष और परिवारवादियों को बेनकाब करना है। तथा जिन्होंने अयोध्या और देश की विरासत, परम्परा को आगे लाने का कार्य किया है। उनका साथ देना है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले मोदी और लगभग साढ़े सात वर्ष पूर्व योगी आदित्यनाथ को जनता ने सेवा करने का अवसर दिया। 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार ने गुण्डागर्दी, अराजकता, झिनैती, माफियाराज, भ्रष्टाचार प्रदेश की शासन व्यवस्था को खोखला करने का काम किया। हमारी सरकार बिजली, पानी सड़क शिक्षा स्वास्थ्य गरीब कल्याण के लिए, उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए बिना किसी भेद भाव के कार्य कर रही है। सपा सरकार के समय सब जानते थे कि सरकारी योजनाओं में किस प्रकार के भेदभाव होते थे। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी सरकार ने अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए बिना भेद-भाव कार्य किया है। पूर्व की सरकार समाज के विशेष वर्ग को पोषित करने के लिए कार्य करती थी। योगी सरकार में सबको साथ लेकर चलने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने का कार्य किया है।

## केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**अयोध्या।** वैदिक मंत्रोच्चार, हवन पूजन के मध्य मिल्कीपुर चुनाव के केन्द्रीय कार्यालय का उद्घाटन मिल्कीपुर डीली गिरधर में किया गया है। राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु तथा पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पाण्डेय ने पूजन किया। इस दौरान मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, रामचन्दर यादव, अमित सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्र, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, सुनील तिवारी शास्त्री, राघवेन्द्र पाण्डेय, मिण्टू प्रधान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वरिष्ठ चिकित्सक को मातृशोक, शोक सभा का आयोजन

**महराजगंज(सिसवा बाजार)।** सिसवा कस्बे के गांधीनगर सिसवा खुर्द अमडीहा वार्ड निवासी वरिष्ठ चिकित्सक के माता के निधन पर नगर के लोगों ने शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अरुण चौबे व डॉ संतोष चौबे की माता सावित्री देवी का 84 वर्ष की उम्र में बुधवार की रात में निधन हो गया। जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को उनके पैतृक निवास कुशीनगर जनपद अंतर्गत पडरौना-कसया रोड के मध्य स्थित साखोपार गांव में किया गया। उनके निधन पर सिसवा नगर सहित क्षेत्र के डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ इमरान अहमद, डॉ संदीप कुशवाहा, डॉ पंकज तिवारी, पूर्व प्रधानाचार्य मदन पांडेय, धीरज तिवारी, अरुण कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, उमेश कुमार, लालबाबू मोदनवाल, पत्रकार प्रताप नारायण जायसवाल, गुफरान अहमद, बलराम मिश्रा, ओंकार कसेरा, विकास कुमार रौनियार, सुनील कुमार पाठक, दिनेश कुमार यादव, कुंदन प्रताप सिंह, राजेश वैश्य, मनोज कुमार जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, इनामुल्लाह सिद्दीकी, स्तूत पाठक, शुभम खरवार सहित क्षेत्र के अन्य लोगों ने शोकसभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### सीमा जागरण मंच द्वारा लोगों को किया गया जागरूक

**निचलौल ( महराजगंज)।** ठूठीबारी सीमा से सटे ठूठीबारी क्षेत्र में स्थित टोला मरचहवा में सीमा जागरण मंच द्वारा सभी ग्रामवासियों को समरसता के प्रति जागरूक कर सहभोज कार्यक्रम किया गया। जिसमे जिला सेवा शिक्षण प्रमुख शिवचरण बर्मा,जिला सह शारीरिक प्रमुख रणजीत , खंड कार्यवाह हृदेश बर्मा ,खंड शारीरिक प्रमुख नीरज सोनी , मंडल कार्यवाह नितेश , शाखा कार्यवाह कृष्णमोहन रौनियार, जगदीश कुशवाहा, इंटू सिंह, गिरिजेश, बमबम, अरुण आदि लोग मौजूद रहे।

## 20 जनवरी को आयेंगे प्रदेश मंत्री सुरेश, रूप रेखा तैयार

**जैदपुर बाराबंकी।** बरायन गांव में प्रभारी मंत्री के आगमन से पूर्व विभिन्न योजनाओं के संबंध में लगाया गया कैंप, बीएसए सहित अन्य अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जानकारी के अनुसार हरख ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत बरायन गांव में आगामी 20 जनवरी को जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश राही के आगमन को लेकर सभी प्रकार से तैयारी पूरी की जा रही है। जिसको लेकर कैंप लगाकर सभी प्रकार की पेंशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जायजा लेते हुए पात्रों को लाभ दिया गया। वही इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी निरीक्षण करके स्थिति का जायजा लिया है।

# अज्ञात चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना, लाखो की चोरी



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** राजापुर के सफदरगंज थाना क्षेत्र में बुधवार की रात चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाकर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। राम सजीवन वर्मा मार्केट स्थित राज इंटरप्राइजेज और कृष्णा इंटरप्राइजेज की दुकानों के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। राज इंटरप्राइजेज के मालिक संतोष की दुकान से चोर 47 बोरी सरसों10 बोरी चावल10 बोरी धान और 10 बोरी खरी ले गए, जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है। वहीं, पास में स्थित कृष्णा इंटरप्राइजेज के मालिक अजय सिंह वर्मा की दुकान से चोरों ने 40 बोरी डीएपी, 10 बोरी यूरिया, विद्युत उपकरण, इन्वर्टर, बैटरी और 20 बोरी धान चुरा लिया। थाना प्रभारी? को घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी सुधीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि चोरों की धरपकड़ के लिए टीमें लगाई गई हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मस्जिद पच्दरी में महफ़िल आयोजन किया गया

**जैदपुर बाराबंकी।** हजरत मौला अली के विलादत को लेकर मस्जिद पच्दरी में एक महफ़िल का आयोजन किया गया। जहां मौके पर पहुंचे पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद व? सहयोगियों की मौजूदगी में शीरीनी का वितरण होता रहा।बुधवार की रात को कस्बे की पच्दरी मस्जिद में हजरत मौला अली की विलादत के मद्देनजर विभिन्न प्रकार के पकवानों का स्टाल लगाया गया। साथ?? ही मस्जिद को तमाम लाईटों से सजाकर रोशनी की गयी। इस मौके पर चेयरमैन रियाज़ अहमद, हैदर रिजवी, गुलफाम रिजवी, बिजात, जेगम अब्बास, मक्की मियां हसम मेहंदी, अबु तुराब रजा आमिर फरमान सिद्दीकी, अरमान सहजी रिजवी, जैदपुरी ताहा तुराब आदि लोग मौजूद थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लगा हैण्ड पम्प हुआ बीमार, मरीज परेशान



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के कोटवा धाम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इण्डिया यार्का टू हैण्ड पम्प दो लगे हुए हैं दोनो छः माह से अधिक समय से बीमार पडे हुए हैं।जिसके चलते मरीज व स्वास्थ्य कर्मी बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। बताते चलें कि विकास खण्ड दरियाबाद की ग्राम पंचायत अरियामऊ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आता है जो कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवाधाम, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मथुरा नगर दरियाबाद से संचालित है। छः माह पूर्व अस्पताल परिसर में वार्ड का निर्माण कराया जा रहा था। उस समय इंण्डिया यार्का टू हैण्ड पम्प में टुल्लू बंधवा कर पानी निकाला गया जिसमें एक हैंण्ड पम्प खराब हो गया अखबार ने दो बार चित्र सहित खबर प्रकाशित की तब ग्राम पंचायत ने दूसरे हैंण्ड पम्प को रिबोर कराया जो सफल नहीं हो सका। अस्पताल में आने वाले मरीज तीमारदार एंव स्वास्थ्य कर्मी बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। वहीं सात आठ वर्ष पूर्व कोटवा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से बनवायी गयी पानी टंकी शोपीस बन कर खडी हुई है। दूसरी पानी टंकी अरियामऊ में सड़कें खुदवाकर पाइप लाइन डलवा दी गई है छः माह से पाइप लाइन की तरफ लोग ताकते रहते हैं। बताते चलें श्रीकोटवाधाम जिले का सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल है।जंहा पन्द्रह से बीस हजार लोगों का प्रतिदिन आवागमन रहता है।

## सेखुई में श्री राम चन्द्र मानस महायज्ञ की निकली कलश यात्रा



**महराजगंज (मिठौरा)।** विकास खण्ड मिठौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेखुई में आयोजित नव दिवसीय श्री राम चन्द्र मानस महायज्ञ गुरुवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया । यह कलश शोभा यात्रा माँ काली मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप से प्रारम्भ होकर गाँव की देवी - देवताओं की परिक्रमा करते हुए माँ छठ मन्दिर से माँ का दर्शन कर प्राचीन शिव मन्दिर पहुंचा। जहां महादेव का आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ा । फिर बेलवाडाड़ी,मदनपुरा कुटी,रुद्रौली होते हुए दमकी पुल पर कलश यात्रा पहुंची । जहाँ वैदिक मन्त्रो के बीच कलश में जल भरा गया ।

इसके उपरांत यह कलश यात्रा मन्दिर परिसर स्थित यज्ञ स्थल पहुंची । फिर यज्ञ मंडप में वैदिक मन्त्रो के द्वारा विधि विधान से कलशों को स्थापित कराया गया और इसके साथ ही यह महायज्ञ शुरु हो गया । कन्याएं अपने सिर पर कलश लिए चल रही थीं। जो आकर्षण का केंद्र रहीं । कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला - पुरुष श्रद्धालु जय श्री राम के जयघोष करते हुए चल रहे थे । जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया । जहाँ भक्तिभाव से सराबोर युवा डीजे के भक्ति धुन पर थिरक रहे थे। इस यज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित सम्पूर्णानन्द पान्डेय हैं । इस महायज्ञ में दिन व रात के वक्त रामलीला का भी मंचन किया जायेगा । जो भक्त जनों को राम मंचन कार्यक्रम का रसपान कराएंगे । इस कलश यात्रा में यज्ञ समिति के संरक्षक मनोज शुक्ल शक्ति शिवम पांडेय तथा अध्यक्ष ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम बदन पटेल , शशिकान्त पाण्डेय,प्रेमसागर चौधरी,आनन्द पांडेय, रामप्रसाद पटेल, मनीष शर्मा,सुरेश वर्मा, लक्की मिश्रा,अलोक चौधरी, नित्यानन्द पाठक,सत्राजीत,महेन्द्र भारती,दयानन्द चौधरी, विपिन मिश्रा, शैलेंद्र दूबे , संतोष चौधरी कुलदीप चौधरी,मंजेश गुप्ता सहित अन्य ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया ।

### दवा की दुकान में छापेमारी कर सैंपल किया एकत्रित

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के बोदना गांव में ड्रग्स इंस्पेक्टर महाराजगंज दिव्यप्रकाश मौर्य व ड्रग्स इंस्पेक्टर गोरख पर राहुल कुमार के नेतृत्व में प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार व लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव सहित भारी फोर्स की के मौजूदगी में एक दवा की दुकान पर छापेमारी की गई, जिससे हड़कंप मच गया।

जिसके बाद ड्रग्स विभाग टीम द्वारा दुकान में मौजूद तमाम दवाओं को जांच के लिए कोतवाली लाया गया साथ ही दवाओं का सेंपल जांच के भेजने की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे ड्रग्स इंस्पेक्टर दिव्य प्रकाश मौर्य ने बताया कि करीब 12 वर्ष से बिना लाइसेंस, बिना फार्मासिस्ट डिग्री के बोदना गांव में एक व्यक्ति द्वारा दवा का दुकान चलाया रहा था। दुकान पर भारी फोर्स की मौजूदगी में छापेमारी कर तमाम दवा बरामद किया गया है। इस बाबत प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार ने बताया गिरफ्तार व्यक्ति को शांति भंग में चालान कर दिया है।

### युवा उद्यमियों को 5 लाख तक का मिलेगा ऋण

**महराजगंज।** सूक्ष्म, लघु उद्योगों को बढ़ावा देने और रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष की आयु के ऐसे युवा, जिन्होंने कक्षा 8 पास की है और कौशल प्रमाणपत्र प्राप्त किया है, 5 लाख रुपये तक की परियोजनाओं के लिए ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना से संबंधित जानकारी देने के लिए 18 जनवरी 2025 को दोपहर 1 बजे विकास भवन में कार्यशाला आयोजित की जाएगी। सभी युवा उद्यमियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें। योजना में आवेदन के लिए प्रशिक्षण प्रमाणपत्र अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग केंद्र, महराजगंज ने युवाओं से समय पर आवेदन करने का आग्रह किया है।

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का पुतला जलाने को लेकर पुलिस और एनयूससआई कार्यकर्ताओं में हुई जमकर धक्कामुक्की



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** में पुलिस और एन एस यू आई के कार्यकर्ताओं के बीच हुई जमकर धक्का मुक्की ।एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रफी उल हसन के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के विवादित बयान का विरोध किया। बड़ी संख्या में ठ्ठ्यह्वद्व के कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एकत्रित होकर मोहन भागवत का पुतला लेकर नारेबाजी की और पुतला जलाने का प्रयास किया। ठ्ठ्यह्वद्व के कार्यकर्ता जैसे ही पार्टी कार्यालय से बाहर निकले वैसे ही बाहर भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने चारो तरफ से उन्हें घेर लिया और पुतला जबरन छीनने का प्रयास किया । जिस वजह से पुलिस और nsui कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई।आखिर में पुलिस ने मोहन भागवत के पुतले को जबरन छीनकर अपनी गाड़ी में रख लिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रत्युष मिश्रा, महानगर अध्यक्ष अनुभव कटारिया,मोहसिन खान, आशीष तिवारी, सुमित सिंह, परवेज अहमद, अनिल कुमार, राहिल अंसारी, रूपम दीक्षित, राम सिंह, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आठवें वेतन आयोग की घोषणा पर शिक्षकों और कर्मचारियों में खुशी की लहर

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन की स्वीकृति की घोषणा के बाद जिले के शिक्षकों और कर्मचारियों में हर्षोल्लास का माहौल है।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, शैक्षिक महासंघ, उर्दू शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक निर्णय का जश्न मनाया और प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया।शिक्षकों का कहना है कि वेतन आयोग के गठन को लेकर लंबे समय से असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। पहले सरकार द्वारा इस पर निर्णय टालते रहने से निराशा बढ़ रही थी। लेकिन प्रधानमंत्री द्वारा अचानक इसकी स्वीकृति की घोषणा ने शिक्षकों और कर्मचारियों को विशेष खुशी दी है। इस खुशी के मौके पर आयोजित



कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, अंकुर त्रिपाठी, अवधेश मैथिल, उपेन्द्र गुप्ता, अनिरुद्ध वर्मा, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मगरे लाल, जिला मंत्री विश्राम सिंह, संदीप मिश्रा, और उर्दू शिक्षक संघ के अनीस अहमद, परवेज आलम, इमरान सईद, भुवनेश्वर गुप्ता, और नरेन्द्र जयसवाल समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।शिक्षकों और कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस फैसले की सराहना की और इसे कर्मचारियों और शिक्षकों के हित में लिया गया ऐतिहासिक कदम बताया। इस घोषणा के बाद शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच उत्साह का माहौल है, जो लंबे समय से इस फैसले का इंतजार कर रहे थे।

## रोजगार मेले का आयोजन आज

**महराजगंज।** जिला सेवायोजन कार्यालय महराजगंज के प्रांगण में 17 जनवरी शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी। मेले में कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा 400 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। चयन के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आई.टी.आई. और आयु 19 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति व एक छायाप्रति के साथ प्रातः 10ः30 बजे तक जिला सेवायोजन कार्यालय, रैन बसेरा नं. 2, बिस्मिल नगर में उपस्थित होना अनिवार्य है। यह भी सूचित किया गया है कि इस आयोजन के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों से समय पर उपस्थिति की अपील की गई है।

# समरसता भोज का हुआ आयोजन, भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में राप्ती नदी तट स्थित छठ स्थल पर हिन्दू समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। गुरुवार को समरसता भोज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डुमरियागंज व प्रभारी हियुवा उप्र राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सहभोज के आयोजन से भेदभाव, छुआछूत जैसी कुरीतियों का सफाया होता हैं, समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं समरसता बढ़ती है। सहभोज कार्यक्रम में अमीर गरीब एक साथ बैठकर प्रसाद करें ताकि हिन्दू सामाजिक एकता की मिसाल के रूप में पेश किया जाए। खिचड़ी समरसता भोज समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है और आने वाले पीढ़ियों में सनातन धर्म व धार्मिक सांस्कृतिक विरासत व परम्परों का प्रसार करता हैं। इसलिए सहभोज का आयोजन महत्वपूर्ण है। हिन्दू समाज एकजुट रहेगा तो राष्ट्रविरोधी शक्तियां भी अपने उद्देश्य में सफल नहीं होंगी, हमारी एकजुटता समाज व देश के विकास को मजबूती प्रदान करेगी। कार्यक्रम के अंत में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, रमेशधर द्विवेदी, संजय मिश्रा, मौलेश्वर नाथ त्रिपाठी, राजन अग्रहरि, शत्रुहन सोनी, डंपू पाण्डेय, फूलचंद्र, मनीष सिंह, पप्पू श्रीवास्तव, केके पाण्डेय, राकेश द्विवेदी, कप्तान सिंह, मोहित आदि सहित भारी संख्या श्रद्धालुगण उपस्थित रहें।

## नए कार्यालय से पार्टी की नीतियों को घर -घर पहुंचना होगा आसान : शमसुल हसन उमरा



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दिल्ली स्थित कांग्रेस के नए राष्ट्रीय कार्यालय के लोकार्पण पर कांग्रेस पार्टी प्रदेश महाचिव (अल्पसंख्यक मोर्चा) शमसुल हसन उमरा ने देश भर के कांग्रेस के लोगों को बधाई दिया। उन्होंने ने कहा कि इस कार्यालय से लोगों की समस्याओं का समाधान होगा। आम जनता अब सीधे कांग्रेस पार्टी के नेताओं से मिल सकेगी और समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। कहा कि इस कार्यलय से पार्टी की नीतियों को देश की जनता तक पहुंचने में आसानी होगी। अंत में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दिया।

# समाज के सजग प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं पत्रकार: माता प्रसाद पांडे

- समाज का आईना होते हैं पत्रकार : राघवेंद्र प्रताप सिंह
- ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित ब्लॉक प्रांगण में गुरुवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन डुमरियागंज तहसील इकाई के तत्वावधान में आयोजित शपथ ग्रहण एवं गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माता प्रसाद पांडेय नेता प्रतिपक्ष व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा नवनिर्वाचित ग्रापए की कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों को शपथ दिलाया गया।

स्थानीय ब्लॉक सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण एवं गोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। जो सामाजिक संतुलन एवं समरसता को कायम करने के लिए अपने कलम की धार से काम करते हैं। उन्होंने पत्रकार के हितों के लिए कार्य करने के लिए आवाज उठाने की बात भी कही। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि राघवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व विधायक डुमरियागंज ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। उन्हें चाहिए कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए लोगो के लिए प्रहरी बनकर काम करें। पत्रकार समाज और व्यवस्था का आइना होता है, जो सच सामने लाता है। हर पत्रकार को पीड़ित को न्याय दिलाने के संकल्प के साथ कार्य करना चाहिए। त्याग व समर्पण की भावना पत्रकारिता जगत को मजबूती प्रदान करती है। इसी क्रम में सैय्यद वजाहत हुसैन रिजवी, काज़ी सुहैल, इमरान लतीफ, अतीकुर्रहमान, धर्मराज वर्मा, लवकुश ओझा, अहमद फरीद अब्बासी, बलराम त्रिपाठी आदि ने आयोजित गोष्ठी में अपना विचार रखा। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों को पद के प्रति कर्तव्य व निष्ठा की शपथ दिलायी। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मंगराव के प्राथमिक विद्यालय की बच्चियों ने अपने प्रधानाध्यापक दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में फैजी हल्लौरी एवं फरहान ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सैय्यद असगर जमील ने किया। वही कार्यक्रम के अंत में तहसील अध्यक्ष राजेश पांडे ने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञाप करते हुए संबोधन किया।

इस दौरान पप्पू रिजवी, ठाकुर, प्रसाद मिश्रा, संजय त्रिपाठी, आलोक श्रीवास्तव, अजय कुमार पांडेय, रविंद्र गुप्ता मनोज शुक्ला, एसपी श्रीवास्तव, अफजान फारुकी, राजीव अग्रहरि, रुहेल अहमद, काजी रहमतुल्लाह, काज़ी फरीद, नसीम सिद्दीकी, आफताब आलम, राकेश यादव, रमेश शुक्ल, इंतजार हैदर, अहमद वाहिद, वसी अहमद, साकिब मलिक आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर डीएम की अध्यक्षता मे हुई बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि 25 जनवरी 2026 तक समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्र में एक एक मलिन बस्ती की सफाई तथा जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक गांव में सफाई सुनिश्चित कराएंगे। तथा सभी विभाग अपने कार्यालय में भी सफाई व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान प्रभात फेरी के आयोजन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। मरीजों को फल वितरण के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

# माघ मेला के सफल संचालन के लिए पांच सभासदों को बनाया मेला प्रभारी

### मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी निगरानी : चमन आरा राईनी





अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका द्वारा संचालित माघ मेला की तैयारी को लेकर नगर पालिका बोर्ड की बैठक बृहस्पतिवार को संपन्न हुई। बैठक में माघ मेला के सफल संचालन के लिए पांच सभासदों को मेला प्रभारी बनाया गया। पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा वर्ष 1954 से संचालित माघ मेला का संचालन नगर पालिका बांसी करती है। यह माघ मेला मौनी अमावस्या स्नान से शुरू होता है और महाशिवरात्रि के बाद एक माह तक चलता है। बैठक को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि माघ मेला की भव्यता को बरकरार रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा और सीसी टीवी कैमरे से निगरानी किया जाएगा। बैठक में तय हुआ कि मेला का शुभारंभ 28 जनवरी से होगा और समापन 10 मार्च को होगा। मेला के सफल संचालन के लिए सभासद शाकिर अली, ध्रुव चंद्र,अशफाक अहमद, श्याम बाबू, शकील खान को मेला प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार, सभासद बरकत अली, अरुण गुप्ता, रवि अग्रहरी, खालिद खान, बुद्धिराम प्रजापति, प्रतिमा वर्मा, मोमिना खातून, सत्यनारायण, अकबर अली, परमात्मा गौड़, लिपिक जमील अहमद, अमरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## निर्माणधीन नगर पंचायत कार्यालय, नगर बाजार का डीएम ने निरीक्षण किया

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने ग्राम पंचायत बेइली में चल रहे मनरेगा कार्य तथा निर्माणधीन नगर पंचायत कार्यालय, नगर बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने पाया कि ग्राम पंचायत बेइली में चल रहे मनरेगा कार्य लगभग समापन की तरफ है एवं वर्तमान में इंटरलॉकिंग बिछाने का कार्य चल रहा है। प्रथम दृष्ट्या गुणवत्ता ठीक है। उन्होने ऑनलाइन अटेंडेंस की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से सत्यापित एवं अध्ययनकृत किया तथा स्थल पर ऑनलाइन अटेंडेंस लगवाई। ग्राम रोजगार सेवक पंकज कुमार की ऐप संचालन के विषय मे दक्षता एवं जानकारी बहुत अच्छी है तथा उन्हें स्वयं के स्तर के कार्य के साथ ही पूरे मनरेगा ऐप एवं साइट की अच्छी जानकारी है। इसके लिए ग्राम रोजगार सेवक की स्थल पर प्रशंसा भी किया। निर्माणधीन नगर पंचायत कार्यालय, नगर बाजार के निरीक्षण में उन्होने पाया कि भवन कार्य लगभग पूर्ण है एवं हस्तगत होने वाला है।

## आठवां वेतन आयोग के गठन पर कर्मचारियों ने पीएम को दी बधाई

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आठवें वेतन आयोग का गठन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्मचारियों के पीड़ा को समझा इसके लिए कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।कुछ दिन पहले अपने मांगो को लेकर इफशेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्रा एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश महामंत्री ने एक मांग पत्र लखनऊ के सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से अनुरोध किया था। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अनुरोध पर प्रधानमंत्री ने आयोग का गठन कर कर्मचारियों के पीड़ा को समझा इसके लिए देश के कर्मचारी आभार व्यक्त करते हैं। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता के अध्यक्षता में आभार ज्ञापित करने करने वालो में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वाई0के0द्विवेदी, जिलामंत्री शिवाकांत पाण्डेय, दिनेश चन्द्र मिश्र, वाई0पी0 यादव, गोविंद ओझा, रंजनेश दूबे, संतोष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया बृजभूषण तिवारी जिम वैडमिन्टन हाल एवं पार्क का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने गुरुवार को लोहिया कला भवन प्रांगण में स्थित बृजभूषण तिवारी जिम वैडमिन्टन हाल एवं पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा जिम, वैडमिन्टन हाल, टेनिस हाल को देखा गया। निरीक्षण के दौरान वैडमिन्टन हाल, टेनिस हाल में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाया गया जिसपर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डीआरडीए को नियमित साफ-सफाई व मरम्मत कार्य कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा इसको संचालित कराने का निर्देश देते हुये कहा कि समिति बनाकर लोगों को जोड़कर खेलने के लिए उपलब्ध करायें। इसके लिए शुल्क निर्धारित किया जाये जो इसके साफ-सफाई व मरम्मत में प्रयोग किया जाये। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डीआरडीए को इसकी पत्रावली प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कहा कि पार्क एवं परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करायें।

## कन्हैया पासवान ने विराट कुश्ती दंगल का किया शुभारंभ



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा कपिलवस्तु अंतर्गत ग्राम इमिलिहा में दो दिवसीय राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने गुरुवार को फीता काट कर शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कुश्ती दंगल खेल के साथ प्राचीन भारतीय परंपरा है। कुश्ती एक प्रकार का द्वंद्वयुद्ध है, जो बिना किसी शस्त्र की सहायता के केवल शारीरिक बल के सहारे लड़ा जाता है। जीवन में खेल बहुत ही महत्वपूर्ण हैं हमें फिट रहने के लिए अपने दिनचर्या में खेल को जोड़ना चाहिए जिससे हम स्वस्थ रहे।

## महफ़िल का हुआ अलीबाग पर आयोजन

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मोहल्ला मीरानपुरा कोठी राजा साहब परिसर मे राजा काज़िम रज़ा नजमी भाई ने मौला ए क़ायनात का जन्मदिन बड़े ही अक़ीदत के साथ केक काटकर मनाया जिस दौरान बड़ी संख्या मे नगर के लोगों ने भाग लेकर मौला की नज़र चखी इस दौरान राजा साहब की जानिब से नज़रे मौला का भी एहतेमाम किया गया था। इसी क्रम मे नगर के मोहल्ला हयातगंज रौजा अलीबाग मे भी एक महफ़िल का आयोजन किया गया जिसमे दर्जनों लोगों ने मौला ए क़ायनात की शान मे कसीदे पढ़े और वहाँ भी मौला ए क़ायनात के जश्न ए विलादत के मौके पर केक काटकर एक दूसरे से गले लग जन्मदिन की बधाई दी।

## जिलाधिकारी ने वितरित किया पोषण किट व कम्बल

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निक्षय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम एवं माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री महोदय के टीवी मुक्त भारत अभियान 2025 के अंतर्गत जिसमें सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षक द्वारा निक्षय दिवस के अवसर पर सक्रिय टीवी रोगियों को पोषण किट प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि टांडा में 10 मरीज को समाजसेवी धर्मबीरबग्गा एवं तहसीलदार, जलालपुर 35 बी0 डी0ओ0, बसखारी 20 मरीज बी0डी0ओ0, भियाव बी0डी0ओ0/ उपखण्ड शिक्षाअधिकारी 30, भीटी 32 उपजिलाधिकारी कटेहरी 15 अधीक्षक, रामनगर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी 12,जहागीरगंज 34 पूर्व विधायक माननीय श्रीमती अनीता कमल, मेडिकल कालेज 15 प्राचार्य अधीक्षक,एवं अकबरपुर में 15 मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पोषण किट का वितरण किया गया।

# स्वास्थ्य शिविर में 79 महिलाओं की हुई जांच 41 उच्च जोखिम वाली महिलाएं चिन्हित

### सीएचसी सिरसिया में एचआरपी दिवस पर गर्भवती महिलाओं का हुआ हेल्थ चेकअप



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में बृहस्पतिवार को गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

अधीक्षक डॉ.शैलेन्द्र मणि ओझा के अगुवाई में चिकित्सा टीम के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कुल 79 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप करते हुए इलाज तथा चिकित्सीय परामर्श दिया गया। कुल 10 महिलाओं में खून की कमी पाए जाने के कारण आयरन सुक्रोज की डोज दी गई तथा अन्य 41 उच्च जोखिम वाले महिलाओं को चिन्हित करते हुए चिकित्सीय इलाज किया गया।

डॉ.श्रीया चौधरी ने बताया कि उच्च जोखिम होने का मुख्य कारण उच्च रक्त चाप, फीटस का बेड़ा होना, गंभीर एनिमिया, प्लेसेंटा का विकृत होना आदि होता है।डॉ.सबीहा मलिक ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में ही उच्च जोखिम वाले खतरे के लक्षण को चिन्हित करते हुए गर्भावस्था के प्रारंभिक दिनों में ही चिकित्सीय इलाज एवं परामर्श देते हुए अथवा उच्च चिकित्सालय पर संदर्भित करते हुए जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सकता है। इस दौरान डॉ.एलबी यादव, प्रेम कुमार त्रिपाठी, रुपम पाठक सविता मौर्या, कु. वर्षा सागर, रेखा पाण्डेय, कृष्ण गोपाल पाण्डेय, रविंद्र कुमार, अश्वनी अग्रहरी,राजीव त्रिपाठी, अमित तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## स्व. ओम प्रकाश की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** श्री सिंहेश्वरी इण्टर कॉलेज तेतरी बाजार के प्रांगण में स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा जी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलामंत्री डॉ हृदय नारायण मिश्र ने कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश शर्मा जी आजीवन शिक्षकों के हितों के लिए संघर्ष करते रहे। अपने जीवन के अन्तिम दिन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मेरठ पर आयोजित धरने को संबोधित करते हुए कहा था, शून्य से शिखर तक पहुंचे, कैसे, ये आप जाने, अब कैसे रहना है ये आप जाने। सभा को संबोधित करते हुए इकाई अध्यक्ष गिरिजेश कुमार सिंह ने कहा कि एकता ही सभी समस्याओं के निदान का मूलमंत्र है। सभा में प्रधानाचार्य विनय अनमोल, बृजेशमणि त्रिपाठी, डॉ रंजनी रंजन, डॉ प्रकाश श्रीवास्तव, राम उजागिर, मान सिंह, राम करन, विनय गुप्ता, बृजेश पटेल, अंकित यादव, महेन्द्र, रणजीत चौधरी, सन्तोष कुमार, मुकुल कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसियावल खुर्द में संचालित सरकारी राशन की दुकान डा0 भीमराव अम्बेडकर आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा चैनित कोटेदार दुर्गावती देवी के द्वारा जनवरी माह का गल्ला वितरण न करने को लेकर ग्रामीणों द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र पर जांच करने पहुंचे लोटन पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार यादव पहुंचे। सरकारी दुकान पर खाद्यान न मिलने का दोषी पाये जाने पर थाना मोहाना में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस कार्यवाही करने में लगी हुई है। रसियावल खुर्द के ग्रामीण पप्पू पाण्डेय,देव प्रकाश तिवारी, बुद्धिराम सहित कई लोगो ने जनवरी माह का सरकारी गल्ले की दुकान से कोटेदार द्वारा समय से न वितरण करने को लेकर शिकायत के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, डीएसओ, एसडीएम से शिकायत करने के बाद तीन सदस्यीय टीम गठित कर एक सप्ताह पहले जांच हुई। जिसमे कोटेदार द्वारा गल्ला न वितरण करना टीम को सही पाये जाने पर कोटेदार दुर्गावती देवी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 व भारतीय न्याय संहिता धारा 316(5) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस कार्यवाही में जुटी हूई है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन पार्ट-2 एवं इनसीटू योजना के अन्तर्गत रू0 10,000-00 से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्र यथा-कस्टम हायरिंग सेन्टर, पैडी/मल्टी क्रॉप थ्रेसर एवं रोटावेटर इत्यादि की ई-लाटरी जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में दिनांक 17 जनवरी 2025 को 11.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में प्रारम्भ किया जायेंगी। उक्त जानकारी उप कृषि निदेशक अशोक कुमार गौतम ने दी है। उन्होने जनपद के समस्त किसान भाईयों को बताया है कि जिन कृषक बन्धुओं ने उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत अनुदान पर यंत्र क्रय करने हेतु आनलाईन आवेदन किया है, वह उक्त तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित हो, जिससे कि ई-लाटरी की प्रक्रिया की जा सके। उन्होने बताया है कि यदि आनलाईन आवेदक कृषक भाई अनुपस्थित होंगे, तो वहाॅ उपस्थित अन्य किसान भाईयों एवं समिति के द्वारा ई-लाटरी के माध्यम से चयनित लाभार्थियों के नाम से सहमत माना जायेगा।

# प्रोन्नति पाये सभी लेखपालो में है प्रशासनिक क्षमता है : एसडीएम

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रोन्नति पाए सभी लेखपालों में प्रशासनिक क्षमता है और विभागीय कार्यो की अच्छी जानकारी है। उक्त बातें उपजिलाधिकारी सदर कल्याण सिंह मौर्य ने कही। वह गुरुवार को तहसील सभागर नौगढ़ में कही। उपजिलाधिकारी ने कहा कि प्रोन्नति मिलने से जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, सभी प्रोन्नति राजस्व निरीक्षक ट्रेनिंग कर और बेहतर कार्य करें। राजस्व परिवार नौगढ़ द्वारा उपजिलाधिकारी सदर कल्याण सिंह मौर्य की अध्यक्षता में राजस्व परिवार द्वारा सभी प्रोन्नति पाए लेखपालों को सम्मानित किया गया।

प्रोन्नति पाये राजस्व निरीक्षकों को तीन माह के ट्रेनिंग के लिये मण्डलीय राजस्व प्रक्षिक्षण विद्यालय लखनऊ के लिए रिलीव कर दिया गया। लेखपाल से राजस्व निरीक्षक प्रोन्नति पाये रामकरन गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, महेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र चौरसिया, सुनील आजाद, अरविन्द चौबे, उमेश श्रीवास्तव, अजय बक्सी, धर्मपाल, विजय श्रीवास्तव, मुरली मनोहर लाल को राजस्व परिवार ने मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया।

अमीन संघ के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्र, एवं अनूप यादव द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी, अब्दुल गफ्फार, यशोदा नन्द मिश्र, सचिन्द्र श्रीवास्तव, गयादीन मौर्य, राजेश गुप्ता, गिरीश मिश्रा, अरुण श्रीवास्तव, अब्दुल कयूम, शिवगोपाल श्रीवास्तव, श्याम नारायण, वीआरसी रामकेश, लेखपाल विनय पाण्डेय, रणधीर राणा, अमित चौधरी, शशांक, बिन्दुसार मौर्य, योगेन्द्र वर्मा, अजीत गुप्ता, सुबोध गुप्ता, आशुतोष कुमार, विकास गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## लाभपरक योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित ना रहें

**बस्ती।** उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती चारु चौधरी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को प्रत्येक लाभार्थियों को अवश्य दिया जाय। लाभपरक योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित ना रहें। समीक्षा के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, एसएचओ महिला थाना डा. शालिनी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, डिप्टी सीएमओ सत्येन्द्र बहादुर सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी वीना सिंह, पिछड़ा कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें। समीक्षा बैठक के बाद उन्होने जनसुनवाई किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 08 आवेदन पत्र यथा- अफसाना बेगम पत्नी अकबर अली, किरन पत्नी वृजलाल, रामशब्द पुत्री पुष्पावती, रंजना पत्नी राजेश, कुशलावती पत्नी माता बदल, महिमा देवी पत्नी विवेक त्रिपाठी, संगीता देवी पत्नी राजेन्द्र, तथा सुनील रानी श्रीवास्तव पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को इनके समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया।

## डीएम ने किया एसबीआई के सामने स्थित तालाब का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर में भारतीय स्टेट बैक के सामने स्थित तालाब का गुरुवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सिद्धार्थनगर को तालाब की साफ-सफाई कराकर सौन्दर्यीकरण, बाउण्ड्रीवाल व फुटपाथ बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य के लिए शासन से 35 लाख बजट प्राप्त हो गया है संबन्धित ठेकेदार को कार्य शुरू करने के लिए निर्देशित करें कार्य शुरू न करने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया। साफ-सफाई करने के बाद किसी भी दुकानदार व अन्य लोगों द्वारा कब्जा किया जाता है तो उनके खिलाफ जुर्माना लगाया जाये। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी नौगढ़ को जमीन की पैमाइस कराने एवं अवैध कब्जा हटवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुये कहा कि इस कार्य में लापरवाही न बरती जाये नही तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सिद्धार्थनगर विन्ध्याचल उपस्थित रहे।

## दैवीय भी है महाकुंभ

बहुत लंबे 144 सालों के बाद प्रयागराज में महाकुंभ का आरंभ हुआ है। पहले ही दिन, 13 जनवरी को लोहड़ी पर्व पर, करीब 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। यह विश्व कीर्तिमान है। पावन 'मकर संक्रान्ति' के दिन अमृत, शाही स्नान साधु-संतों और नागा संन्यासियों ने किया। यह आदि शंकराचार्य की देन है, जिन्होंने सनातन धर्म के लिए साधु-संतों को एकीकृत कर अखाड़े बनाए। आज हमारे यहां 13 अखाड़े सक्रिय हैं। उनका अपना आध्यात्मिक, वैचारिक दर्शन और कर्मकांड हैं, लेकिन उनकी आत्मा में सनातन बसा है। वे सभी सनातनी आस्था के पैरोकार और प्रवक्ता हैं। वे शैव, वैष्णव, उदासीन, महानिर्वाणी, निर्मल नामधारी अखाड़े हो सकते हैं, लेकिन उनकी जुबां से 'हर-हर गंगे', 'हर-हर महादेव', 'जय श्रीराम' के उद्घोष ही गूंजते हैं। नागा संन्यासियों के भस्म-शृंगार को देखकर तो महादेव के शिवगण याद आने लगते हैं। महाकुंभ मौजूदा ब्रह्मांड का सबसे बड़ा और व्यापक, व्यवस्थित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, बहुराष्ट्रीय, बहुनस्लीय, बहुभाषीय, दैवीय जन-समागम है। अनुमान है कि 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु 'आस्था के स्नान' में शामिल हो सकते हैं। यह आंकड़ा अमरीका की कुल आबादी से भी बहुत ज्यादा है, लिहाजा श्रद्धालुओं के लिए चौतरफा व्यवस्थाएं की गई हैं। केंद्र और उप्र सरकार का 15,000 करोड़ रुपए का बजट खर्च हो सकता है, लेकिन कंपनियां अभी तक 3000 करोड़ रुपए अपने ब्रांड की उपस्थिति पर खर्च करने की घोषणाएं कर चुकी हैं। यह आयोजन हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में भी सहायक साबित होगा। यदि दुनिया को किसी समारोह के आयोजन का सफल प्रबंधन, करोड़ों की भीड़ का मानवीय प्रबंधन और चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था का पाठ पढ़ना हो, तो प्रयागराज महाकुंभ का अध्ययन करना चाहिए। कुछ श्रद्धालुओं को दिल का दौरा पड़ गया था।

वे सभी स्वस्थ हैं और अस्पताल में उनका तुरंत इलाज किया गया है। इसी तरह कुछ श्रद्धालु अपने परिजनों से बिछुड़ गए थे, अंततः उन्हें मिला दिया गया। ये आयोजन की सफलताएं ही हैं। सरकार ने चप्पे-चप्पे पर 45,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं। शीर्ष अधिकारी भी ड्यूटी पर हैं। सतत निगरानी और चौकसी के लिए करीब 3000 सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क, नियंत्रण-कक्ष तैयार किया गया है। कल्पना करें कि करोड़ों श्रद्धालु दुनिया भर से आ रहे हैं, लेकिन किसी भी भगदड़ की गुंजाइश नहीं है। हम 1954 की त्रासद घटना से सबक सीख कर बहुत आगे बढ़ चुके हैं। इस बार 450 किलोमीटर की लंबाई जैसी सडकें बनाई गई हैं। स्नान के अलग-अलग रूट तय किए गए हैं। शौचालयों की संख्या भी 1.5 लाख बताई गई है। तैरने वाले पुल भी बनाए गए हैं। दरअसल यह अभूतपूर्व, अकल्पनीय, अतुलनीय जन-सैलाब का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक आयोजन है, जिसका इतिहास और अतीत दैवीय भी है। महाकुंभ से देवराज इंद्र के पुत्र जयंत की अमृत-कलश सुरक्षित ले जाने और अमृत की कुछ बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक में छलक जाने की कहानी सर्वविदित है। कुंभ के आयोजन इन्हीं चार स्थलों पर होते रहे हैं, लेकिन महादेव द्वारा पुणे के पास सह्याद्रि पर्वत पर 'भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग' की स्थापना का प्रकरण भी महाकुंभ से जुड़ा है। भीमा एक असुर था। माता पार्वती को मुक्त कराने के संदर्भ में महादेव को भीमासुर के साथ युद्ध करना पड़ा। युद्ध के कारण वह सुंदरवन आग की लपटों में घिर गया। पशु-पक्षी और जानवर जान बचाने के लिए बेतहाशा भागने लगे। तब एक वृद्धा देवी ने कुपित होकर वहां उपस्थित ब्रह्मा, विष्णु, इंद्र, गणेश, नंदी और शिवगणों को श्राप दिया था। उन सभी के शरीर पर फफोले उभर आए थे। तब महादेव ने प्रयागराज में महाकुंभ के संगम स्नान का सुझाव दिया था।

## अमेरिका-नाटो का अनावश्यक दखल

यूक्रेन को अमेरिकी राष्ट्रपति की भारी मदद के बाद अब वैश्विक परिदृश्य बदल गया है। अमेरिका ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद की पेशकश के साथ रूस ने अमेरिका को सीधे चेतावनी दी है यदि इसी तरह युद्ध में हस्तक्षेप किया जाएगा तो परमाणु बम के साथ जैविक बम का इस्तेमाल भी किए जाने की संभावना होगीद्य रूस ने अपनी बौखलाहट यूक्रेन में फिर से बम वर्षक विमानों से कीव पर बड़ा हमला किया है।



संजीव ठाकुर

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन, शी जिनपिंग और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम योंग उन के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं।

पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की, वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है।

ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है।**

# मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वही अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली ईमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है।



ललित गर्ग

यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है।

मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच समझकर लेना चाहिए। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुर्माना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है।



भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुर्माना लगाया था।

मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे गलत जानकारी करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, मार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गई, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुर्माना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। लेकिन इसके लिये समाज को नुकसान पहुंचाना कैसे जायज हो सकता है? इस तरह की गैर जिम्मेदारी एवं लापरवाही खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे। हेट स्पीच, तथ्यों को तरोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करना और फेक न्यूज के ऐसे अन्य मामले भी राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सरकार की सख्ती जहां मेटा को ज्यादा जिम्मेदार बनाये वहीं अन्य मंचों के लिये भी सबक बने। माफी के बाद जुकरबर्ग जैसे मालिकों को भी यह सुनिश्चित होगा कि उनके अधीन चलने वाले सोशल मीडिया मंचों पर भारत के प्रति किसी झूठ, भ्रम एवं असत्य बयानी का सिक्का न चले।

# मुफ्त की रेवड़ियों में शिक्षा और स्वास्थ्य क्यों नहीं

**समान और निःशुल्क शिक्षा का विचार कोई नया नहीं है। संविधान में शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। लेकिन यह अधिकार अभी भी प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सका है। सरकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय है, जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यदि सरकार शिक्षा को पूरी तरह से अपने हाथों में ले और इसे सभी के लिए समान और निःशुल्क बनाए, तो यह न केवल सामाजिक असमानता को दूर करेगा, बल्कि देश के विकास को नई दिशा भी देगा।**

मुफ्त की रेवड़ी का इंजेक्शन लगते ही मतदाता अपनी सुध बुध गंवाकर रेवड़ी के प्रदाता दल की ओर आकर्षित हो जाता है। सच तो यह है कि चुनाव के समय भारत की राजनीति एक अद्भुत रंगमंच में बदल जाती है, जहां हर राजनैतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न प्रकार की घोषणाओं और वादों का सहारा लेता है। मुफ्त बिजली, पानी, राशन, गैस सिलेंडर, और न जाने क्या-क्या। यह एक ऐसा प्रचलन बन गया है जो लोकतांत्रिक प्रणाली को केवल एक तात्कालिक लाभ की ओर मोड़ रहा है। हालांकि, इस प्रवृत्ति पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी संज्ञान लिया है और इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है। बावजूद इसके, राजनैतिक दल अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे। इस स्थिति में एक बड़ा प्रश्न यह उठता है कि क्यों कोई भी राजनैतिक दल शिक्षा और स्वास्थ्य को समान, अनिवार्य और निःशुल्क करने का संकल्प नहीं लेता?



बलदेव राज भारतीय

चुनाव के दौरान राजनैतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त सेवाओं और वस्तुओं का वादा करते हैं। इन वादों का उद्देश्य होता है तात्कालिक लाभ पहुंचाना और मतदाताओं का ध्यान मूलभूत मुद्दों से हटाना। यह प्रवृत्ति एक ओर जहां मतदाताओं को तत्काल राहत प्रदान करती है, वहीं दूसरी ओर देश की अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ डालती है। जो धन देश के दीर्घकालिक विकास के लिए उपयोगी हो सकता था, वह इन मुफ्त योजनाओं में खर्च कर दिया जाता है। यह आर्थिक असंतुलन न केवल सरकार की वित्तीय स्थिरता को प्रभावित करता है, बल्कि देश के भविष्य को भी अनिश्चित बनाता है।

शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो व्यक्ति को न केवल आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि समाज और देश की प्रगति में भी सहायक होता है। एक शिक्षित समाज न केवल बेहतर निर्णय ले सकता है, बल्कि अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझकर देश को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकता है। विडंबना यह है कि कोई भी राजनैतिक दल इस क्षेत्र में ठोस सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं उठाता। सरकारें शिक्षा को समान, अनिवार्य और निःशुल्क बनाने के बजाय इसे निजी संस्थानों के भरोसे छोड़ देती हैं, जो इसे व्यवसाय के रूप में देखते हैं। समान और निःशुल्क शिक्षा का विचार कोई नया नहीं है। संविधान में शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। लेकिन यह अधिकार अभी भी प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सका है। सरकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय है, जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यदि सरकार शिक्षा को पूरी तरह से अपने हाथों में ले और इसे सभी के लिए समान और निःशुल्क बनाए, तो यह न केवल सामाजिक असमानता को दूर करेगा, बल्कि देश के विकास को नई दिशा भी देगा। वर्तमान में शिक्षा का निजीकरण तेजी से बढ़ रहा है। निजी स्कूल और कॉलेज मनमाने ढंग से फीस वसूलते हैं, जो आम आदमी की पहुंच से बाहर है। यह स्थिति अमीर और गरीब के बीच शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी खाई पैदा कर रही है। सरकार को इस दिशा में कठोर कदम उठाने होंगे। शिक्षा को व्यवसाय बनने से रोकना और इसे पूरी तरह से एक सेवा के रूप में प्रस्तुत करना होगा। सभी निजी शिक्षण संस्थानों को सरकारी नियमों के अधीन लाना होगा, ताकि वे समाज के हर वर्ग के लिए सुलभ हों।



एक बड़ी समस्या यह भी है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली छात्रों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने में विफल रही है। परिणामस्वरूप, छात्र शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी रोजगार पाने में असमर्थ होते हैं। यदि शिक्षा प्रणाली में कौशल विकास को अनिवार्य कर दिया जाए और विभिन्न स्तरों पर छात्रों को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाए, तो यह समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। हर छात्र को किसी न किसी कौशल में पारंगत बनाना चाहिए, ताकि वह अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद आत्मनिर्भर बन सके। शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य सेवा भी एक ऐसा ही विषय है, जो समाज के हर वर्ग को प्रभावित करता है। विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्ग के लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां, जिनका इलाज लाखों-करोड़ों रुपये में होता है, एक गरीब व्यक्ति के लिए असंभव सी चुनौती बन जाती हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में कई परिवार आर्थिक संकट में फंस जाते हैं, जिससे उनकी जिंदगी और अधिक कठिन हो जाती है।

स्वास्थ्य सेवा का निजीकरण तेजी से बढ़ता जा रहा है। निजी अस्पताल और मेडिकल संस्थान गरीबों के लिए दूर की कौड़ी बन गए हैं। ये संस्थान मनमानी फीस वसूलते हैं, जो आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर है। इसके विपरीत, सरकारी अस्पतालों की हालत दयनीय है। न तो वहां पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही पर्याप्त कर्मचारी। इलाज के लिए मरीजों की लंबी कतारें और लचर व्यवस्थाएं आम बात हैं। इस स्थिति में गरीब और वंचित वर्ग के लिए स्वास्थ्य सेवाएं एक बड़ी चुनौती बन गई हैं। जब किसी परिवार में कोई गंभीर बीमारी का शिकार होता है, तो वह परिवार दोहरी मार झेलता है। एक तरफ मरीज के इलाज के लिए पैसा जुटाने का दबाव, तो दूसरी ओर परिवार का आर्थिक संतुलन बिगड़ने का खतरा। कई बार इलाज के लिए जमीन बेचनी पड़ती है, कर्ज लेना पड़ता है, और यहां तक कि बच्चों की पढ़ाई तक भी रुक जाती है। दुर्भाग्यवश, कई मामलों में इतनी कोशिशों के बाद भी मरीज की जान नहीं बचाई जा सकती। परिणामस्वरूप, परिवार मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाता है।

आज जब राजनैतिक दल तात्कालिक लाभ अर्जित करने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां बांटने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं तो वे क्यों नहीं चाहते कि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं हर नागरिक का मूलभूत अधिकार होनी चाहिए। संविधान में जीने के अधिकार का प्रावधान है, और स्वास्थ्य इसका अभिन्न हिस्सा है। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह देश के हर नागरिक को सस्ती, सुलभ और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करे। लेकिन वर्तमान में सरकारें इस ओर ध्यान देने के बजाय अन्य मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित करती हैं। यदि राजनैतिक दल वाकई जनता की भलाई चाहते हैं, तो उन्हें अपने चुनावी घोषणापत्र में निशुल्क शिक्षा और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह ऐसा ढांचा विकसित करे, जिसमें हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। कैंसर, हृदय रोग, और किडनी फेल्योर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज गरीबों के लिए एक असंभव सपना है। यदि राजनैतिक दल स्वास्थ्य के बारे में लोगों से इन मुद्दों के वादे करें और सरकार बनने पर इन को पूरा करने का संकल्प करें तो यह शायद एक सकारात्मक मोड़ होगा जो भारतीय राजनीति में अहम भूमिका निभा सकता है।

# क्या हैं लॉस एंजेलिस की भयावह आग के संकेत?

**जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज़ हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाक़ों में चल रही हैं। इस आग में हॉलीवुड फ़िल्म इंडस्ट्री का काफ़ी बड़ा इलाक़ा और इससे जुड़े कई ऐतिहासिक स्मारक भी जलकर राख हो चुके हैं। आग बुझाने के लिये कहीं पानी की कमी है तो कहीं पानी गिराने वाले विमानों की संख्या कम है। अमेरिकी फ़ायर फ़ाइटर्स स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं।**

विश्व का सर्व शक्तिशाली देश अमेरिका इन दिनों गोया प्राकृतिक प्रलय की चपेट में है। एक ओर तो मध्य अमेरिका में आये भीषण बर्फ़ीले तूफ़ान से क़रीब 6 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। कई प्रांतों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह तूफ़ान बीते एक दशक का सबसे ख़तरनाक तूफ़ान है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कंसास और मिसौरी से लेकर न्यू जर्सी तक बर्फ़ीले तूफ़ान की चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि 'इस क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फ़बारी होती है, वहां कम से कम एक दशक की सबसे भारी बर्फ़बारी हो सकती है।' जहाँ इस बर्फ़ीले तूफ़ान ने मध्य अमेरिका में कई राज्यों में जन जीवन अस्त व्यस्त किया वहीँ पिछले कई दिनों से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेक़ाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हज़ारों एकड़ के इलाक़े में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हज़ारों आलीशान मकान और लाखों बेशक़ीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी है। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज़ भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुक़सान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक क़रीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुक़सान का अनुमान लगाया है।



निर्मल रानी

प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुँचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज़ हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाक़ों में चल रही हैं। इस आग में हॉलीवुड फ़िल्म इंडस्ट्री का काफ़ी बड़ा इलाक़ा और इससे जुड़े कई ऐतिहासिक स्मारक भी जलकर राख हो चुके हैं। आग बुझाने के लिये कहीं पानी की कमी है तो कहीं पानी गिराने वाले विमानों की संख्या कम है। अमेरिकी फ़ायर फ़ाइटर्स स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं। यह आग मानवता पर कितना बड़ा प्रकृतिक संकट है इसका अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका का सबसे बड़ा विरोधी देश ईरान भी ऐसे संकट में अमेरिका की मदद की पेशकश कर रहा है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख पीर हुसैन कोलीवंद ने अमेरिकी रेड क्रॉस के सीईओ क्लिफ़ होल्ज़ को इस संबंध में संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने आग से हुए नुक़सान पर दुख जताते हुए इसे एक बड़ी त्रासदी बताया है। कोलीवंद ने कहा कि इस आपदा में हम अमेरिका की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। ग़ौरतलब है कि दोनों देशों के काफ़ी लंबे समय से तनावपूर्ण रिश्ते हैं। परन्तु ईरान ने आग की भयावहता को देखते हुए दुश्मनी को भूलकर मदद का हाथ बढ़ाया है।



ज़ाहिर है कि विश्व के अब तक के सबसे भयानक व सबसे अधिक नुक़सान पहुँचाने वाले इस अग्निकांड ने फिर उन्हीं सवालों पर बहस छेड़ दी है जिसकी चर्चा गत तीन दशकों से विश्वव्यापी स्तर पर की जा रही है। सवाल उठने लगा है कि क्या यह सब ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है या कुछ और? हालांकि लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी इस आग के बारे में एक ख़बर यह भी है कि यह किन्हीं शरारती तत्वों द्वारा लगाई गयी आग है। अमेरिकी पुलिस ने इस संदेह में कुछ गिरफ़्तारियां भी की हैं परन्तु यह बात पूरे दावे से इसलिए भी नहीं कही जा सकती क्योंकि इस इलाक़े में पहले भी अग्निकांड की घटनायें जंगलों में घर्षण के कारण होती रहती हैं। परन्तु जितनी अनियंत्रित आग इस बार की रही पहले कभी नहीं देखा गया। कल्पना कीजिये कि जब विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति इस आग को नियंत्रित कर पाने पूरी तरह असमर्थ है तो यदि ऐसी ही आग किसी विकासशील देश में लगी होती तो क्या आलम होता?

वैसे भी पिछले कुछ वर्षों के दौरान मौसम के निरंतर बिगड़ते जा रहे मिज़ाज के कारण दुनिया के अनेक देशों से जलवायु परिवर्तन व इसके परिणाम सम्बन्धी जो समाचार आ रहे हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। जो ग्लेशियर पूरी दुनिया की ऋतु का संतुलन बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे वही ग्लेशियर अब तेज़ी से पिघल रहे हैं। इतनी तेज़ी से कि समुद्र में इन बड़े बड़े हिमखंडों को टूटते और इन्हें पानी में मिलते देखने के लिये भी पर्यटन शुरू हो चुका है। यानी दुनिया की तबाही का जश्न दुनिया अपनी आँखों से देखना भी चाह रही है। तमाम रेगिस्तानी इलाक़े जहाँ के लोग बारिश और बर्फ़बारी से वाक़िफ़ नहीं थे वहां से बाढ़ और बर्फ़बारी की ख़बरें आ रही हैं। गत वर्ष पूरे विश्व में गर्मियों के दौरान तापमान में जो ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गयी वह भी भारत सहित पूरे विश्व ने महसूस किया। इसी ग्लोबल वार्मिंग ने पहाड़ों की सुंदरता पर ग्रहण लगा दिया है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मी बढ़ रही है। भूस्खलन की घटनायें बढ़ती जा रही हैं। पीने के पानी की कमी होने लगी है। ध्रुवीय भालू जैसे अनेक दुर्लभ पशु पक्षियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है।

परन्तु पूंजीवाद के चुंगल में जकड़ी यह विश्व व्यवस्था तबाही के मुंहाने पर पहुँचने के बावजूद अभी भी विकास के नाम पर विनाश के खेल खेलती जा रही है। जलवायु संकट से कथित रूप से व्यथित परन्तु जलवायु संकट को ख़ुद ही बढ़ावा देने वाले देश प्रायः दुनिया में जलवायु संकट के गहराते ख़तरों पर घड़ियाली आंसू बहाने के लिये इकठ्ठा तो होते हैं परन्तु वे अपने देशों के कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के बजाये प्रगतिशील व ग़रीब देशों को पैसे देकर उन्हें कार्बन उत्सर्जन कम करने का पाठ पढ़ाते हैं। यही पूंजीवादी देश दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध भड़का कर भूमंडलीय ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) को और बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे में यदि भविष्य में पृथ्वी पर सामान्य जीवन की कल्पना करनी हो तो लॉस एंजेलिस की भयावह आग से मिलने वाले संकेतों को तत्काल समझने की सख़्त ज़रुरत है।

# राजधानी लखनऊ में मौसम ने मारी पलटी, बूंदाबांदी ने बढ़ाई ठिठुरन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को मौसम में अचानक बदलाव दिखा। शाम को बूंदाबांदी के साथ तेज हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी। लोग सड़कों पर ठिठुरते नजर आए। बारिश से अभी और सर्दी बढ़ने के आसार हैं।

यूपी के ज्यादातर हिस्से घने कोहरे और ठंड की चपेट में हैं। मौसम विभाग की मानें तो इस घने कोहरे और ठिठुरन भरी ठंड से फिलहाल कुछ दिन राहत नहीं मिलने वाली। घने कोहरे की वजह से बृहस्पतिवार की सुबह राजधानी लखनऊ समेत प्रयागराज, आगरा आदि शहरों में दृश्यता 50 मी से भी कम रही।

बृहस्पतिवार को कई इलाकों में दोपहर बाद गुनगुनी धूप तो हुई लेकिन कोहरे के आगे बेअसर रही। शुक्रवार के लिए मौसम विभाग ने यूपी के 55 जिलों में घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी की है।



वहीं बुधवार की रात से बृहस्पतिवार सुबह के बीच पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों और दिल्ली से सटे जिलों गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद आदि में छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिली। गलन भरी हवाओं और कोहरे के बीच इस बूंदाबांदी से दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि बृहस्पतिवार से पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ने से फिहलाल अब कुछ दिन मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही प्रदेश में गलन भरी पछुआ और घना कोहरा बना रहेगा।

### इन इलाकों में है घना कोहरा छाने की संभावना

प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

## रेडियो संवर्ग में हेड आपरेटर परीक्षा : छह महीने में दोबारा होगा एग्जाम


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने रेडियो संवर्ग की परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। रेडियो संवर्ग की परीक्षा हाईकोर्ट द्वारा निरस्त करने के बाद छह माह में दोबारा आयोजित कराई जाएगी। उ.प्र पुलिस रेडियो संवर्ग में हेड आपरेटर/हेड आपरेटर (मेकैनिकल) के 936 पदों के लिए 30 एवं 31 जनवरी 2024 को आयोजित की गई थी। परीक्षा के संदर्भ में अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आठ जनवरी 2025 को इसे रद्द करने का आदेश दिया। अब अगले छह महीने में हेड ऑपरेटर/हेड ऑपरेटर (मकैनिकल) भर्ती परीक्षा का आयोजन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड करेगा। बोर्ड ने कहा कि जनवरी-फरवरी-2024 की परीक्षा प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों के हितों का ध्यान रखा जाएगा। अभ्यर्थी इसके बारे में विस्तृत जानकारी uppbpb.gov.in पर विजिट करके ले सकते हैं।

# इसरो की सफलता अंतरिक्ष की दिशा में लंबी छलांग, सीएम योगी ने दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अंतरिक्ष में नवीनतम उपलब्धि के लिये भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों के समर्पण एवं विशेषज्ञता की सराहना की। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की सफलतापूर्वक डॉकिंग की। यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना समेत भविष्य के विभिन्न मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सीएम योगी ने 'एक्स' पर अंग्रेजी में पोस्ट किया, ''इसरो की टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग को सफलतापूर्वक हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है, जो हमारी



अंतरिक्ष क्षमताओं में एक बड़ी छलांग है। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रक्रिया को त्रुटिहीन सटीकता के साथ निष्पादित किया गया।'' उन्होंने कहा कि यह असाधारण उपलब्धि अभियान में लगे प्रतिभाशाली वैज्ञानिकरें के समर्पण एवं विशेषज्ञता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण! जय हिंद!

### डॉक्टर को देखने ट्रामा सेंटर पहुंचे डिप्टी सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गुरुवार को ट्रामा सेंटर पहुंचे। डिप्टी सीएम सुसाइड का प्रयास करने वाली जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर को देखने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर से जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही बेहतर इलाज के निर्देश भी दिए हैं। इस दौरान उन्होंने रेजिडेंट डॉक्टर के माता-पिता से भी बातचीत की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर का स्वास्थ्य ठीक हो रहा है। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर्स विशेष कर महिला डॉक्टर के लिए बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे वह अपना कार्य अच्छे से कर सकें। इसके अलावा रेजिडेंट डॉक्टर मानसिक दबाव का शिकार ना हो इसके लिए काउंसलर (मनोचिकित्सक) की व्यवस्था करने का निर्देश भी केजीएमयू प्रशासन को दिया है।

## सीएमएस छात्र को 60,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के छात्र क्षितिज राज को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफसिनसिनाटी द्वारा 60,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। क्षितिज ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है।



श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री खन्ना ने बताया कि वर्ष 2024 में सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।

# शराब पीने के तुरंत बाद खा ली सेक्स पावर की दवा, मौत

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के रहने वाले एक युवक की ग्वालियर के थाटीपुर स्थित होटल मैक्सन में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपनी महिला मित्र के साथ होटल के कमरा नंबर-301 में रुका हुआ था। यहां पहले तो उसने शराब और सिगरेट पी, इसके बाद कुछ दवा खाई। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह कमरे के बाहर निकल गया।

इसी दौरान अचेत होकर गिर पड़ा। अस्पताल ले जाया गया, वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को दवा का जो रैपर मिला है, उसे जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में आशंका है, युवक ने शराब पीने के बाद सेक्स पॉवर बढ़ाने वाली दवा का सेवन किया है।

पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टरों ने प्राथमिक जांच में मौत की वजह हार्ट फेल होना बताया है। मौत से पहले



उसका ब्लड प्रेशर भी बढ़ा था। अमूमन नशे और दवा के ओवरडोज से ऐसा होता है। मृतक दिव्यांशु पुत्र विनीत कुमार हितैषी एक निजी कंपनी में सेल्स ऑफिसर था। इसी सिलसिले में वह अक्सर ग्वालियर आता रहता था।

यहां 13 जनवरी को उसने होटल मैक्सन में कमरा लिया। उसकी महिला मित्र दिल्ली की है, जो अभी ग्वालियर में रहती है। रात को महिला मित्र उससे मिलने के लिए होटल में आई। दोनों कमरे के अंदर ही थे। रात में अचानक दिव्यांशु को घबराहट होने

■ **मौत से पहले बढ़ा था ब्लड प्रेशर, होटल में मिलने आई थी युवती**

लगी। यह बात उसने महिला मित्र को बताई तो उसने दरवाजा खोलने के लिए कहा। कमरे के अंदर सिगरेट का धुआं भरा था।

वह कमरे के बाहर गैलरी में चहलकदमी करने लगा, अचानक यहां रखी कुर्सी पर बैठ गया। कुर्सी पर बैठे-बैठे ही गिर गया तो महिला मित्र चीख पड़ी। होटल स्टाफ भी यहां पहुंच गया, तुरंत पुलिस को भी बुलाया गया। एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को उसके शव का पोस्टमार्टम हुआ। फिर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। महिला मित्र से थाटीपुर थाना पुलिस की महिला अधिकारी ने पूछताछ की। उसने बताया कि दिव्यांशु बहुत शराब पीता था। बीती रात भी वह नशे में था। उसने इतनी सिगरेट पी कि पूरे कमरे में धुआं भर गया था।

### रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी

लखनऊ के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। उसकी महिला मित्र भी होटल के कमरे में ही मौजूद थी, जब यह घटना हुई। यहां दवा के कुछ रैपर मिले हैं। शराब और सिगरेट पीने के बाद दवा खाई थी। आशंका है- यह सेक्स पावर बढ़ाने वाली दवा हो सकती हैं, क्योंकि उसकी मौत की प्राथमिक वजह ब्लड प्रेशर अधिक बढ़ने के बाद हार्ट फेल होना बताई गई है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी।

**- केके पाराशर**, थाना प्रभारी, थाटीपुर, ग्वालियर

दवा खाते ही बिगड़ गई थी तबीयत इसक बाद कोई दवा खा ली थी। दवा खाने के बाद ही युवक की तबीयत बिगड़ गई थी। पुलिस ने महिला मित्र के बयान दर्ज किए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# 'पावर कारपोरेशन के दबाव में बना कानून तो होगा आंदोलन'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में बिजली दर तय करन का जो मानक होता है वह मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन ही होता है वर्ष 2019 में बना मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 5 वर्ष की कार्य अवधि के लिए था जो 2024 में खत्म हो गया अब वर्तमान में बिजली कंपनियों मे जो बिजली दर तय करने का मानक होगा वह मल्टी ईयर वितरण टैरिफ रिलेशन 2025 के आधार पर होगा जिसका प्रस्तावित ड्राफ्ट विद्युत नियामक आयोग आज जारी करने वाला है।

उपभोक्ता परिषद को जैसे पता चला कि प्रदेश में नई बनने वाली बिजली कंपनियां को लेने वाली इच्छुक उद्योगपतियों व केंद्र सरकार सहित पावर कारपोरेशन के कुछ उच्च अधिकारी इस रेगुलेशन के ड्राफ्ट को इस प्रकार प्रस्तावित करा रहे है जिससे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का जो लगातार संवैधानिक तरीके से सरप्लस निकल रहा है वह माइंस में पहुंच जाए और

■ **निजी बिजली कंपनियां कानून बनाकर बिजली दर बढाने की साजिश में जुटी**

बिजली कंपनियों का बडा सरप्लस निकल आए और आने वाले समय में जो बिजली कंपनियों को लेने वाले निजी घराने हैं वह बिजली दरों में प्रत्येक वर्ष बेतहाशा वृद्धि कराने के लिए नया कानून पहले से ही बनवाने में कामयाब हो जाए इसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक जनहित विरोध प्रस्ताव दाखिल करते हुए कहा विद्युत नियामक आयोग एक संवैधानिक संस्था है वह बिना किसी के दबाव में आकर काम करें वर्तमान में पुराने टैरिफ रेगुलेशन के सभी मानक बिजली कंपनियों व पावर कॉरपोरेशन द्वारा माननीय अपीलेट ट्रिब्यूनल में चौलेंज किया गया है।

# मायावती ने यूपी में पुलिस राज होने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी में पुलिस राज कायम होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के नाम पर दमनकारी नीति अपनाई जा रही है। इसके तहत अधिकतर गरीबों, मजलूमों, बेसहारा और मेहनतकश लोगों को अंधाधुंध गिरफ्तार करके जेलों में कैद किया जा रहा है। जो कि चिंतनीय है। हाल ये है कि सिविल मामलों को भी क्रिमिनल केस की तरह देखा जा रहा है और विरोधियों का दमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को कोर्ट की तरह गंभीर और संवेदनशील होकर संविधान धर्म की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मायावती बृहस्पतिवार को लखनऊ में बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि यूपी में सत्ताधारी



लोगों के हर जुर्म की अनदेखी की जा रही है। क्या इसी से कानून व्यवस्था में सुधार होगा? जिलों में प्रशासन व पुलिस का रवैया ज्यादातर मामलों में राजनीतिक, सांप्रदायिक व जातिवादी है। इससे लोगों में धारणा बन रही है कि भाजपा की वोट बैंक की राजनीति के लिए पुलिस व प्रशासन का अनुचित इस्तेमाल किया जा रहा है। बैठक में उन्होंने संगठन के कार्यों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से बसपा को तन, मन और धन से मजबूत करने की

■ **कहा- विरोधियों का किया जा रहा दमन**

अपील की है। इसके पहले मायावती ने बुधवार को अपने जन्मदिन पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। जिस दिन कांग्रेस व भाजपा जैसे जातिवादी दलों के लुभावने वादों वाली राजनीति को जनता भांप जाएगी, तब बसपा फिर से वापसी करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस व भाजपा जैसे दल बसपा को खत्म करना चाहते हैं।

मायावती ने कहा कि दिल्ली में खुद के दम पर चुनाव लड़ रही बसपा इस बार बेहतर प्रदर्शन करेगी। बशर्ते चुनाव में धांधली नहीं हो। कांग्रेस, भाजपा व आम आदमी पार्टी के बीच लुभावने वादे व गारंटी आदि देने की होड़ मची है, जबकि सत्ता में रहकर उन्होंने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया।

## मिशिका को हिन्दी ओलंपियाड में स्वर्ण



**लखनऊ।** एक्सीलिया स्कूल के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि विद्यालय के बच्चे दिन- प्रतिदिन नई बुलंदियों को छू रहे हैं। हाल ही में हिन्दी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड में कक्षा 3-ए की छात्रा मिशिका गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता है। सम्मान समारोह 30 जनवरी 2025 को तीन मूर्ति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मिशिका को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। मिशिका की उपलब्धि पर एक्सीलिया स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने मिशिका को बधाई देते हुए उसके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# टीएमयू के नेशनल वेबिनार में एआई, आईओटी पर मंथन

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई, मुरादाबाद की ओर से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग के क्षेत्र में लेटेस्ट ट्रेंड्स पर राष्ट्रीय वेबिनार में आईआईटी, रुड़की के एमेरिटसफेलो एवम् यूटीयू, उत्तराखंड के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) पीके गर्ग ने बतौर मुख्य वक्ता उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे- एआई, आईओटी, और ऊर्जा-संग्रहण पर विस्तार से चर्चा की। एसएलआईईटी, लोंगोवाल के प्रो. (डॉ.) सुरिता मैनी ने ट्रांस-ह्यूमनिज्म और पहनने योग्य सेंसर तकनीकों की व्याख्या की। आईआईटी, बीएचयू के डॉ. श्याम कमल ने पीआईडी नियंत्रकों और स्लाइडिंग मोड कंट्रोल- एसएमसी पर चर्चा की। वीआईटी-एपी यूनिवर्सिटी, अमरावती के डॉ. एम. कृष्णा सामी ने ऊर्जा-संग्रहण तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण पर जोर दिया। वेबिनार में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी दिए गए।

फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों और प्रवृत्तियों के बारे में प्रोत्साहित किया।

इससे पूर्व ईसीई की एचओडी डॉ. अलका वर्मा ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय वेबिनार के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में वेबिनार संयोजक श्री राहुल विश्नोई ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। कार्यक्रम डॉ. विभोर कुमार भारद्वाज, श्री प्रशांत कुमार, श्री नीरज कौशिक के संग-संग स्टुडेंट्स ललित कश्यप, अर्पित जैन, नवजोत, विवेक कुमार सिंह, अभिषेक जैन आदि समेत 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन स्टुडेंट खुशबू खन्ना ने किया।

# भारत में 42 मिलियन लोग थायरॉयड से जुड़ी बीमारियों से ग्रसित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत में लगभग 42 मिलियन लोग थायरॉइड से जुड़ी बीमारियों से प्रभावित हैं, जिनमें हाइपोथायरॉइडिज्म सबसे आम है। यह बीमारी 10 में से 1 वयस्क को होती है। हाइपोथायरॉइडिज्म के मरीजों में से 41.8 प्रतिशत एनीमिया से भी पीड़ित होते हैं।

वर्ल्ड थायरॉइड अवेयरनेस मंथ के दौरान यह याद दिलाना जरूरी है कि इन दोनों बीमारियों का इलाज न होने पर जीवन की गुणवत्ता और उत्पादकता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। एबॉट इंडिया की मेडिकल अफेयर्स हेड, डॉ. रोहिता शेट्टी ने बताया, भारत में हाइपोथायरॉइडिज्म और एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याएं आम हैं, लेकिन इन्हें समय पर पहचानकर और सही इलाज से नियंत्रित किया जा सकता है। इन दोनों बीमारियों के बीच संबंध को लेकर जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है।

■ **थाइरॉइड और एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनीं**

अगर आपके किसी जानने वाले को गर्मी में भी ठंड लगती है या वह हर समय थकान महसूस करता है, तो उसे तुरंत डॉक्टर से सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

डॉ. अरुण पांडे, कंसल्टेन्ट एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हेल्थसिटी विस्तार, लखनऊ ने बताया, हाइपोथायरॉइडिज्म और एनीमिया की समस्या लगातार बढ़ रही है। 15 से 49 साल की महिलाओं में एनीमिया के मामले 2015-16 में 53 प्रतिशत थे, जो 2019-2021 में बढ़कर 57 प्रतिशत हो गए। लोगों को इन दोनों बीमारियों के बीच के संबंध को समझना चाहिए, ताकि सही समय पर बीमारी की पहचान हो सके और इलाज सुनिश्चित किया जा सके। एनीमिया तब होता है जब शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की संख्या सामान्य से कम हो जाती है।

# जिलाधिकारी ने किया सबला ऐप का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभगाार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकांक्षी जनपद की महिलाओं के स्वावलम्बन एवं सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से तैयार किये गये सबला लाभार्थी प्रबन्धन प्रणाली ''सबला ऐप'' का शुभारम्भ किया। इसी अवसर पर डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ ऐप के माध्यम से पंजीकृत लाभार्थियों को प्रशिक्षण हेतु चयन पत्र, टीकाकरण प्रमाण-पत्र, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकरण इत्यादि से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र का वितरण किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम ने बताया कि ''सबला'' ऐप का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, वित्तीय स्वतंत्रता तथा उद्यमिता विकास के लिए विभिन्न स्तर पर पाठ्यक्रम के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें कौशल विकास के क्षेत्र में दक्ष बनाना है। सबला ऐप विशेष रूप से महिलाओं की



आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई है। यह ऐप इच्छुक महिलाओं को प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने, रोज़गार के लिए विभिन्न बैंकों से ऋण प्राप्त करने के साथ-साथ शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल/आंगनबाडी केन्द्रों में दाखिला दिलाने के साथ-साथ टीकाकरण की सुविधा भी प्रदान करेगा। एक प्रकार से सबला ऐप निर्बल महिला को सबला बनाने का न सिर्फ मार्ग दिखायेगा बल्कि उनका मार्गदर्शन भी करेगा।

डीएम ने बताया कि सबला ऐप की विशेषता होगी कि एक बार आवेदन करने के पश्चात यह आवेदन सबला ऐप पर दर्ज हो जायेगा। जिसकी स्थिति को आवेदनकर्ता महिलाएं स्वयं देख भी सकेंगी। महिला द्वारा किये गये आवेदन में यदि रोज़गार हेतु प्रशिक्षण की मांग की गई तो उक्त आवेदन सीधे आर-सेटी की लॉग इन में उपलब्ध होगा जहां से प्रशिक्षार्थियों का बैच गठित कर सम्बन्धित ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। यदि आवेदनकर्ता ने अपने आवेदन-पत्र में बैंक से लोन (वित्तीय सहायता) के लिए निवेदन किया है तो आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंक को भेज कर आवेदनकर्ता को ऋण दिलाये जाने

■ **महिलाओं के स्वावलम्बन का आधार बनेगा सबला ऐप**

की कार्यवाही की जायेगी।

इसी प्रकार यदि आवेदनकर्ता महिला द्वारा अपने आवेदन-पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि उसके 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का टीकाकरण नहीं हुआ है तो आवेदन सीधे मुख्य चिकित्साधिकारी के लॉग इन में उपलब्ध होगा जहां से उन बच्चों के टीकाकरण की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। आवेदनकर्ता महिला द्वारा यदि इस बात का उल्लेख किया गया है कि उसका 06 वर्ष का बच्चा है और स्कूल में पंजीकरण नहीं है तो आवेदन सीधे बेसिक शिक्षा अधिकारी की लॉग इन में उपलब्ध होगा। जहां से बच्चों का स्कूल में पंजीकरण कराने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। आवेदनकर्ता महिला द्वारा यदि इस बात का उल्लेख किया गया है कि उसका 06 वर्ष से कम आयु का बच्चा है और स्कूल में पंजीकरण नहीं है तो आवेदन सीधे बाल विकास विभाग की लॉग इन में उपलब्ध होगा।

## ई-लाटरी के माध्यम से हुआ लाभार्थियों का चयन

**बहराइच।** मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में नन्दबाबा मिशन अन्तर्गत मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री गो संवर्धन योजना के लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से एनआईसी के सहयोग से किया गया। बैठक के दौरान मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना अन्तर्गत 04 लाभार्थियों का चयन हुआ किया गया तथा प्रतिक्षा सूची हेतु 11 आवेदक चयनित किये गये। इसी प्रकार मुख्यमंत्री गो सर्वधन योजना में 12 महिला व 12 पुरुष लाभार्थी चयनित किये गये तथा प्रतिक्षा सूची हेतु 07 आवेदक चयनित किये गये।

सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना में 10 स्वदेशी गाय पालने तथा मुख्यमंत्री गो संवर्धन योजना 02 स्वदेशी गाय पालने की योजना है।

# ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभगाार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिले के ग्रामीण/छोटे विक्रेताओं तथा स्वयं सहायता समूहों के लिए विकसित की गई ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म का शुभारम्भ किया। डीएम ने कहा कि आज की तेजी से विकसित हो रही डिजिटल दुनिया में, प्रौद्योगिकी ने उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच की खाई को पाट दिया है. जिससे बड़े और छोटे व्यवसायों के लिए अपार अवसर उपलब्ध हुए हैं। हालांकि, ग्रामीण/छोटे विक्रेता, जो अनौपचारिक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, अक्सर इन डिजिटल उपकरणों तक पहुंच की कमी रखते हैं, जिससे उनकी विकास क्षमता सीमित हो जाती है। ऐसे लक्षित समूहों को सशक्त बनाये जाने के उद्देश्य से अनुकूलित ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म का विकास किया गया है।

डीएम ने बताया कि यह प्लेटफार्म लक्षित समूहों की विस्तारित बाजार तक पहुंच को आसान बनायेगी। क्योंकि

■ **छोटे विक्रेताओं, महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहो को मिलेगा प्लेटफार्म**

परंपरागत रूप से, ग्रामीण विक्रेता अपने उत्पादों को अपने आस-पास के इलाके में ही बेचने तक सीमित रहते हैं। ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म उन्हें बहुत व्यापक ग्राहक आधार तक पहुँचने की अनुमति देगा, जिससे उनकी पहुँच शहरी और यहाँ तक कि वैश्विक बाज़ारों तक भी बढ़ जाएंगी। इससे विक्रेताओं को अपने सामान को अपने भौतिक स्थान की सीमाओं से परे बेचने में मदद मिलेगी, जिससे भौगोलिक बाधाएँ टूट जाएँगी।

यह प्लेटफार्म आय में वृद्धि और आर्थिक स्थिरताः बड़े बाजार तक पहुंच स्वाभाविक रूप से अधिक बिक्री और संभावित रूप से बढ़ी हुई आय में तब्दील होगी। विशाल ऑनलाइन बाज़ार का लाभ उठाकर, विक्रेता सीमित स्थानीय बाज़ार की तुलना में अधिक बार और संभवतः बेहतर कीमतों पर बिक्री कर सकेंगे। इससे इन विक्रेताओं के लिए बेहतर आर्थिक स्थिरता मिलेगी। उन्हें अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए दैनिक बिक्री पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।

डीएम ने बताया कि ई-कामर्स प्लेटफार्म से लक्षित समूहों की बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी। क्योंकि ग्रामीण विक्रेता अक्सर अपने उत्पादों को बड़े बाजारों में ले जाने और बेचने के लिए बिचौलियों पर निर्भर रहते हैं, जिससे उनका लाभ मार्जिन कम हो जाता है। अपना खुद का ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म होने से, विक्रेता अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेच कर मिडिल मैन की गैर मौजूदगी से लाभ का बड़ा हिस्सा अपने पास रख सकेंगे। यह प्रणाली लक्षित समूहों को दृश्यता और ब्रांडिंग का विकास करने में भी मददगार होगी। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ग्रामीण विक्रेताओं को अपनी खुद की ब्रांड पहचान स्थापित करने में मदद करेगी। ऑनलाइन प्रोफाइल, समीक्षा और ग्राहक बातचीत के साथ, विक्रेता विश्वास और एक वफादार ग्राहक आधार बना सकेंगे, जो कि पारंपरिक सड़क किनारे बिक्री के माध्यम से हासिल करना मुश्किल है।

# ज़ी किड्स एकेडमी में हुआ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



■ बच्चों की फैंसी ड्रेस ने किया सबको मनमोहक

**अवधनामा संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के मोहल्ला रम्पुरा में स्थित ज़ी किड्स एकेडमी में बुधवार को भव्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उनमें आत्मविश्वास विकसित करना था। यह प्रतियोगिता बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक विशेष अवसर साबित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हाजी शमशुल इस्लाम, देवेंद्र बाबू, मास्टर मौ0 राहत व सनाउल्लाह मंसूरी ने शिरकत की। बच्चों ने अपनी रंगीन वेशभूषाओं और प्रभावशाली प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न तरह की वेशभूषाओ से सभी का मन मोह लिया। यूसुफ ने डॉक्टर, अल्ज़ा ने पायलट, महाद ने वकील, शहरान ने वकील, ज़ैनब ने शेफ, ज़रीन ने मैंगो फ्रूट, हानिया ने फ्रूट गर्ल, अबीर ने पुलिस, हुरैन ने एंजेल, ज़ोहान ने ग्रेप्स फ्रूट, मीशा ने टीचर, हिफ्जान ने इंजीनर, सारा ने डॉल, अज़हान ने गांधी जी, समायरा ने मिस वर्ल्ड, आयज़ल ने जज, नौमान ने एप्पल फ्रूट, यासर ने शेख़ अरबी, आकिब ने फौजी, हारिस फ़ज़ा ने ऑरेंज फ्रूट की रंगीन वेशभूषा धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उनके प्रदर्शन की तारीफ की, उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करती हैं। निर्णायकों ने बच्चों के प्रदर्शन को उनके वेशभूषा, संवाद, और आत्मविश्वास के आधार पर आंका। स्कूल प्रबंधक ज़ीशान नजीबाबादी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्कूल स्टाफ और शिक्षकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने मुख्य अतिथियों और अभिभावकों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमारा उद्देश्य बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए ऐसे रचनात्मक मंच प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता बच्चों के जीवन में एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता लाने का प्रयास है। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं शहरीन और इल्मा समेत स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए, बल्कि सभी उपस्थित लोगों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

## कन्नौज मार्ग पर पिकअप व सीएनजी ऑटो में टक्कर, चार घायल

**बिलग्राम/हरदोई।** बिलग्राम कन्नौज मार्ग पर ग्राम जलालपुर आईटीआई /पांडे बाबा के पास पिकअप और सीएनजी ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में से चार लोग घायल हुए। दुर्घटना की सूचना पर कोतवाली बिलग्राम पुलिस मौके पर पहुंची फिर राहत व बचाव कार्य शुरू करते हुए हादसे में घायलों को इलाज हेतु बिलग्राम सीएससी में भिजवाया। जहाँ पर पति पत्नी की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल चिकित्सकों ने रिफर किया। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्घटना में घायलों में समोद व उसकी पत्नी पिंकी अपनी बेटी प्राची 5 वर्षीय के साथ कन्नौज से दवा लेकर लौट रहे थे। इसी ऑटो में 55 वर्षीय रामप्रकाश भी थे। जो पिकअप डाले की भिड़ंत के बाद सड़क किनारे खंती में पलटे ऑटो में फंस गए। जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। बिलग्राम सीएचसी से समोद व उसकी पत्नी पिंकी को जिला अस्पताल रैफर किया गया। वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच में पुलिस जुट गई। मामले को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी बिलग्राम ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे की वजह कन्नौज मार्ग पर कन्नौज मार्ग से आ रहे पिकअप वाहन का टायर फट जाने की वजह से सामने से आ रहे सीएनजी वाहन से टकरा गया।

# मीडियाकर्मियों के ज्ञापन के बाद हरकत में आया पुलिस प्रशासन



**अवधनामा संवाददाता**

**नजीबाबाद।** चाइनीज मांझे से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने हरकत में आते हुए मांझे की बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दुकानो पर रखे चाइनीज मांझे को जब्त करते हुए नष्ट करा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से दुकानदारो में हड़कम्प मचा रहा। चाइनीज मांझे से आए दिन हो रही दुर्घटनओं को लेकर सोमवार को नगर के मीडियाकर्मियों ने थाना को सम्बोधित ज्ञापन एसएसआई ईलम सिंह को दिया था। मंगलवार को थाना अध्यक्ष जय भगवान सिंह ने पुलिस टीम के साथ नगर में मौहल्ला बालक राम, मछली बाजार, बाजार कल्लूगंज, मौहल्ला बसंती माता स्थित पतंग की दुकानों पर छापेमारी की, जहां पर कुछ दुकानों पर प्रतिबंध चाइनीज़ मांझा बिकता हुआ पाया गया। पुलिस ने मांझे को जब्त करते हुए नष्ट कर दिया। पुलिस द्वारा चलाए गये अभियान से चाइनीज मांझा बेचने वालो में हड़कम्प मचा रहा कुछ दुकानदार अपनी अपनी दुकाने बंद कर भूमिगत हो गये। थाना अध्यक्ष जय भगवान सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अभियान के दौरान कुछ दुकानो पर चाइनीज मांझा मिला है, सम्बंधितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होने दू टूक कहा कि क्षेत्र में चाइनीज मांझे की बिक्री नहीं होने दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मीडिया कर्मियों ने सांसद के सामने रखी प्रेस भवन की मांग



**नजीबाबाद।** सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद के बैनर तले नगर प्रेस भवन बनवाये जाने की मांग को लेकर मीडिया कर्मियों ने नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद को ज्ञापन सौंपा। क्लब के अध्यक्ष नईम सिद्दीकी के नेतृत्व में संसद को दिए गए ज्ञापन में कहा कि नजीबाबाद में तहसील के मीडिया कर्मियों के लिए प्रेस भवन की मांग विगत कई वर्षों से चली आ रही है। प्रेस भवन न होने के कारण नजीबाबाद के मीडिया कभी साथियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद मीडिया कर्मियों के हितों की रक्षा करने एवं पत्रकारों के लिए एक मंच प्रदान करता है। नगर में प्रेस भवन बनने से प्रेस का नगर के मुद्दों पर चर्चा और जानकारी आदान प्रदान करने के लिए आयोजनों का होना आसान हो जाएगा। इस अवसर पर क्लब के संरक्षक जितेंद्र जैन, नरपाल सिंह, पारुल भारती, फराह, गुलजार, नवीन, राजवीर सिंह, नीतिश शर्मा, हिफजुर्रहमान, विकास, टी एस मलिक, आदि मौजूद रहे!

### डीएम ने की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा



**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने वर्चुअल माध्यम से जन शिकायतों के निस्तारण के लिए जनपद स्तर पर बनाये गए पोर्टल की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने समक्ष अधिकारियों से पोर्टल खुलवाया तथा शिकायत निस्तारण की स्थिति के बारे में पूँछा। उन्होंने कहा कि शिकायतों का वर्गीकरण न्यायोचित ढंग से किया जाये। पोर्टल पर निस्तारण आख्या के साथ साथ शिकायत भी अपलोड की जाये। प्रतिदिन शिकायत निस्तारण की समीक्षा की जाये। तहसीलदार बिलग्राम तथा बीडीओ बिलग्राम, कोथावां, भरखनी, मल्लावां, माधोगंज, कछौना, सांडी व टोडरपुर को उन्होंने शिकायतों की कम संख्या को लेकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों को नियमित रूप से सुना जाये। किसी भी शिकायत को माँग श्रेणी में वर्गीकृत करने से पूर्व अच्छी तरह से जाँच की जाये। सभी शिकायतों को पोर्टल पर दर्ज किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### सीडीओ की अध्यक्षता में हुई आकांक्षा समिति की बैठक

**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी की अध्यक्षता में आकांक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया। समिति में निर्णय लिया गया कि बाल सुधार गृह में बच्चों की काउन्सिलिंग हेतु बाहर से सुयोग्य काउन्सलर बुलाया जाये। इस सम्बन्ध में अधीक्षक से बात कर तिथि निर्धारित कर ली जाये। समिति की सदस्या आलोकिता श्रीवास्तव ने बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा गरीब बच्चों को गरम कपड़े वितरित करने के लिए कुछ धन इकठ्ठा किया गया है। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि एक तिथि निर्धारित कर वितरण का कार्य किया जायेगा। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि गणतंत्र पर महिला चिकित्सालय में बने पोषण पुनर्वास केंद्रों पर पोषण पोटली दी जाये तथा महिला महिला मरीजों को फल वितरित किये जाएं।कार्यकारिणी के चुनाव का कार्य आगामी बैठक में कराया जाये। समिति का खाता किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खुलवाया जाये।

# मिट्टी में दबी नवजात को मिला नया जीवन



■ माँ ने ठुकराया बाल कल्याण समिति ने दी नई राह

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** जिले के थाना नखासा क्षेत्र में एक दर्दनाक इंसानियत को झकझोरने वाली घटना सामने आई है। एक नवजात बच्ची, जिसे किसी ने निर्दयता से मिट्टी में दबा दिया था । यह बच्ची पूरी रात मिट्टी में दबी रही, लेकिन उसकी जिंदगी का दीपक बुझने से पहले ही पुलिस ने उसे बचा लिया। पूरी रात मिट्टी में दबी रही मासूम थाना नखासा क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों ने रात के समय मिट्टी के नीचे से हल्की आवाज सुनी। जब उन्होंने पास जाकर देखा, तो नवजात बच्ची मिट्टी में दबी हुई थी। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को गंभीर बताते हुए इलाज शुरू किया।

**मां ने रखने से किया इनकार-** जांच में पता चला कि बच्ची की मां मुरादाबाद जिला कारागार में बंद है। जब नवजात को मां को सौंपने का प्रयास किया, तो मां ने बच्ची को अपनाने से मना कर दिया।

**बाल कल्याण समिति ने दी सहारा-** बच्ची के स्वस्थ होने के बाद, पुलिस ने उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। समिति ने बच्ची के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए बच्ची को बिशेष दत्तक अभिग्रहण बदायूं रखने का आदेश किया। यहां बच्ची का पालन-पोषण और देखभाल की जाएगी।

**इंसानियत की मिसाल-**इस घटना ने जहां मानवता पर सवाल उठाए हैं, वहीं पुलिस और बाल कल्याण समिति की तत्परता ने यह साबित किया है कि हर जीवन की अपनी अहमियत है। मिट्टी में दबी इस बच्ची की जिंदगी बचाने के लिए की गई कोशिशें समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। यह नवजात अब बाल संरक्षण गृह में सुरक्षित है, और उम्मीद है कि उसका भविष्य उज्ज्वल होगा। यह घटना इंसानियत का एक ऐसा चेहरा दिखाती है, जिसे हमें हमेशा जीवित रखना चाहिए। आदेश करते समय बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री गौरव गुप्ता, सदस्य गौरव शर्मा व नूतन चौधरी रहे।

# डीएम ने की नगर निकायों की समीक्षा बैठक

■ सड़क के किनारे कूड़ा फेकने पर अधिशाषी अधिकारी होंगे जिम्मेदार: डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में नगर निकायों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि वंदन योजना के कार्यों की धीमी प्रगति पर उन्होंने हरदोई व बिलग्राम के अधिशाषी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत शाहाबाद व मल्लावां में कार्यों की डीपीआर जल्द प्रेषित की जाये। पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाये। नगरों में पेयजल पाईपलाइन के विस्तार का काम जल्द कराया जाये। नगर निकायों में सीवर लाइन की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाये। नगर पालिका हरदोई व पाली में कान्हा गौशाला का निर्माण कराया जाये। एमआरएफ सेंटरों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाये। नगरों में साफ सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाया। नगर क्षेत्र का कूड़ा एमआरएफ सेंटर के अलावा कहीं न फेका जाये अन्यथा सम्बंधित अधिशाषी अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। लोगों की ओर से मिली ऐसी किसी सूचना को सही पाए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कूड़ा निस्तारण के सम्बन्ध में उन्होंने अधिशाषी अधिकारियों से उनके क्षेत्र में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के सम्बन्ध में पूछा तथा संतोषजनक उत्तर न मिलने पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि कचरे से मिलने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी प्रत्येक नगर निकाय से ली जाये। ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाये। 15वें वित्त के फंड के कम व्यय को लेकर उन्होंने नगर पालिका हरदोई के अधिशाषी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कचरा पृथक्करण मशीन की खरीद डेढ़ वर्ष पूर्व स्वीकृति मिलने के बावजूद न हो पाने पर उन्होंने अधिशाषी अधिकारी हरदोई से कड़ी नाराजगी जतायी तथा रिपोर्ट प्रमुख सचिव नगर विकास को प्रेषित करने को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तेईस मार्च को लखनऊ में शपथ लेंगे मनोनीत पदाधिकारी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आईटी सेल जिलाध्यक्ष अंकित सतभैया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, प्रदेश महामंत्री डा.दिलीप सेठ, राजेंद्र गुप्ता ने जिले, नगर, प्रदेश, झांसी मंडल के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी, जिला महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन मोनू, नगर महामंत्री पंकज बिरधा के अलावा प्रदेश मंत्री नवीन सिंघई, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक जैन अनौरा, मुन्नालाल एड., प्रांतीय कार्य समिति सदस्य-महेश सतभैया, अभय जैन एड., संजय खन्ना को मनोनीत करने के साथ-साथ निवर्तमान जिला महामंत्री अनिल अंचल की सेवाओं को देखते हुए उन्हें झांसी मंडल झांसी का महामंत्री नियुक्त कर संगठन एवं व्यापारियों के हितों में कार्य करने की अपेक्षा की।

## संविधान गौरव अभियान में विधायक ने मलिन बस्तियों का किया भ्रमण

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान 11 से 25 जनवरी के तहत मुहल्ला वंशीपुरा में एक दिवसीय अभियान का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन रहे। मुख्य वक्ता में विधायक ने कहा कि सरकार हमेशा ही गरीबों के उत्थान में काम कर रही है। सरकार हमेशा अन्तिम पंक्ति को लाभान्वित करने में तत्पर हैं। अनुसूचित जातियों में सबसे ज्यादा आवास योजना, निराश्रित पेंशन योजना,अम्रत जल योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, आदि योजनाएं सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। जिस तरह से विपक्ष ने संविधान बदलने की बात कही है हमारी सरकार दस साल केन्द्र में हैं। अभी तक संविधान नहीं बदला।

# कैलगुवां चौराहा पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज बन रहा मुसीबत

**अवधनामा संवाददाता**

■ एकल रास्ता होने से वाहन चालकों को परेशानी

■ अव्यवस्थाओं के चलते रात के अंधेरे और कोहरे में दुर्घटनाओं का अंदेशा

**ललितपुर।** शहर को ग्रामीण अंचलों से जोड़ने के लिए नेशनल हाई-वे 44 स्थित कैलगुवां चौराहा पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज इन दिनों लोगों की समस्याओं का प्रमुख कारण बनता नजर आ रहा है। कच्छप गति से चल रहे निर्माण कार्य से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं निर्माणाधीन साइड के आसपास अव्यवस्थाओं के चलते इन दिनों लग रहे भीषण कोहरे और अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने जनहित में जिला प्रशासन से निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने और साइड पर रात्रिकालीन संकेत व्यवस्था को दुरुस्त कराये जाने की मांग उठायी है।

गौरतलब है कि भारत के सबसे बड़े हाई-वे 44 झांसी- ललितपुर से होते हुये सागर की ओर निकला है। इस मार्ग पर लम्बी दूरी के ट्रक, डम्फर जैसे भारी वाहनों का काफी आवागमन होता है। इसके अलावा शहर को पनारी, रजवारा से होते हुये बानपुर और टीकमगढ़ के लिए जोड़ने वाला कैलगुवां मार्ग भी इसी हाई-वे से होकर गुजरता है। कैलगुवां चौराहा पर आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ओवर ब्रिज का निर्माण शासन स्तर से कराया जा रहा है। लेकिन निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के कारण एक ललितपुर से सागर की ओर वाले मार्ग को अवरूद्ध कर एकल व्यवस्था लागू है, जहां से आये दिन भारी वाहनों को निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा सड़क टूट जाने के कारण वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के भी आसार बने रहते हैं। इतना ही नहीं निर्माणाधीन ओवर ब्रिज की कच्छप गति से परेशान लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बात यहीं खत्म नहीं होती, वर्तमान में भीषण ठण्ड में शाम होते ही कोहरा लगने लगता है, जिससे दूर से आ रहे वाहनों को एकल मार्ग दिखाई नहीं पड़ता है और संकेतांक साइन बोर्ड इत्यादि दुरुस्त न होने के कारण दुर्घटना घटित होने की संभावनाएं भी बलवती रहती हैं। इन सभी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन से स्थानीय लोगों ने जनहित में समुचित कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।



## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मथुरा।** अखिल भारतीय मानव सेवा संघ मथुरा (पंजीकृत) द्वारा राजकीय महाविद्यालय मांट, मथुरा में लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित करने संबंधी प्रशिक्षण उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश के पूर्व जिला प्रभारी चौधरी विशन सिंह द्वारा प्रदान किया गया जिसमें कुकरी, अचार, मुरब्बा, जैम, शरबत तथा अन्य विभिन्न प्रोडक्ट बनाने की विधि, प्रबंधन, एवं बाजार में उत्पादों की आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अपने प्रशिक्षण में बिशन सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत विभिन्न उद्योग स्थापित करने के लिए 5 लाख रुपए की राशि बिना ब्याज के सक्षम उद्यमियों को प्रदान की जा रही है।

# अब्दुल कय्यूम अंसारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि संगोष्ठी का आयोजन 18 जनवरी को

■ अब्दुल कय्यूम अंसारी भारत की आज़ादी और अखंडता के प्रहरी

**अवधनामा संवाददाता**



**पटना।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा और पसमांदा समाज के अप्रतिम नेता अब्दुल कय्यूम अंसारी की पुण्यतिथि के अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज, बिहार द्वारा दिनांक 18 जनवरी 2025 को पटना के कम्युनिटी हॉल, फुलवारी शरीफ में एक विशेष श्रद्धांजलि संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अब्दुल कय्यूम अंसारी जी के विचारों, उनके संघर्षों और समाज सुधार के कार्यों को समाज के सभी वर्गों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में उनके जीवन से जुड़े प्रेरणादायक पहलुओं को रेखांकित करते हुए, उनके आदर्शों पर चर्चा की जाएगी और उनके योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण किया जाएगा।

इस संगोष्ठी में पसमांदा समाज के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी, राजनेता, उलेमा, सामाजिक कार्यकर्ता और पसमांदा एक्टिविस्ट सहित विभिन्न राज्यों के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

संगोष्ठी में वक्ता अब्दुल कय्यूम अंसारी के जीवन, उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा और पसमांदा समाज के उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार साझा करेंगे।

अब्दुल कय्यूम अंसारी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने न केवल आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, बल्कि पसमांदा समाज के उत्थान और अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति का कड़ा विरोध किया और मुस्लिम लीग की नीतियों को खुली चुनौती दी। दिल्ली के लाल किले पर मुस्लिम लीग के खिलाफ मोर्चा खोलकर उन्होंने यह स्पष्ट संदेश दिया कि पसमांदा समाज एकता और अखंडता के पक्ष में है। उनका नारा 'हमारी ताकत हमारी एकता में है, और हमारी प्रगति हमारी शिक्षा में' आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कई संस्थाओं की स्थापना की, जिनका उद्देश्य पसमांदा समाज को मुख्यधारा में शामिल करना था। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज अंसारी जी की विचारधारा से प्रेरणा लेकर समाज में समानता, सौहार्द और विकास के लिए कार्यरत है।

अब्दुल कय्यूम अंसारी जैसे महान नेता का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उनके समय में थी। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## एआरपी चयन विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए: राजेश



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश लिटौरिया के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवं एआरपी चयन की विज्ञप्ति प्रकाशित करने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने शासनादेश के क्रम में मान्यता प्राप्त संघों के प्रतिनिधियों से वार्ता हेतु समय निर्धारित करने एवं मानव सम्पदा पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण अवकाश व अन्य कमियों को पूरा करने, ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर तैनात कार्मिकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, विद्यालयों में आने वाली कंपोजिट ग्रांट के बिल वाउचर का वर्ष में दो बार ऑडिट होता है, किन्तु इसके बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी बिल वाउचर्स के सत्यापन के नाम पर धन उगाही करते हैं। इस पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। सितम्बर माह में महिलाओं के हलषष्ठी के अवकाश पर होने के बावजूद भी निरीक्षण में अध्यापिकाओं को अनुपस्थित कर दिया गया था।

# दुवाशु : पशु चिकित्सा महाविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा, उत्तर प्रदेश में दिनांक 04 जनवरी 2025 से 03 फरवरी 2025 तक चलने वाले दीक्षोत्सव माह के अंतर्गत, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय का स्थापना दिवस विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया कि मथुरा पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना 16 जनवरी 1947 में पशु चिकित्सा विज्ञान में शिक्षा एवं शोध हेतु की गई थी। यह देश का पहला पशु चिकित्सा महाविद्यालय था, जिसने पशु चिकित्सा विज्ञान में डिग्री कार्यक्रम शुरू किया और पशु चिकित्सा स्नातक की डिग्री प्रदान की तथा वर्ष 1951 में भारत में पहली बार पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान के कई विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम प्रारंभ करने का गौरव भी इस महाविद्यालय को प्राप्त है। पशुओं के उत्तम रखरखाव, स्वास्थ्य तथा उत्तम उत्पादकता प्राप्त करने के लिए पशुधन का उन्नत किस्म तथा स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए पशु चिकित्सा विशेषज्ञ का होना अत्यंत आवश्यक है। मथुरा पशु चिकित्सा महाविद्यालय पिछले 77 सालों से लगातार पशु चिकित्सा विशेषज्ञ तैयार कर प्रदेश तथा देश को समर्पित करता आ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के कुलपति, प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह नाम बताया कि मथुरा पशु चिकित्सा महाविद्यालय का स्वर्णिम इतिहास है । यहां के स्नातक तथा परास्नातको ने देश के विभिन्न संस्थानों में गरिमामय पदों को सुशोभित कर, इस महाविद्यालय का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने बताया कि पशु पालकों को अच्छा उत्पादन एवं अच्छा आर्थिक लाभ हेतु प्रेरित करना पशु चिकित्सा विशेषज्ञो का महत्व पूर्ण दायित्व है। पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के स्थापना दिवस आयोजन के समन्वयक, अधिष्ठाता, प्रोफेसर, विकास पाठक ने आगंतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए बताया कि यह महाविद्यालय स्थापना के समय से लगातार पशु चिकित्सा एवं पशुपालन स्नातकों को शिक्षण, शोध तथा प्रसार का उत्कृष्ट ज्ञान प्रदान करता आ रहा है । उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे पशु चिकित्सा विषय पर कविता लेखन, स्केच, कोलाज, पोस्टर बनाना, क्विज, निबंध लिखना, गुलदस्ता बनाना तथा रंगोली की प्रतियोगिता आयोजित की गई। विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक शोध, प्रोफ़ेसर विनोद कुमार; निदेशक प्रसार प्रोफेसर अतुल सक्सेना; अधिष्ठाता, परास्नातक, प्रोफेसर अर्चना पाठक; कुलसचिव प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, डॉ नित्यानंद पांडे, अधिष्ठाता, मत्स्यिकी महाविद्यालय; प्रोफेसर रश्मि सिंह अधिष्ठाता, डेरी विज्ञान महाविद्यालय; प्रोफेसर आर. पी. पांडे, अधिष्ठाता, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय; निर्देशक, डिप्लोमा, प्रोफेसर सरजीत यादव; प्रोफेसर दीपक शर्मा; प्रोफेसर विजय पांडे; प्रोफेसर संजय पुरोहित; प्रोफेसर अतुल प्रकाश; प्रोफेसर बृजेश यादव; प्रोफेसर अमित सिंह; प्रोफेसर लक्ष्मी प्रसाद सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सामलिया एग्रो रिसॉर्ट, वृंदावन में बनेगा प्रेस क्लब

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) की कार्यकारिणी बैठक बुधवार को जी एल ए यूनिवर्सिटी के पीछे सामलिया एग्रो रिसॉर्ट वृंदावन में आयोजित की गई जिसमें ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने सभी पत्रकारों को पटुका और महाराणा प्रताप का छायाचित्र देकर सम्मानित किया । बैठक में पत्रकारों की समस्या - समाधान,संगठन के विस्तार और पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया गया। बैठक में सर्व सहमति से उपज पत्रकार संगठन मथुरा के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल एवं जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान ने सामलिया ग्रुप के चेयर मेन ठाकुर यशवीर सिंह राघव को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष का मनोनयन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। नवनियुक्त उपज पत्रकार संगठन मथुरा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने उपज पत्रकार संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी ईमानदारी के साथ जाति धर्म का भेदवाव न करते हुए राष्ट्रहित हित में पत्रकारिता और उपज पत्रकार संगठन में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पद का निर्वहन करेंगे। ठाकुर यशवीर राघव ने मथुरा की प्रेस क्लब की समस्या पर कहा कि मथुरा शहर में अगर कोई जगह प्रेस क्लब के लिए चिन्हित होती है तो वह आर्थिक सहयोग के लिए तैयार हैं इसके साथ ही सामलिया एग्रो रिसॉर्ट पर वृंदावन में प्रेस क्लब बनाएंगे।

# कौन हैं सितांशू कोटक? जिन्हें बीसीसीआई ने टीम इंडिया का नया बल्लेबाजी कोच बनाया



22 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का आगाज होना है। इस सीरीज में भारतीय टीम के पास बल्लेबाजी कोच भी होगा। बीसीसीआई ने सौराष्ट्र के ऑलराउंडर सितांशू कोटक को इस घरेलू सीरीज के लिए बल्लेबाजी कोच चुना है। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत 22 जनवरी से होगी।

सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, कोटक बल्लेबाजी कोच टीम इंडिया के साथ जुड़ेंगे। टीम इंडिया कोलकाता में तीन दिन का कैंप करेगी जिसके लिए खिलाड़ी 18 तारीख तक वहीं पहुंचेंगे। टीम इंडिया इस समय में मुख्य कोच गौतम गंभीर, अभिषेक नायर (सहायक कोच), रेयान टेन डोएशेट (सहायक कोच), मोर्ने मार्केल (गेंदबाजी कोच) और टी दिलीप के साथ खेल रही है। अब इस दल में एक और एंट्री हो गई है। फिलहाल, गुजरात में जन्मे सितांशु कोटक ने अपने करियर में कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। उन्होंने लिस्ट ए के मुकाबलों में 42.33 के औसत से 3083 रन बनाए हैं। वह क्रिकेट की दुनिया में अपनी शानदार टेक्नीक के लिए जाने जाते हैं। सौराष्ट्र के इस खिलाड़ी ने 130 फर्स्ट क्लास मैच में उन्होंने 41.76 के औसत से 8061 रन बनाए हैं जिसमें 15 शतक लगाए हैं। वहीं 9 टी20 मैचों में उनके नाम 133 रन है। कोटक घरेलू क्रिकेट में 11 हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं। कोटक इससे पहले इंडिया ए के साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने वीवीएस लक्ष्मण के साथ काम किया है। इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी ने भारत के बल्लेबाजी कोच बनने से दिलचस्पी दिखाई है।

# ये दिग्गज बनना चाहता है टीम इंडिया का नया बैटिंग कोच, कर दिया ऐलान



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को टीम इंडिया के लिए एक बल्लेबाजी कोच की जरूरत है। जिसके बाद बोर्ड ने वेकेंसी भी निकाली है। इस वेकेंसी को देखते हुए इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच बनने में दिलचस्पी जताई है।

बता दें कि, वहीं पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद राहुल द्रविड़ का बतौर हेड कोच कार्यकाल खत्म हो गया। जिसके बाद उनकी जगह गौतम गंभीर हेड कोच बने। गौतम गंभीर के साथ अभिक नायर टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच बने, जबकि साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मौर्न मोर्कल गेंदबाजी कोच के रुप में जुड़े। टी दिलीप टीम इंडिया के फील्डिंग कोच बने हे, जबकि रेयान टेन डेशखाटे को टीम इंडिया का दूसरा असिस्टेंट कोच बनाया गया। द्रविड़ के कार्यकाल में विक्रम राठौर टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच थे, जबकि पारस म्हाम्ब्रे बॉलिंग कोच। गंभीर के कार्यकाल में टीम इंडिया का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। सोशल मीडिया पर टीम इंडिया के नए बैटिंग कोच की तलाश को लेकर कई गई एक पोस्ट के जवाब में केविन पीटरसन ने लिखा कि, (उपलब्ध), भारतीय टीम का प्रदर्शन पिछळे कुछ समय में बॉलिंग में पूरी तरह से जसप्रीत बुमराह पर निर्भर रहा है, वहीं बैटिंग में यशस्वी जायसवाल के अलावा कोई और बैटर कुछ खास नहीं कर पा रहा है।

# फेक न्यूज फैलाने वालों पर भड़के जसप्रीत बुमराह, बेड रेस्ट की आई थी रिपोर्ट



टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर इन दिनों कई अफवाह आ रही हैं। कई रिपोर्ट में तो ये भी दावा किया जा रहा है कि बुमराह को बेड रेस्ट की सलाह दी गई है। अब इन तमाम मीडिया रिपोर्ट पर खुद बुमराह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस दौरान कहा कि फेक न्यूज फैलाना आसान है। इसका मतलब है कि बुमराह को बेड रेस्ट नहीं दिया गया है।

बता दें कि हाल ही में ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर खेली गई पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के आखिरी मुकाबले में बुमराह को बैक स्पाज्म हुआ था, जिसके बाद भारतीय गेंदबाज मैच के बीच में स्कैन के लिए गए थे। बुमराह ने इसके बाद मुकाबले में गेंदबाजी भी नहीं कराई थी। बुमराह के गेंदबाजी नहीं कराने से तरह-तरह की अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं।

तमाम रिपोर्ट्स में तो ये भी दावा किया जा चुका है कि, बुमराह फरवरी-मार्च में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी भी मिस कर सकते हैं। हालांकि, बुमराह की चोट पर बीसीसीआई की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन खुद बुमराह ने जरूर सबकी क्लास लगा दी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुमराह ने अपनी बेड रेस्ट वाली फैलती खबरों पर रिप्लाई करते हुए लिखा कि, मुझे पता कि फेक न्यूज फैलाना आसान है लेकिन इससे मुझे हंसी आती है। सोर्स अविश्वसनीय।

बता दें कि, टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में 5 टी20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि वनडे सीरीज के लिए उन्हें टीम में रखा जाता है या नहीं।

# विराट कोहली जो रुट स्मिथ और विलियमसन के बाद नई पीढ़ी के ये खिलाड़ी होंगे फेब-4, एक भारतीय शामिल



मौजूदा समय में टेस्ट क्रिकेट में चार खिलाड़ी फैब-4 में हैं। इनमें जो रूट, केन विलियमसन, विराट कोहली और स्टीव स्मिथ शामिल हैं। वहीं पूर्व इंग्लिश खिलाड़ी नासिर हुसैन और माइकल एथर्टन ने नई पीढ़ी के फैब फो बल्लेबाजों को चुना है। इसमें भारत के यशस्वी जायसवाल और हैरी ब्रूक के अलावा कुछ प्लेयर शामिल हैं। माइकल वॉन ने पाकिस्तान के उभरतेहुए स्टार सैम अयूब को इस लिस्ट में रखा है। जबकि एथर्टन ने अपनी लिस्ट में दो उभरते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज कामिंदू मेंडिस और रचिन रविंद्र को चुना है। फैब फोर शब्द न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी मार्टिन क्रो ने 2010 के दशक की शुरुआत में दिया था। उस दौरान उन्होंने ऐसे नाम चुने जिनके बारे में उन्हें लगता था कि वे अगल कुछ सालों तक वर्ल्ड क्रिकेट पर राज करेंगे। उन्होंने भारत के विराट कोहली, इंग्लैंड के जो रूट, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को चुना। अब ये सभी खिलाड़ी अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर हैं, ऐसे में अगली पीढ़ी के फैब फोर को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पॉडकास्ट पर बात करते हुए हुसैन ने जायसवाल और ब्रुक को चुनने के बाद कहा कि, सैम अयूब को अभी चोट लगी है और ये निश्चित नहीं है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए फिट होंगे या नहीं, लेकिन वह सभी फॉर्मेट में पाकिस्तान के लिए टॉप ऑर्डर में एक डायनामिक खिलाड़ी हो सकते हैं। वहीं हुसैन ने ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को अपने आखिर चयन के रूप में चुना है इससे पहले एथर्टन ने उन्हें बताया कि 31 साल के हेड अपनी उम्र के कारण इसमें फिट नहीं बैठते हैं। एथर्टन ने श्रीलंका के कामिंडू मेंडिस और न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र के साथ-साथ जायसवाल और ब्रुक को नए फैब फोर के रूप में चुना।

## वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद अब टाटा स्टील शतरंज में हिस्सा लेंगे डी गुकेश

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश विश्व चैंपियन बनने के बाद शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। दिसंबर में सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप जीतने के बाद गुकेश ने न्यूयॉर्क में विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे। वह शनिवार को अपना अभियान शुरू करेंगे। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में जोड़ियों की घोषणा की जाएगी। पांच भारतीय पहली बार 'शतरंज का विंबलडन' कहे जाने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाली प्रतियोगिताओं में से एक है जो 1938 से खेली जा रही है। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रेटिंग वाले भारतीय खिलाड़ी के रूप में शुरुआत करेंगे।

# साउथ अफ्रीका को लगा बड़ा झटका, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले चोटिल होकर बाहर हुआ ये धाकड़ खिलाड़ी



चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले दक्षिण अफ्रीका को तगड़ा झटका लगा है। नॉर्टजे ने जून 2024 में टी20 वर्ल्ड कप के बाद से कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। वह पाकिस्तान के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज में वापसी करने वाले थे, लेकिन नेट्स में उनके पैर की अंगुली टूट गई। तब से वह अपनी ऋ20 फ्रेंजाइजी, प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए बिल्कुल भी नहीं खेले हैं और दक्षिण अफ्रीका के मार्की टी20 टूर्नामेंट से भी बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीकी टीम जल्द ही उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा करेगा।

वहीं एनरिक नॉर्टजे की जगह गेराल्ड कोएत्जी ले सकते हैं। वह पिछले नवंबर में श्रीलंका के खिलाफ डरबन टेस्ट में कमर की चोट लगने के बाद जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए एक्शन में लौटे हैं। दक्षिण अफ्रीका के व्हाइट बॉल कोच रॉब वाल्टर ने बताया कि नॉर्टजे और कोएत्जी के बीच चयन को लेकर मुकाबला था और उन्होंने कोएत्जी के बजाय नॉर्टजे के अनुभव को चुना। उन्होंने ये भी संके दिए की उन्हें नॉर्टजे के फिट घोषित होने का पूरा भरोसा है।

वाल्टर ने आगे कहा कि, एनरिक नॉर्टडे बेहतरीन गेंदबाज हैं। वह अपना और अपनी कंडीशनिंग का ख्याल रखते हैं। अपनी तरफ से मुझे उन पर भरोससा है और मुझे विश्वास है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार होंगे। हालांकि, उनके इस बयान के 48 घंटे बाद दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड की एक प्रेस रिलीज में कहा गया कि नॉर्टजे का सोमवार दोपहर को स्कैन किया गया था और 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए समय पर उनके ठीक होने की उम्मीद नहीं है।

हालांकि, पिछले 6 आईसीसी आयोजनों में ये तीसरी बार है, जब एनरिक नॉर्टजे चोट के कारण बाहर हुए हैं और ये सभी वनडे टूर्नामेंट हैं। उन्हें 2019 वर्ल्ड कप में खेलना था, लेकिन टूर्नामेंट से पहले उनका अंगूठा टूट गया, फिर पीठ के निचले हिस्से में फ्रैक्चर के कारण वह 2023 वर्ल्ड कप से चूक गए और अब 2025 चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी पहली ही फिल्म से बॉलीवुड में की थी धमाकेदार एंट्री, मॉडलिंग से शुरु किया था करियर



बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय सिद्धार्थ मल्होत्रा आज 40 साल के हो चुके हैं। कम उम्र में ही दुबली-पतली फिजिक के साथ मॉडलिंग से करियर शुरू करने वाले सिद्धार्थ 15 साल के एक्टिंग करियर में अब तक कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुके हैं। अपनी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर के बाद से ही सिद्धार्थ लाखों लड़कियों के क्रश बन गए थे। कभी इनकी फीमेल फैंस इनके नाम पर तारे का नाम रजिस्टर करवाती हैं, तो कभी दर्जनों गिफ्ट्स भेजती हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा का जन्म 16 जनवरी 1985 को रिटायर्ड नेवी ऑफिसर सुनील और रीमा के घर दिल्ली में हुआ था। उनको बचपन से ही एक्टिंग करने में रुचि थी। कहा जाता है कि जब भी बचपन में उनकी नाक से खून निकलता तो वो दर्द से ध्यान भटकाने के लिए बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन के डायलॉग की नकल उतारते थे। सिद्धार्थ ये सोचते थे कि वो एक एक्शन सीन कर रहे हैं, जिससे उन्हें चोट लगी है। शहीद भगत सिंह यूनिवर्सिटी दिल्ली से ग्रेजुएशन के बाद सिद्धार्थ ने मॉडलिंग इंडस्ट्री में कदम रखा था। मॉडलिंग में कदम रखते ही सिद्धार्थ ने द मैनहंट पैजेंट और द ग्लैडरेग्स मेगा मॉडल का खिताब जीता था।

इस प्रतिभाशाली अभिनेता ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपने दमदार अभिनय के दम पर एक अलग पहचान कायम की है। उन्होंने बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी मेहनत और काबिलियत से ही करियर के ऊंचे पायदान पर पहुंचे हैं। अभिनेता लग्जरी लाइफ जीने के लिए भी चर्चा में रहते हैं ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने मॉडलिंग करने का फैसला किया। बताया जाता है कि शुरुआत में सिद्धार्थ ने अपने निजी खर्चों के लिए मॉडलिंग शुरू की थी, लेकिन बाद में उन्होंने लंबे समय तक मॉडलिंग की दुनिया में जलवा दिखाया। सिद्धार्थ मल्होत्रा को 2009 में टीवी शो धरती का वीर योद्धा पृथ्वीराज चौहान में जयचंद का एक छोटा सा रोल मिला। इस शो के बाद सिद्धार्थ ने अनुभव सिन्हा की फिल्म के लिए ऑडीशन दिया था। इस फिल्म में उन्हें तीन लीड्स में से एक रोल मिला था। फिल्म का कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद प्रोडक्शन ने उन्हें मुंबई में एक घर दिया और सैलेरी भी थी। 6 महीनों तक सिद्धार्थ उस घर में रहे, लेकिन फिर अनुभव सिन्हा की फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई और उन्हें वो घर छोड़ना पड़ा।

स्टुडेंट ऑफ द ईयर फिल्म के लिए दो लड़कों और एक लड़की के फ्रेश चेहरे की तलाश में थे। सिद्धार्थ ने इस सुनहरे मौके को हाथ से नहीं जाने दिया और ऑडिशन के लिए पहुंच गए। तीन दिनों तक सिद्धार्थ का ऑडिशन लेकर उन्हें साइन कर लिया गया। स्टारकिड्स आलिया भट्ट और वरुण धवन ने भी सिद्धार्थ के साथ इसी फिल्म से इंडस्ट्री में कदम रखा था। फिल्म क्रिटिक का अनुमान था कि बड़ी स्टारकास्टिंग न होने पर फिल्म अच्छा कलेक्शन नहीं कर सकेगी, लेकिन इसने पहले दिन ही 7 करोड़ का बिजनेस कर सबको हैरान कर दिया था। फिल्म ने 109 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया था। फिल्म के लिए सिड को फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए बेस्ट डेब्यू मेल केटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। वे लग्जरी लाइफ जीते हैं। खबरों के अनुसार, सिद्धार्थ 75 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के मालिक हैं। उनके पास मुंबई के पाली हिल इलाके में लग्जरी बैचलर पैड है। अभिनेता होने के साथ ही सिद्धार्थ मॉडल भी हैं। उनकी महीने की कमाई 50 लाख से ज्यादा है और सालाना 6 करोड़ रुपये तक कमा लेते हैं। सिद्धार्थ को बाइक और लग्जरी कारों का भी शौक है, उनके पास हार्ले डेविडसन अमेरिकन कंपनी की 14 लाख रुपये की बाइक और रेंज रोवर, एसयूवी, मर्सिडीज बेंज एमएल 350 जैसी सुविधाजनक कारें हैं। उनकी नेटवर्थ लगभग 85 करोड़ रुपये है। अभिनेता ने खूबसूरत अभिनेत्री कियारा आडवाणी को तीन साल तक डेट किया। कुछ समय बाद दोनों स्टार्स ने फिर एक-दूसरे से शादी करने का फैसला किया।

# सुदीप ने अमेरिका से लौटकर बनाई थी पहली फिल्म, छोटे पर्दे पर भी खूब हासिल की लोकप्रियता



भोजपुरी सिनेमा में अपनी अदाकारी से खास पहचान बनाने वाले अभिनेता सुदीप पांडे अब इस दुनिया में नहीं रहे। परिवार के अनुसार दिल का दौरा पड़ने से बुधवार (15 जनवरी) की सुबह 11 बजे उनका निधन हो गया। इस खबर के सामने आते ही फैंस समेत पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।

सुदीप पांडे का बिहार से गहरा नाता था। उनकी परवरिश बिहार में ही हुई थी। उन्होंने अपनी पढ़ाई भी यहीं से की थी। इंजीनियरिंग में स्नातक होने के बाद, वह कुछ समय तक भारत और अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम कर चुके थे। उन्होंने कई फर्मों में चार साल तक काम किया। हालांकि, फिल्मों में उनका झुकाव शुरू से था। इसी वजह से उन्होंने अभिनय में अपनी किस्मत आजमाई।

सुदीप ने 2007 में भोजपुरी फिल्म 'भोजपुरिया भईया' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, जिसे उन्होंने खुद प्रोड्यूस भी किया था। अमेरिका से वापस लौटने के बाद उन्होंने इस फिल्म पर काम शुरू किया था। इस फिल्म ने सफलता हासिल की और इसके बाद उन्होंने भोजपुरी सिनेमा में कई हिट फिल्में कीं। उन्होंने 'भोजपुरिया दरोगा' 'मसीहा बाबू''हमार संगी बजरंगबली', 'हमार ललकार' 'सौतन' 'नथुनिया पे गोली मारे' 'धरती' 'कुर्बानी', 'बगावत' जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया। इन फिल्मों में उनकी अदाकारी को काफी पसंद किया गया।

सुदीप पांडे ने बिहार के पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में बिहार एक खोज नाम के कार्यक्रम की मेजबानी भी की थी। उन्होंने कई टीवी धारावाहिकों में भी अभिनय किया, जिनमें 'सात वचन सात फेरे' 'खानदान' 'पुलिस फाइल्स' 'कहीं का हाल बा' शामिल हैं।

सुदीप को उनके काम के लिए कई पुरस्कार भी मिले थे, जिनमें भोजपुरी पुरस्कार समारोह 2008, प्रज्ञा विभूषण पुरस्कार 2011 और भोजपुरी सम्मान समारोह 2009 में अभिमन्यु पुरस्कार शामिल हैं।

# इमरजेंसी में कंगना रनौत से लेकर अनुपम तक, जानिए कौन अभिनेता निभाएगा किसका किरदार



इंदिरा गांधी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक आपको फिल्म इमरजेंसी में हर एक राजनेता का अहम किरदार देखने को मिलेगा। इस फिल्म में जहां कंगना ने पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया हैं, वहीं श्रेयस तलपदे ने अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाया है। आइए जानते हैं इमरजेंसी में कौन अभिनेता निभाएगा किसका किरदार।

फिल्म की मुख्य नायिका के तौर पर कंगना रनौत ने इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। इंदिरा गांधी 1975 से 1977 तक भारत की पहली प्रधानमंत्री रहीं। उस आपातकाल के दौरान, सरकार ने नागरिक स्वतंत्रता को निलंबित कर दिया, प्रेस को सेंसर कर दिया और बड़े पैमाने पर राजनीतिक हस्तियों को गिरफ्तार किया।

इमरजेंसी में अनुपम खेर ने जयप्रकाश नारायण का किरदार निभाया है। वह एक प्रमुख विपक्षी नेता के किरदार में आपातकाल का विरोध करते नजर आएंगे। जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति के लिए कई लोगों को सरकारों के विरोध में उठने के लिए प्रेरित किया। इस फिल्म में अनुपम खेर ने प्रसिद्ध समाजवादी नेता के दृढ़ विश्वास और ज्ञान को जीवंत किया है।

अटल बिहारी वाजपेयी के रूप में श्रेयस तलपदे नजर आएंगे। आपातकाल के दौरान, अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीतिक विपक्ष में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरे। वह देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्रियों में से एक थे।

इंदिरा गांधी की जीवनीकार और करीबी दोस्त के रूप में पुपुल जयकर ने प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत और पेशेवर संघर्षों को बखूबी दर्शाया गया है। राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, महिमा चौधरी ने इस जटिल किरदार को निभाया है, जिसमें वह इंदिरा गांधी के साथ अपने रिश्ते को संभालती हैं।

# साक्षी सागर मडोलकर ने की अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट पर बात, कहा मोगली 2025 मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है



साक्षी सागर मडोलकर, जो नामाकूल और अमेज़न की अपकमिंग सीरीज़ नॉक नॉक के लिए जानी जाती हैं, अब तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में धमाकेदार एंट्री करने जा रही हैं। उनकी पहली तेलुगु फिल्म मोगली 2025 होगी, जिसमें वह रोशन कनकाला के साथ नजर आएंगी। 14 जनवरी 2025 को फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज़ किया गया, जिसने फैंस के बीच खूब हलचल मचाई। साक्षी ने इस प्रोजेक्ट को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है। फैंस उनकी इस नई शुरुआत को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर संदीप राज की फिल्म मोगली 2025 एक शानदार विजुअल और इमोशनल जर्नी का वादा करती है। खूबसूरत जंगल के बैकड्रॉप पर बनी यह फिल्म दमदार कहानी और दिलचस्प ड्रामा का मेल है। ऐसे में फिल्म के रिलीज़ हुए पोस्टर ने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता पैदा कर दी है। लोग इस फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं और इसे लेकर चर्चा तेज हो गई है।

साक्षी सागर मडोलकर ने अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म मोगली 2025 को लेकर अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा है, इतने पैशनेट और टैलेंटेड टीम के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है। तेलुगु सिनेमा में अपनी जर्नी की शुरुआत करने को लेकर मैं बेहद खुश हूं। मोगली 2025 मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है, और मैं इंतजार नहीं कर सकती कि ऑडियंस इसे देखें और इसे महसूस करें। फिल्म में साक्षी का किरदार जैस्मिन, जो कहानी की इमोशनल ताकत है, दर्शकों के दिलों को छूने वाला है। साक्षी की एक्साइटमेंट और उनके काम के लिए डेडिकेशन उनकी आंखों में साफ नजर आता है।

डायरेक्टर संदीप राज ने भी अपनी लीडिंग लेडी साक्षी की तारीफ करते हुए कहा, साक्षी मोगली 2025 का दिल हैं। दर्शक कुछ सच में खास देखेंगे, और जैस्मिन 2025 के सबसे पसंदीदा फीमेल किरदारों में से एक बन जाएगी। फिल्म की कहानी बेहद आकर्षक है, और शानदार परफॉर्मेंस के साथ-साथ विजुअल्स भी दिल छूने वाले हैं। मोगली 2025 एक ऐसी सिनेमाई अनुभव बन रही है जिसे फैंस मिस नहीं करना चाहेंगे।

मोगली 2025 को लीडिंग प्रोड्यूसर टीजी विश्व प्रसाद ने पीपल मीडिया फैक्ट्री के तले प्रोड्यूस किया है, और इसमें कैची म्यूजिकल स्कोर हैं, जिन्होंने ऑस्कर-विनिंग ट्रैक नातु नातु पर भी काम किया है। इस फिल्म में म्यूजिक और कहानी दोनों का शानदार मेल है, और यह तेलुगु सिनेमा में एक बड़ा धमाका करने के लिए तैयार है। मोगली 2025 एक ऐसा सिनेमाई अनुभव बनने जा रही है जिसे दर्शक लंबे समय तक नहीं भूल पाएंगे। तो इस सफर के लिए तैयार हो जाइए!

# हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने का मतलब आरोप पर क्लीन चिट नही

## जयराम रमेश ने फिर दोहराई JPC की मांग



**नई दिल्ली।** अमेरिकी इंवेस्टमेंट रिसर्च फर्म और शॉर्ट सेलिंग ग्रुप हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी बंद होने जा रही है। कंपनी के फाउंडर नाथन एंडरसन ने इसका एलान किया है। हिंडनबर्ग रिसर्च का ये एलान ऐसे वक्त में आया है, जब अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन का चार वर्षों का कार्यकाल पूरा होने में बस कुछ ही दिन बचे हैं। भारत के दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी के व्यवसाय समूह और शेयर बाजार नियामक संस्था सेबी के खिलाफ अपनी रिपोर्ट से हलचल मचाने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी को बंद कर दिया गया है। कंपनी के संस्थापक नाथन एंडरसन ने एक दिन पहले इसकी घोषणा की। जिसके बाद से राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेद हो गई गई है। भाजपा ने जहां हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत के खिलाफ सुपारी करार दिया, वहीं, कांग्रेस ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कंपनी के बंद होने का यह मतलब नहीं है कि पूर्व में आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों पर अदाणी समूह को क्लीनचिट मिल गई। उन्होंने कहा कि वे अभी भी जेपीसी की मांग पर अड़े हुए हैं। उन्होनें अपने बयान में कहा कि जनवरी 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट में बेहद गंभीर आरोप लगाए गए थे। इनका असर यह था कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय को अदाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि अदाणी समूह का मुख्य संरक्षक कोई और नहीं बल्कि भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं।

रमेश ने आरोप लगाया कि मामला बहुत गहरा है। इसमें राष्ट्रीय हित की कीमत पर पीएम के करीबी दोस्तों को अमीर बनाने के लिए भारतीय विदेश नीति का दुरुपयोग करना भी शामिल है। इसमें भारतीय व्यापारियों को महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संपत्तियों को बेचने के लिए मजबूर करने और अदाणी को हवाई अड्डों, बंदरगाहों, रक्षा और सीमेंट के क्षेत्र में एकाधिकार बनाने में मदद करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करना भी शामिल है।

जयराम रमेश ने इस दौरान उन्होंने सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह को जिन संस्थाओं का दुरुपयोग करके अदाणी समूह को फायदा दिया गया उसमें सेबी जैसे संस्थान भी शामिल हैं, जिसकी बदनाम चेयरपर्सन हितों के टकराव और अदाणी के साथ वित्तीय संबंधों के स्पष्ट सबूत के बावजूद अपने पद पर बनी हुई है।

रमेश ने कहा कि यह भी देखना चाहिए कि सेबी की जांच, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए दो महीने का समय दिया था, को लगभग दो साल तक खिंच दिया गया है। ऐसे में यहां भले ही अदाणी और मोदी ने भारत के संस्थानों पर कब्जा कर लिया हो, लेकिन देश के बाहर उजागर हुई आपराधिकता को इस तरह से कवर नहीं किया जा सकता है। अमेरिकी न्याय विभाग ने अदाणी पर आकर्षक सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया है।

रमेश ने कहा कि जैसे ही आपराधिकता के सबूत सामने आए, कई देशों ने अपनी अदाणी परियोजनाओं को रद्द कर दिया है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अमेरिका की शॉर्ट सेलर यानी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट एक संगठित, प्रायोजित और आर्थिक आतंकवाद का हिस्सा थी। उन्होंने इसे भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत के खिलाफ सुपारी थी। यह एक आर्थिक अराजकता और आतंकवाद का प्रायोजित और साजिशपूर्ण कृत्य था। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साध कहा, %राहुल गांधी आपके अंतरराष्ट्रीय सहयोगी हिंडनबर्ग ने अपनी दुकान बंद कर दी, अब आप कब देश के खिलाफ अपना प्रचार-प्रसार बंद करेंगे? आपका हिंडनबर्ग से क्या संबंध है? क्या यह जॉर्ज सोरोस द्वारा प्रायोजित रिपोर्ट थी? आज कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए।

# बॉम्बे हाईकोर्ट के नए भवन निर्माण के लिए अगली किश्त कब देगी महाराष्ट्र सरकार



**मुंबई।** बीरेंद्र सराफ ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने परियोजना की प्रगति पर विचार और समीक्षा के लिए गुरुवार शाम को एक बैठक बुलाई है।

महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह मुंबई के बांद्रा बॉम्बे हाई कोर्ट के नए भवन परिसर के निर्माण के लिए 5.25 एकड़ जमीन की अगली किश्त 31 जनवरी तक सौंप देगी। जस्टिस बीआर गवई की पीठ से राज्य सरकार ने कहा कि पहली किश्त में 4.39 एकड़ जमीन अक्टूबर 2024 में हाईकोर्ट को सौंप दी गई थी। वहीं, 5.25 एकड़ की दूसरी किश्त दिसंबर 2024 तक दिया जाना था। महाराष्ट्र सरकार के वकील बीरेंद्र सराफ ने पीठ को बताया कि 5.25 एकड़ जमीन की किश्त सौंपने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं और अतिक्रमण हटा दिया गया है। उन्होंने अदालत से कहा, ÷सभी अतिक्रमण हटा लिए गए हैं। हमें 31 जनवरी का समय चाहिए। यह जमीन जो 31 दिसंबर तक सौंपी जानी थी, सौंप दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि परियोजना प्रबंधन सलाहकार की नियुक्ति के लिए भी कदम उठाए गए हैं। बीरेंद्र सराफ ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने परियोजना की प्रगति पर विचार और समीक्षा के लिए गुरुवार शाम को एक बैठक बुलाई है। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह 23 सितंबर 2924 को किया गया था। पीठ ने कहा, ÷भवन निर्माण जल्द से जल्द शुरू हो इसके लिए राज्य द्वारा निभाई गई सक्रिय भूमिका की हम सराहना करते हैं।÷ बता दें कि पिछले साल 24 अक्तूबर को राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत से कहा था कि वह हाईकोर्ट के नए परिसर के निर्माण के लिए जमीन की अगली किश्त दिसंबर तक सौंप देगी।

## केवल दो से अधिक बच्चे वाले ही लड़ सकेंगे स्थानीय निकाय चुनाव

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने जनसंख्या में गिरावट को कम करने के प्रयास में बड़ा एलान किया है। सीएम ने कहा है कि केवल दो से अधिक बच्चे वाले ही स्थानीय निकाय चुनाव लड़ सकेंगे। इससे पहले भी उन्होंने दो या उससे अधिक बच्चे पैदा करने कही थी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि, कोई व्यक्ति सरपंच, नगर पार्षद या महापौर तभी बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों। इस दौरान उन्होंने संकेत दिया कि इससे जनसंख्या में गिरावट को रोका जा सकेगा। सीएम ने आगे कहा कि, वे लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे। इससे पहले सीएम नायडू ने कहा था कि, राज्य में विकास दर बढ़नी चाहिए। सभी को इस बारे में सोचना चाहिए और परिवारों को कम से कम दो या उससे अधिक बच्चे पैदा करने का लक्ष्य रखना चाहिए। दरअसल केंद्र की यूथ इन इंडिया-2022 रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में 25 करोड़ युवा 15 से 25 साल के बीच के हैं। अगले 15 साल में यह और तेजी से गिरेगी। उन्होंने हाल ही में यहां नरवरिपल्ले में कहा, एक समय में, अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं थी। अब मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि कम बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। आप सरपंच, नगर पार्षद, निगम अध्यक्ष या महापौर तभी बन सकते हैं जब आपके दो से अधिक बच्चे हों। मुख्यमंत्री के अनुसार, उत्तर भारत लगभग 15 वर्षों में स्थिर प्रजनन दर का लाभ खो सकता है। टीडीपी सुप्रीमो ने कहा कि पुरानी पीढ़ी के पास अधिक बच्चे थे, जबकि वर्तमान पीढ़ी ने इसे एक बच्चे तक सीमित कर दिया है और यह भी उजागर किया कि आजकल कुछ स्मार्ट लोग आनंद लेने के लिए डबल इनकम नो किड्स (डीआईएनके) अवधारणा को अपना रहे हैं।

## बीड सरपंच हत्या मामले की न्यायिक जांच के लिए पैनल गठित

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने परभणी प्रदर्शनकारी सोमनाथ सूर्यवंशी की हिरासत में मौत की न्यायिक जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश वीएल अचलिया की एक सदस्यीय समिति भी गठित की।

महाराष्ट्र सरकार ने बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की न्यायिक जांच के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एमएल तहलियानी की एक सदस्यीय समिति का गठन किया। प्रारंभिक जांच से मालूम चला कि सरपंच ने क्षेत्र में पवनचक्की परियोजना संचालित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली के प्रयास का विरोध करने की कोशिश की थी। पुलिस ने इस मामले में अबतक कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## गृह मंत्री शाह ने गुजरात के वडनगर को दी 300 करोड़ की सौगात



**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुरातत्व अनुभवात्मक संग्रहालय 12,500 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला है। यह 2,500 साल से पुराने समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास और निरंतर मानव निवास के क्रम को उत्खनन किए गए पुरातात्विक प्रमाणों को दर्शाता है। गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 298 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पीएम के गृहनगर वडनगर में पुरातत्व अनुभवात्मक संग्रहालय का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने करीब 35 करोड़ से तैयार वडनगर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स भी जनता को समर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा पर एक फिल्म का भी विमोचन किया गया। इसके अलावा गृह मंत्री ने वडनगर में विरासत परिसर विकास योजना, शहरी सड़क विकास और सौन्दर्यीकरण कार्यक्रम की भी अध्यक्षता की। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुरातत्व अनुभवात्मक संग्रहालय 12,500 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला है। यह 2,500 साल से पुराने समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास और निरंतर मानव निवास के क्रम को उत्खनन किए गए पुरातात्विक प्रमाणों को दर्शाता है। यह भारत में विकसित अपनी तरह का पहला ऐसा संग्रहालय है, जहां आगंतुकों को पुरातात्त्विक स्थल का अनुभव होगा। इस संग्रहालय में मिट्टी के बर्तनों, शंख निर्माण (उत्पाद और कच्चा माल), सिक्के, आभूषण, हथियार, औजार, मूर्तियां, खेल सामग्री तथा जैवक सामग्री जैसे खाद्यान्न, डीएनए और कंकाल अवशेषों से संबंधित लगभग 5,000 से अधिक कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं।

# केरल में बस की टक्कर से कांग्रेस नेता की मौत

## प्रवासी मजदूरों के बीच रह रही बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के अलाप्पुझा के पूचक्कल में सुबह सैर पर निकले कांग्रेस नेता को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में कांग्रेस नेता की मौत हो गई। पुलिस ने केरल के पेरुंबवूर से एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया। वह कुछ समय से एक बिहारी के साथ पेरुंबवूर इलाके में रह रही थी।

केरल के अलाप्पुझा के पूचक्कल में सुबह सैर पर निकले कांग्रेस नेता को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में कांग्रेस नेता की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अलप्पुझा जिला कांग्रेस समिति (डीसीसी) के कार्यकारी समिति के सदस्य 70 वर्षीय एमआर रवि को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रवि की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने केरल के पेरुंबवूर से




एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया। पेरुम्बवूर अन्य राज्यों से आए मजदूरों का एक प्रमुख केंद्र है। प्रवासी मजदूरों के बीच एक बांग्लादेशी नागरिक के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान चलाया। यहां से एक बांग्लादेशी महिला थस्लीमा को हिरासत में लिया। वह कुछ समय से एक बिहारी के साथ इस इलाके में रह रही थी। पुलिस ने बताया कि उसे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एर्नाकुलम ग्रामीण के एसपी वैभव सक्सेना ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पेरुम्बवूर पुलिस थाने में महिला से पूछताछ चल रही है। केरल में हादसे बढ़ रहे हैं। छह जनवरी को केरल के इडुक्की जिले में एक रोडवेज बस खाई में गिर गई थी। हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तमिलनाडु के तंजावुर की यात्रा के बाद 34 यात्रियों को लेकर केएसआरटीसी की एक बस अलपुझा जिले के मावेलीकारा लौट रही थी। छह जनवरी को सुबह करीब छह बजे इडुक्की जिले के पुल्लूपारा के निकट बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक मृतकों के शवों को मुंडाकायम के एक निजी अस्पताल में भेज दिया गया था।

## पोप फ्रांसिस के हाथ में लगी गंभीर चोट

**वेटिकन सिटी।** हाल के वर्षों में पोप की गतिशीलता में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है। साल 2022 से वे घुटने के दर्द और बार-बार होने वाले साइटिका या तंत्रिका तंत्र संबंधी दर्द के चलते व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। अब फ्रांसिस को अपने विमान में चढ़ने के लिए लिफ्ट का उपयोग करना पड़ता है।

पोप फ्रांसिस से जुडी एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि गिरने के कारण उनके हाथ में चोट लग गई है। वेटिकन के एक प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पोप फ्रांसिस गुरुवार को गिर गए जिससे उनकी बांह पर चोट लग गई। हालांकि फ्रांसिस का हाथ नहीं टूटा है लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें स्लिंग पहनाया गया है। इससे पहले हाल ही में सेंट पीटर्स बेसिलिका में 21 नए कैथोलिक कार्डिनलों को पदभार सौंपने के मौके पर आयोजित समारोह में ठोड़ी में लगी चोट के साथ देखा गया था। जिसको लेकर बताया गया था कि गिरने के कारण उन्हें यह चोट लग गई थी। अब एक बार फिर उनको लेकर ऐसी खबर सामने आई है।

बीते शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पोप फ्रांसिस को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रांसिस सम्मान से सम्मानित किया था। इसको लेकर बाइडन ने कहा कि पोप विश्वास आशा और प्रेम की एक प्रकाश हैं जो पूरी दुनिया में चमकती है। बता दें कि ये उपाधि राष्ट्रपति द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। पूर्व पोप बेनेडिक्ट ड्ड्ड्ढ ने साल 2013 में अपने गिरते शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देते पोप का पद छोड़ दिया था। जिसके बाद फ्रांसिस को पोप बनाया गया था। अब ऐसा माना जा रहा है कि पोप फ्रांसिस भी उनकी राह पर चलते हुए पद छोड़ सकते हैं। हाल के वर्षों में पोप की गतिशीलता में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है। साल 2022 से वे घुटने के दर्द और बार-बार होने वाले साइटिका या तंत्रिका तंत्र संबंधी दर्द के चलते व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। अब फ्रांसिस को अपने विमान में चढ़ने के लिए लिफ्ट का उपयोग करना पड़ता है।

# बाइडन ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जारी किए आदेश



**वॉशिंगटन।** साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि इसका इस्तेमाल कई प्रणालियों में आसानी से सेंध लगाने के लिए किया जा सकता है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसका सीधा राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव हो सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश की साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक आदेश जारी किया। इसका उद्देश्य अमेरिकी इंटरनेट और दूरसंचार प्रणालियों से समझौता करने की कोशिश करने वाले हैकिंग समूहों के खिलाफ कार्रवाई को आसान बनाना है। इसके साथ ही अमेरिका पर निशाना बनाने वाले विदेशी सरकारों पर प्रतिबंध लगाना भी आसान हो जाएगा। अमेरिका में यह बदलाव चीन, ईरान, रूस और उत्तर कोरिया में कई हालिया हैकिंग घटनाओं के बाद किया गया है। यह आदेश उन विदेशी हैकरों पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है जो अस्पतालों या अन्य संगठनों को रैंसमवेयर से निशाना बनाते हैं।

साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि इसका इस्तेमाल कई प्रणालियों में आसानी से सेंध लगाने के लिए किया जा सकता है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसका सीधा राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव हो सकता है। व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल समाप्त होने के कुछ ही दिन पहले इस आदेश को जारी किया। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस आदेश को रद्द कर सकते हैं। लेकिन उपराष्ट्रीय ऐनी न्यूबर्गर ने कहा कि आदेश के दो लक्ष्य हैं। पहला, साइबर सुरक्षा को मजबूत करना और साइबर हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करना। दूसरा, द्विदलीय समर्थन जीतना। ऐनी न्यूबर्गर ने कहा, ÷आदेश का उद्देश्य यह दिखाता है कि जब हमारे व्यवसायों और हमारे नागरिकों की सुरक्षा की बात आती है तो अमेरिका का मतलब व्यवसाय है।÷ इस महीने की शुरुआत में व्हाइट हाउस ने उपभोक्ताओं को हैकिंग के प्रति स्मार्ट डिवाइस चुनने में मदद करने के लिए एक कार्यक्रम की घोषणा की थी। साइबर ट्रस्ट मार्क कार्यक्रम के तहत, इंटरनेट से जुड़े उपकरणों के निर्माता खरीदारों को यह बताने के लिए लेबल संलग्न कर सकते हैं कि उत्पाद संघीय साइबर सुरक्षा मानकों को पूरा करता है। ट्रंप ने फिलहाल अपनी नई सरकार में शीर्ष राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा पदों के लिए किसी के नाम की घोषणा नहीं की।

## जॉर्जिया मेलोनी को देख अल्बानियाई प्रधानमंत्री एडी रामा बैठे घुटनों पर और गाने लगे गाना

**अबू धाबी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी 48 साल की हो गईं। उनके लिए बुधवार का दिन बड़ा ही खास और हैरान करने वाला था। दरअसल, अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने कुछ अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी। एडी रामा मेलोनी को देखते ही उनके लिए घुटनों पर बैठ गए और स्कार्फ उपहार में दिया। इतना ही नहीं उन्होंने गाना गाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। बता दें, ये दिलचस्प वाकया संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में हुआ, जहां कई देशों के राष्ट्र प्रमुख वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी समिट में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। काफी लंबे रामा के सामने जब इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी आईं तो उन्होंने घुटनों पर बैठकर उनके लिए तांती अगुरी हैप्पी बर्थडे गाना गाया और फिर उन्हें उपहार में स्कार्फ दिया। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से मेलोनी को स्कार्फ पहनाया, तो वहां मौजूद दूसरे नेता तालियां बजाने लगे। यह स्कार्फ काफी खास था। रामा ने बताया कि यह हल्के वजन का स्कार्फ एक इतालवी डिजाइनर ने बनाया है, जो अब अल्बानिया में रहता है। यह गिफ्ट दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। बता दें, दोनों नेताओं के बीच अच्छे कामकाजी संबंध हैं। हालांकि, दोनों विपरीत राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े हुए हैं। मेलोनी दक्षिणपंथी पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली का नेतृत्व करती हैं, जबकि रामा अल्बानिया की सोशलिस्ट पार्टी के प्रमुख हैं। पिछले साल, मेलोनी और रामा ने एक समझौता किया था, जिसके तहत इटली द्वारा समुद्र से पकड़े गए प्रवासियों को अल्बानिया के हिरासत केंद्रों में भेजने की योजना बनाई गई थी।

हालांकि ये केंद्र अभी कानूनी समस्याओं के कारण बंद हैं, फिर भी यह समझौता दोनों देशों के सहयोग को दर्शाता है। बुधवार को शिखर सम्मेलन में, इटली, अल्बानिया और संयुक्त अरब अमीरात ने एड्रियाटिक सागर में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए समुद्र के नीचे इंटरकनेक्शन बनाने के लिए कम से कम 1 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## युद्धविराम की घोषणा के बाद से इस्राइली हमलों में 72 की मौत, हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा



**अवीव।** इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद से इस्राइली हमलों में गाजा में 72 लोगों की मौत हुई है। यह दो अस्पतालों में पहुंचे शवों की संख्या पर आधारित आंकड़े हैं। वास्तविक आकड़ा इससे अधिक हो सकता है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद से इस्राइली हवाई हमलों में कम से कम 72 लोग मारे गए। मंत्रालय ने कहा ये आंकड़े केवल गाजा सिटी के दो अस्पतालों में पहुंचे शवों से संबंधित हैं और वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। मंत्रालय के पंजीकरण विभाग के प्रमुख जहीर अल-वहीदी ने कहा, कल एक खूनी दिन था और आज स्थिति और भी खराब हो गई है। इससे पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि हमास के साथ आखिरी समय में संकट के कारण इस्राइल युद्धविराम समझौते को मंजूरी देने में देरी कर रहा था। इस युद्धविराम समझौते का मकसद गाजा पट्टी में संघर्ष को रोकना और कई बंधकों को रिहा करना है। नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और कतर की मध्यस्थता से युद्धविराम समझौते की घोषणा के कुछ ही घंटों के बाद समझौते में कुछ दिक्कतों की ओर इशारा किया था। बुधवार को घोषित समझौते के तहत गाजा से कई बंधकों को रिहा किया जाएगा और फलस्तीनी बंदियों को इस्राइल से लौटने की अनुमति होगी। युद्धविराम के बाद युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। इस्राइल और हमास के बीच बीते पंद्रह महीने से युद्ध जारी था, जिसके खिलाफ दुनिया भर में विरोध प्रदर्शन देखने को मिले थे।

# पाकिस्तान में सियासी उथल-पुथल, इमरान खान की पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं ने सेना प्रमुख से की मुलाकात



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सियासी उथल-पुथल जारी है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं ने सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से मुलाकात की। साथ ही, पार्टी के प्रतिनिधियों ने सरकार के सामने अपने राजनीतिक मुद्दे पेश किए ताकि मौजूदा सियासी तनाव को हल किया जा सके। बता दें, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक 72 वर्षीय खान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल से पत्रकारों को बताया कि उनकी पार्टी के नेताओं ने सेना प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी के नेता इससे अलग भी बातचीत के जरिए अपनी मांगों को पूरा करवाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लंबे समय से बातचीत की कोशिश कर रही थी। पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने बताया कि इमरान खान ने सेना प्रमुख के साथ हुई मेरी बैठक को लेकर जो भी कहा वो एकदम सही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर इस सप्ताह पेशावर में जनरल मुनीर से मिले थे। उन्होंने बैठक के पीछे का लक्ष्य बताते हुए कहा, हमारा मकसद पार्टी की सभी मांगों को सीधा मुनीर के सामने रखना था। हमने उनसे मुलाकात करके उन्हें अपनी सभी मांगों से अवगत कराया। उन्होंने इसे एक सकारात्मक कदम बताया। वहीं, पीटीआई ने सरकार के सामने अपनी राजनीतिक मांगों का एक दस्तावेज पेश किया। यह तीसरी बार था जब पीटीआई और सरकार के बीच वार्ता हो रही थी। यह वार्ता 23 दिसंबर से शुरू हुई थी और अब तक तीन दौर हो चुके हैं। इस बैठक में दोनों पक्षों ने सियासी तनाव कम करने के लिए चर्चा की।

नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने पीटीआई के छह नेताओं और सरकार के आठ प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, पीटीआई नेता असद कैसर, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के प्रमुख हामिद रजा, मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन के प्रमुख सीनेटर राजा नासिर अब्बास जाफरी और पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम राजा ने विपक्ष से भाग लिया। सरकार का प्रतिनिधित्व करने वालों में उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, पीएमएल-एन सीनेटर इरफान सिद्दीकी, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता राजा परवेज अशरफ और नवीद कमर, प्रधानमंत्री के राजनीतिक सहयोगी राणा सनाउल्लाह और अन्य सरकारी सहयोगी दलों के नेता शामिल थे।द्व खान की पार्टी ने दो प्रमुख मांगें उठाई, जिनमें नौ मई 2023 और 26 नवंबर 2024 के विरोधों की जांच के लिए दो न्यायिक आयोगों की स्थापना और राजनीतिक कैदियों को जमानत, सजा में छूट, और बरी करने का समर्थन शामिल है। पीटीआई ने सरकार से सात दिनों के भीतर इन आयोगों की स्थापना की मांग की है।

## खनिकों-पुलिस के बीच गतिरोध में 87 की मौत

**जोहान्सबर्ग।** अधिकारियों का मानना है कि लगभग दो हजार खनिक पिछले साल अगस्त से जोहान्सबर्ग के दक्षिण-पश्चिम में बफेल्सफोंटेन गोल्ड माइन में अवैध रूप से काम कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका में एक सोने की खदान में अवैध रूप से भूमिगत काम करने के दौरान फंसे खनिकों और पुलिस के बीच एक महीने से जारी गतिरोध में मरने वालों की संख्या कम से कम 87 हो गई है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने एक बचाव अभियान चलाकर 240 से अधिक जीवित लोगों को खदान से बाहर निकाला। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने कहा कि सोमवार से शुरू हुए बचाव अभियान में खदान से 78 शव निकाले गए, जबकि नौ अन्य शव पहले ही बरामद किए गए थे। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने फिलहाल इस बात का विवरण नहीं दिया कि शव कैसे निकाले गए।

# गंगा परिक्षेत्र में गिरते भूजल स्तर पर गहन शोध आवश्यकः कुलपति

- भूजल स्तर का पता लगाने में कारगर तकनीक है रेसिस्टिविटी सर्वे
- बीएचयू के विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को दी गई रेसिस्टिविटी सर्वे की ट्रेनिंग

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) वाराणसी के विशेषज्ञों द्वारा रेसिस्टिविटी सर्वे से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भू-भौतिकी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के 31 एवं रज्जू भइया संस्थान के भौतिकी एवं जियोलॉजी विषय के छात्रों ने प्रतिभाग किया । इस सर्वे का उद्देश्य गंगा के मैदानी भाग में गिरते भूजल स्तर का पता लगाना और इस दिशा में शोध कार्यों को बढ़ावा देना एवं छात्रों को संबंधित तकनीक के उपयोग करने हेतु प्रक्षिशित करना था। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि गंगा परिक्षेत्र में गिरते भूजल स्तर पर गहन शोध करना समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के व्यावहारिक अनुभव छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान देंगे, बल्कि उन्हें समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी बनाएंगे।अवगत हो कि कुलपति प्रो वंदना सिंह ने नेतृत्व में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में जल शोध संस्थान की स्थापना की जा रही है जिसके माध्यम से पूर्वांचल क्षेत्र की जल सहित पर्यावरणीय विषयों पर शोध कार्य किया जाएगा। यह शोध संस्थान राज्य में प्रथम होगा जो उपरोक्त विषयों पर शोध हेतु विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करेगा। प्रशिक्षण सत्र में बीएचयू के विशेषज्ञों ने छात्रों को रेसिस्टिविटी सर्वे की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराया। उन्होंने डेटा संग्रह, उपकरण संचालन और विश्लेषण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए बताया कि यह तकनीक भूजल स्तर के साथ-साथ भूमि की आंतरिक संरचना और खनिजों का भी अध्ययन करने में सहायक है। बीएचयू के विशेषज्ञ प्रोफेसर उमाशंकर ने कहा कि इस तरह के व्यावहारिक अनुभव छात्रों को उनके शोध कार्यों में नई दिशा प्रदान करेंगे।गंगा के मैदानी भाग में जल संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए तमाम संभावनाएं हैं जिन पर गहन शोध किया जाना आवश्यक है।

इस अवसर पर छात्रों के साथ ग्रुप फोटो भी की गई। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, प्रो देवराज, प्रोफेसर प्रमोद यादव, प्रो सौरभ पाल, प्रोफेसर राजेश शर्मा, प्रोफेसर अजय द्विवेदी, प्रोफेसर मनोज मिश्र, प्रोफेसर गिरिधर मिश्र, अजीत प्रताप सिंह डा. शशिकांत यादव, डा. धीरेंन्द्र चौधरी डा. श्याम कन्हैया आदि उपस्थित रहे।

# हत्या में संलिप्त चार गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** थाना लाइन बाजार, स्वाट टीम व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 वांछित अभियुक्तो को 02 पिस्टल, 05 जिंदा कारतुस व एक मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार। अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व व दिशा निर्देशन में, प्रभारी निरीक्षक थाना लाइनबाजार मय हमराह व नि0 रामजनम यादव, स्वाट टीम प्रभारी मय टीम व नि0 मनोज ठाकुर, प्रभारी सर्विलांस मय टीम के साथ विशेषरपुर पर रात्रि गश्त/संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर रामघाट के पास गुरुवार को 01 मोटरसाइकिल पर सवार 03 अभियुक्तगण 1.विनोद कुमार बिन्द उर्फ विक्की पुत्र श्यामलाल बिन्द निवासी फूलपुर थाना लाइन बाजार जौनपुर 2. प्रदीप बिन्द पुत्र सोमारू बिन्द निवासी चिकसावा थाना बरदह जनपद आजमगढ 3.अकिंत कनौजिया पुत्र दशरथ कनौजिया निवासी इमामपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-05/2025 धारा 103/61(2) बी0एन0एस0 थाना लाइन बाजार जौनपुर मे वांछित थे को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त 02 पिस्टल, 05 जिन्दा कारतुस, 01 मोटरसाइकिल सुपर स्पलेण्डर काला रंग बिना नम्बर, 2700 रुपये नगद व घटना के बाद जलाये गये कपड़ो के अवशेष को बरामद किया गया। तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त मे धारा 3(5)/238 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। विदित-02.01.2025 को मोहल्ला रशीदाबाद थाना लाइन बाजार मे गोपाल शर्मा उर्फ गोपाल विश्वकर्मा पुत्र अमरदेव शर्मा निवासी गुरु गोविन्द सिंह नगर अजमतगढ थाना जीयनपुर जनपद आजगमढ की रशीदाबाद थाना लाइन बाजार जौनपुर मे शांय समय करीब 18-30 बजे अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावरो द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध मे थाना लाइन बाजार पर मु0अ0सं0 -05-25 धारा 103 बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

# जनजातियों की एक विशेष संस्कृति होती हैः डॉ. मलिक

अवधनामा संवाददाता



- जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में भारत मे असुरक्षित जनजातीय समूह विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

**प्रयागराज।** तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग द्वारा आज भारत मे असुरक्षित जनजातीय समूह (अंडमान निकोबार जनजाति के विशेष संदर्भ) में विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ सावती मलिक समाजशास्त्र विभाग फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज बालासोर उड़ीसा रही।

अपने व्याख्यान में डॉक्टर मलिक ने बताया कि जनजाति एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र मैं निवास करते हैं उनकी अपनी एक भाषा होती है और एक विशेष संस्कृति होती है डॉक्टर सावती मलिक ने बताया कि अंडमान निकोबार के मनकररिया जनजाति बंदरों को नियंत्रित करने का कार्य करती है वहीं खड़ीया जनजाति शहद एकत्रित करने का कार्य करती है। साथ ही उन्होंने उत्तर-पूरव भारत की खाँसी गारौ जनजातियों के बारे में भी बताया। डॉक्टर मलिक ने अंडमान की छह जनजातियों के बारे में बताया जिसमे ग्रेटअंडमान, उनजे, जारवा, शोमेंपन, सेंटीमोलिस, द निकोबारी इत्यादि शामिल है। उन्होंने बताया कि द ग्रेट अण्डमानी जनजाति किसी अन्य समूह के साथ सरलता से बातचीत कर लेती है लेकिन जो सेटीमोलिस जनजाति है वो अपने आप को अलग थलग रखती है। किसी अन्य समूह के संपर्क में नहीं आती है।

## भाजपा सरकार ने माबलिंचिन भ्रष्टाचार और परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का कार्य



**आजमगढ़।** जनपद के सर्किट हाउस में गुरुवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। जिले के दौरे पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्धकी बैठक में शामिल होकर कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए जनपद को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़कर लोगो तक सरकार का लाभ पहुंचाने और जनपद को समाजवादी पार्टी के अतिक्रमण से मुक्त कराने जैसे तमाम मुद्दों पर कार्यकर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। जिसके बाद प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार अल्पसंख्यकों के हित में ही नहीं बल्कि सभी जाति धर्म के लोगों के हित में कार्य कर रही है। कहा कि भाजपा सरकार ने माबलिंचिन भ्रष्टाचार और परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। यदि बीजेपी को बदनाम करने के लिए किसी भी घटना को माबलिंचिंग करार दिया जाय तो ऐसी सस्ती राजनीति से बचना चाहिए। दुकान बने हुए मदरसों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रहार का स्वागत किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुम्भ मेला क्षेत्र में समाजवादी चिंतन शिविर का उद्घाटन आज

**प्रयागराज।** कुम्भ मेला क्षेत्र में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजवादी चिंतन शिविर सेक्टर 11में आयोजित किया गया है। शिविर का उद्घाटन 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल करेंगे। सपा मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार उक्त शिविर सेक्टर 11 में तुलसी मार्ग पर हेतापट्टी कुटी मार्ग चौराहे से उत्तर लगाया गया है।

### 'गुफ़्तगू' के मीडिया हाउस में इस बार 'इंडियन प्रेस



**प्रयागराज।** 23 वर्ष से प्रकाशित हो रही हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका 'गुफ़्तगू' के आगामी अंक के 'मीडिया हाउस' नामक कॉलम में 'इंडियन प्रेस' का पूरा इतिहास कुछ ख़ास फोटो के साथ प्रकाशित किया जएगा। इंडियन प्रेस की बुनियाद बाबू चिंतामणि घोष ने डाली थी। इसी प्रेस से वर्ष 1900 में 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ था। वर्ष 1903 से 1920 तक इस पत्रिका के संपादक महावीर प्रसाद द्विवेदी थे। वर्ष 1982 तक इस पत्रिका का प्रकाशन हुआ था। इंडियन प्रेस से प्रेमचंद, रवीन्द्रनाथ टैगोर समेत देशभर लगभग सभी बड़े साहित्यकारों की पुस्तकें छपती रही हैं। आज बाबू चिंतामणि घोष के प्रपौत्र अरिन्दम घोष से मुलाकात इसका इतिहास जानने की कोशिश की गई। इससे पहले इस कॉलम में दैनिक जागरण, अमर उजाला और 'माया' पत्रिका का इतिहास प्रकाशित किया जा चुका है।

### हॉलैंड हाल में खेल महोत्सव का शुभारंभ



**प्रयागराज।** हॉलैंड हाल में खेल महोत्सव का शुभारंभ क्रिकेट मैच के साथ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पार्षद आनन्द घिल्डियाल ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अखण्ड प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। हॉलैंड हाल छात्रावास के अधीक्षक रंजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ अनिल सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

### बच्चो ने लव कुश मंचन से किया भावविभोर



**आजमगढ़।** शहर के भंवरनाथ में चल रहे दो दिवसीय रामायण महोत्सव का समापन हुआ। जहां कार्यक्रम के दूसरे दिन मंच पर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लव कुश मंचन, श्रीराम स्तुति और गीत के माध्यम से योग के शानदार प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। जिसके बाद आए हुए अतिथियों के द्वारा विद्यालय की पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र और पटका देकर सम्मानित किया है। विद्यालय के सहायक अध्यापक ने कहा कि इस तरह से छात्रों को सहयोग देने से उनका चारित्रिक और सामाजिक विकास होता है।आयोजक समिति ने बताया कि रामायण महोत्सव आयोजन करवाने का एकमात्र उद्देश्य है कि जन-जन में प्रभु रामचंद्र के चरित्र की स्थापना किया जाए। इस दौरान हरिहरपुर घराने से तबला के मर्मज्ञ राजेश मिश्रा, अंतर्राष्ट्रीय बैंजो वादक दीनानाथ वलीदपुरी, बृजेश यादव, दुर्ग विजय कुमार, रजनीश विश्वकर्मा, रितिक शर्मा, राकेश चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मंत्रोच्चार से कुलपति का हुआ स्वागत

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के नवागत कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा को उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित महाविद्यालय शिक्षक एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात करते हुए शुभकामनाएं प्रदान करते हुए संगठन अध्यक्ष डॉ सहजानन्द पाण्डेय ने पुष्प वर्षा व मंत्रोच्चार से कुलपति का स्वागत एवं अभिनंदन किया है। इस दौरान विश्वविद्यालय इकाई के महामंत्री डॉ गुलाब यादव, महामंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ शशांक पांडेय डॉ युगांत उपाध्याय, डॉ पूजा राय, डॉ दिलशाद अफ़रोज, डॉ आनन्द सिंह, संघमित्रा मौर्य, डॉ आलोक वर्मा , डॉ आर के गुप्ता, डॉ उमेश प्रसाद, डॉ रामसूरत आदि लोग उपस्थित रहे।

# सड़क दुघर्टना में दो युवक की मौत एक युवक बुरी तरह घायल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर(बक्शा)।** जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ हाइवे पर तेज रफ़्तार बस की चपेट में आने से दो युवक की मौत एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस व स्थानीय लोग के सहयोग से तीनो को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया गया। जहां दो युवक की मौत हो गई एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।बाइक सवार तीनो युवक कुल्हनामऊ हाइवे हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचे ही थे कि वाराणसी के तरफ़ जा रही तेज़ रफ़्तार बस यूपी43 टी7228 ने बाइक यूपी 72 बी आर 1511 में जोर दार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बस में फस गई और बाइक पर सवार तीनो युवकों में रिषभ उपाध्याय पुत्र स्व. अशोक उपाध्याय उम्र 25 वर्ष और अनुराग उपाध्याय पुत्र रामअनुज उम्र 28 वर्ष निवासी करौंदहा अमरगढ़ जिला प्रतापगढ़ की मौत हो गई एक युवक निन्हू गौतम पुत्र स्व. माताफेर उम्र 23 वर्ष निवासी करौंदहा अमरगढ़ जिला प्रतापगढ़ बुरी तरह घायल हो गए। जिसे प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।बस पुलिस कब्जे में लेकर तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही में लगी हुई है।

# राजकीय आई0टी0आई0 में 17 जनवरी 2025 को रोजगार मेला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** शासन की मंशा एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के कम में जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर कैम्पस जौनपुर में 17 जनवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनी, भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड वाराणसी, ब्राइट फ्यूचर आग्रेनिक लखनऊ, खेतिहर आग्रेनिक जौनपुर, एस.के. इलेक्ट्रानिक, ए.आई.एम. मल्ट्रीस्कील जॉब प्रा.लि., जेपटो रिडर नोयडा के द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर, सेल आफिसर, स्टोर मैनेजर, इलेक्ट्रानिक मशीन वं जेप्टो रिडर आदि पदों पर भर्ती करेंगी, रोजगार मेले में प्रतिभागी अभ्यार्थियों की शैक्षिक योग्यता :- हाईस्कूल, इण्टर, आई.टी. आई. एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को भर्ती करेंगी। रोजगार मेलें में अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई.डी. प्रूफ सहित एवं वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण उपरांत आवेदन करते हुए, रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें। उक्त पोर्टल के माध्यम से नर्सिंग में डिप्लोमाधारी एवं वैध पासपोर्ट धारक पुरुष एवं महिलाएँ इजरायल, जर्मनी व जापान के लिए पंजीकरण कर नर्सिंग कैरियर गिवर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है। पंजीकरण हेतु वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कर सकते है, अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

# शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज के आगमन पर भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय जगद्गुरु शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी उड़ीसा स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का महाकुंभ क्षेत्र पहुंचने पर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। सैकड़ों गाड़ियों के साथ शंकराचार्य महाकुंभ क्षेत्र के संगम लोअर मार्ग सेक्टर, मोरी मार्ग चौराहा स्थित अपने शिविर पहुंचे जहां पीठ परिषद, आनंद वाहिनी एवं आदित्य वाहिनी के सदस्यों द्वारा पुष्प वर्षा एवं आरती उतारकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का महाकुंभ प्रवेश पर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन से हावड़ा से चलकर प्रयागराज जंक्शन पहुंचे शंकराचार्य का रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में उपस्थित शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने स्वागत अभिनंदन किया। शंकराचार्य 6 फरवरी तक अपने शिविर में प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 11:30 बजे से दर्शन, दीक्षा संगोष्ठी एवं शाम 5:30 बजे से धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रह्मचारी, ह्षिकेश ब्रह्मचारी, राजेश चैतन्य ब्रह्मचारी, डॉ एल एस ओझा, आचार्य विवेक मिश्रा वृंदावन, सीमा तिवारी, संतोष त्रिपाठी, प्रखर सिंह, नर नारायण सिंह, सार्थक द्विवेदी, राजेश गोंड, सचिन मिश्रा, बीपी सिंह, आनंद द्विवेदी, अजय पांडेय, शुभम सिंह, मनोज त्रिपाठी, प्रताप दुबे, शशांक गोस्वामी, भुवनेश्वर गोस्वामी, दीपक शुक्ला, नरेंद्र देव तिवारी, भारद्वाज तिवारी आदि बड़ी संख्या में शिष्यगण उपस्थित रहे।

# एमआईसी और डीएसए क्लब 'बी' सेमीफाइनल में

- अंडर-12 क्रिकेट में चंचल और मोहित का हरफनमौला खेल

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** एमआईमी और डीएसए क्लब 'बी' ने श्री सहायक लाल गुप्ता अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

प्रतियोगिता में गुरुवार को जहां डीएसए क्लब 'ए' और एमआईसी का मुकाबला टाई रहा, वहीं डीएसए क्लब 'बी' ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब को 119 रन से हराया। इसमें डीएसए क्लब 'ए' के चंचल (53 रन, 47 गेंद, छह एवं एक विकेट) और डीएसए क्लब 'बी' के मोहित (43 रन एवं 2-0-11-5) ने हरफनमौला खेल का प्रदर्शन किया। डॉ. केएन काटजू कॉलेज मैदान पर खेले गए पहले मैच में डीएसए क्लब 'ए' ने 22 ओवर में 114 (चंचल 53, आरव 21, नरहरि दीक्षित 2/14, शिवांश गुप्ता 2/29) बनाए। जवाब में एमआईसी की टीम भी 22 ओवर में 9 विकेट पर 114 रन (नरहरि दीक्षित 40, सक्षम सोनकर 2/08, आरोन 2/19, चंचल 1/33) ही बना सकी। दूसरे मैच में डीएसए क्लब 'बी' ने 22 ओवर में 6 विकेट पर 185 रन (मोहित 43, आरव 33, अभिनव 4/39) बनाकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब को 14.1 ओवर में 66 रन (अभिनव 13 नाबाद, मोहित 5/11, आर्यन गुप्ता 2/03, तनिष्क ओझा 2/13) पर समेट दिया।

## सनातन रत्न सम्मान तथा सनातन गौरव सम्मान का आयोजन 24 कोः अरविन्द

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय दण्डी स्वामी समाज, अखिल भारतीय सनातन धर्म संसद एवं वामा ऐप के संयुक्त तत्वावधान में समायोजित सनातन रत्न सम्मान तथा सनातन गौरव सम्मान का आयोजन 24 जनवरी को दण्डी स्वामी नगर में परमपूज्य श्रीमद् जगदगुरू शंकराचार्य जी महाभाग तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष दण्डी स्वामी समाज के श्री स्वामी विमलदेव आधम जी महाराज की अध्यक्षता में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को नव राष्ट्र के नव अभ्युदय तथा युग परिवर्तन में रामराज्य की परिकल्पना रूप स्वप्न की पूर्णता को जीवन्त रूप दृष्ट करने के लिये सन्त समाज सनातन रत्न सम्मान समारोह द्वारा अभिनन्दित करेगा। साथ ही अनेक विभूतियों का इस समारोह में सनातन रत्न सहित ही सनातन गौरव सम्मान द्वारा अभिनन्दित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें दिलीप कुमार लाखी हीरा कारोबारी, गोविन्द भाई दोलकिया हीरा कारोबारी, महाराजा पद्मनाभ सिंह जयपुर घराना सहित कई राष्टोत्कर्ष के महान व्यक्तित्व वाले श्रेष्ठ महत् पुरुषों का सम्मान अभिनन्दन किया जायेगा।

# इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट ने वितरित किया दिव्यांग बच्चो में बैग, वॉकर, छड़ी, और व्हीलचेयर

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 312 की चेयरपर्सन बुधवार को जिले के दौरे पर रही। संगठन द्वारा अपनी एक अलग ही छाप छोड़ते हुए हरिवंशपुर आरटीओ तिराहे का इनरव्हील तिराहे के रूप बतौर मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण चिराग जैन और चेयरपर्सन आशा अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया गया। तिराहे के निर्माण में संगठन व रामेश्वर प्रसाद सर्राफ रोटेरियन आशीष गोयल का विशेष सहयोग रहा।

जिसके बाद इनरव्हील क्लब अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल के नेतृत्व में संगठन द्वारा विभिन्न सेवार्थ कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सर्वप्रथम सदस्यों द्वारा दिव्यांग स्कूल पहुंचकर 101 दिव्यांग बच्चो में बैग और भोजन का वितरण साथ ही विद्यालय के लिए 2 हीटर, कम्बल, डस्टबिन आदि प्रदान किया गया। जिसके बाद संगठन द्वारा रोडवेज स्थित एक होटल के सभागार में सेवार्थ कार्यक्रमों के तहत 7 वृद्धजनों को वॉकर, 5 को छड़ी, 6 को व्हीलचेयर और 7 वृद्धजनों में सिकाई के लिए हॉट जेल बैग के साथ वृद्धाश्रम के लिए एक हीटर भी दिया है। संगठन ने जरूरतमंद एक लड़की की शादी में दहेज की मदद करते हुए रुपए, जेवर, बर्तन, कपड़ा, सिलाई मशीन प्रदान किया है। संगठन ने पढ़ाई में 2 लड़कियों की आर्थिक मदद करते हुए एक अन्य लड़की को पढ़ाई के लिए टैबलेट और एक को विद्यालय आने जाने के लिए साइकिल प्रदान किया है। संगठन के द्वारा एक गरीब महिला को रोजगार में मदद करते हुए सिलाई मशीन भी प्रदान की गई है। इतना ही नहीं एनीमिया मुक्त का उद्देश्य लिए 101 महिलाओं में गुड़, चना और कढ़ाई का भी वितरण किया गया है। इस दौरान सेक्रेट्री आर्या चंदेल, एडिटर, वंदना सिंह, ट्रेजरार मंजू अग्रवाल, आईएसओ लाजो अग्रवाल, एक्सक्यूटिव कमेटी मेंबर रीचा अग्रवाल, बैजेंती साहू, रीता खेतान, अनीता जालान, वॉयस प्रेसिडेंट अल्का सिंह रोटरी क्लब अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, चन्दन अग्रवाल, जयनाथ सिंह, अनूप अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, सचिव श्रेय अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, प्रवीण सिंह, गोविंद दुबे, शकर शाव, प्रभु नारायण पांडे प्रेमी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय ताइक्वान्डो में 45 खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय ताइक्वान्डो में कौशाम्बी ताइक्वान्डो एसोसिएशन के पद 45 खिलाड़ी दम दिखायेंगे। ताइक्वान्डो फेडरेशन आफ इण्डिया की ओर से आयोजित होने वाली सातवीं ओपन नेशनल ताइक्वान्डो चैम्पियनशिप में कौशाम्बी ताइक्वान्डो एसोसिएशन के 45 खिलाड़ी पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता चैम्पियनशिप में पदक विजेता खिलाड़ी अब 16 से 20 जनवरी के बीच लखनऊ के राजाजीपुरम मिनी स्टेडियम में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग में हिस्सा लेंगे। पहली बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कौशाम्बी ताइक्वान्डो एसोसिएशन के 45 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ताइक्वान्डो संघ के सचिव गोपेश कुमार सेन व एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मंजू कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उ0प्र0 की टीम में कौशाम्बी ताइक्वान्डो एसोसिएशन के खिलाड़ी बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वालो को स्कूल व अकादमी जिसमें मधु वाचस्पति इण्टर कालेज, एक्सिलेन्स ताइक्वान्डो अकादमी व ताइक्वान्डो किड्स अकादमी के खिलाड़ी अब नेशनल के लिए चुनौती पेश करेंगे। मधु वाचस्पति इण्टर कालेज से सुभम आर्य, सागर कश्यप, अर्पिता कुशवाहा, अविक कुशवाहा, राविका केसरवानी, अनन्या केसरवानी, प्रतीष्ठ सेन प्रतिभाग करेंगे।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण–।।, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर वाराणसी–जफराबाद–जौनपुर खंड पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 38–ए के स्थान पर 2 लेन रोड ओवर ब्रिज (रेलवे पोर्शन को छोड़कर) एप्रोच पोर्शन का निर्माण कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2576.18 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 14,38,100/- |
| 5 | रेलवे वेबसाईट पर निविदा दस्तावेजों की बिक्री/उपलब्धता | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 17.01.2025 से 27.02.2025 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | प्री बिड कॉनफेरेंस | दिनांक – 29.01.2025 समय 11:30 बजे, **स्थानः** कार्यालय मुख्य परियोजना प्रबंधक, निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी एवं ऑनलाइन वीसी लिंक के माध्यम से भी। |
| 7 | बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 02.02.2025 |
| 8 | रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 06.02.2025 |
| 9 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 27.02.2025 को समय 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 27.02.2025 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 10 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 17.01.2025 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 13.02.2025 से 27.02.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 7–टेण्डर/उपमुइंजी/नि.–।।/वाराणसी दिनांक 16.01.2025 162/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च किया नया डेस्टिनी 125

**शानदार फीचर्स**

**स्कूटर सेगमेंट में क्रांति सबसे बेहतरीन माइलेज और इंडस्ट्री-फर्स्ट शानदार फीचर्स के साथ लॉन्च**

हीरो मोटोकॉर्प, दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी, ने नयाडेस्टिनी 125 लॉन्च किया है। यह 125cc स्कूटर सेगमेंट में अपनी खास पहचान बनाने के लिए तैयार है।

नया डेस्टिनी 125 आधुनिक तकनीक, बेहतरीन माइलेज और भरोसेमंद परफॉर्मेंस का अनूठा संयोजन है, जो इसे शहर में रोजमर्रा की सवारी के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाता है। यह स्कूटर परफॉर्मेंस और व्यावहारिकता का शानदार मिश्रण है, जो शहरी यात्राओं को आसान और सुविधाजनक बनाने के साथ राइडर की सभी उम्मीदों पर खरा उतरता है।

**नया हीरो डेस्टिनी 125 तीन वैरिएंट्स में उपलब्ध होगा**

डेस्टिनी 125 वीएक्स- 80,450रुपये

डेस्टिनी 125 जेडएक्स- 89,300 रुपये

डेस्टिनी 125 जेड एक्स+- 90,300 रुपये

(दिल्ली में शुरुआती एक्स-शोरूम कीमतें हैं)

नयाडेस्टिनी 125हीरो मोटोकॉर्प की नई तकनीक और इनोवेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें 30 पेटेंट एप्लिकेशन और सेगमेंट में पहली बार पेश किए गए फीचर्स, जैसे इल्यूमिनेटेड स्टार्ट स्विच और ऑटो-कैंसल विंकर्स, शामिल हैं। ये फीचर्स राइडर को न केवल सहूलियत देते हैं, बल्कि उनकी सुरक्षा भी बढ़ाते हैं। डेस्टिनी 125 को खासतौर पर परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह स्कूटर अपने सेगमेंट में बेहतरीन माइलेज देता है, जो एक लीटर में 59 किलोमीटर तक जा सकता है। इसमें पर्याप्त लेगरूम और बड़ा फ्लोरबोर्ड है, जिससे राइडर और पीछे बैठने वाले के लिए अधिक आराम सुनिश्चित होता है। लंबी सीट के कारण यह स्कूटर हर राइड को आरामदायक बनाता है।

यह स्कूटर न केवल स्टाइलिश और स्मार्ट है, बल्कि इससे सफर करना किफायती और आरामदायक भी है। इसकी शानदार बनावट और आधुनिक फीचर्स इसे खास बनाते हैं। स्कूटर में नया डिजिटल स्पीडोमीटर, 190 मिमी का फ्रंट डिस्क ब्रेक, अपग्रेडेड 12/12 प्लेटफॉर्म और चौड़े रियर टायर दिए गए हैं। इसके अलावा, इसमें हीरो की नई i3S टेक्नोलॉजी (आइडल स्टार्ट-स्टॉप सिस्टम) है, जो रेड लाइट या ट्रैफिक में इंजन को अपने आप बंद कर देती है, जिससे ईंधन की बचत होती है। इसमें विशेष रूप से डिजाइन किया गया सीट बैकरेस्ट भी है, जो राइड के दौरान सुविधा और आराम सुनिश्चित करता है।

हीरो मोटोकॉर्प के चीफ बिजनेस ऑफिसर, इंडिया बिजनेस यूनिट, श्री रंजीवजीत सिंह ने नए हीरो डेस्टिनी 125 के लॉन्च पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, हम नए हीरो डेस्टिनी 125 को लॉन्च करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह स्कूटर स्टाइल, सुविधा और अत्याधुनिक तकनीक का बेहतरीन उदाहरण है, जिसे आधुनिक राइडर्स को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह 125 सीसी सेग्मेंट में इंडस्ट्री के मानकों को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है और हीरो मोटोकॉर्प की मजबूत बाजार स्थिति को और भी सुदृढ़ बनाता है। 59 kmpl की शानदार माइलेज के साथ, यह स्कूटर हर परिवार की जरूरतों को पूरा करता है। माइलेज, आराम और तकनीक का सही संतुलन प्रदान करते हुए, यह स्कूटर ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता और राइडिंग अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में प्री-ओन्ड कार बाजार को पुनर्परिभाषित करने के लिए टोयोटा मोबिलिटी सोल्यूशंस एंड सर्विसेज शुरू की

**बैंगलोर।** हमेशा बेहतर कारें देने की प्रतिबद्धता के साथ एक सच्ची मोबिलिटी कंपनी बनने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायिका, टोयोटा मोबिलिटी सॉल्यूशंस एंड सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीएमएसएस) के शुभारंभ की घोषणा की। इसका मुख्यालय कर्नाटक में बैंगलोर के पास बिदादी में है। भारत के प्री-ओन्ड कार बाज़ार को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में टीएमएसएस गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता के टोयोटा के दर्शन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इससे सभी ग्राहकों को नई कार बेचने या प्री-ओन्ड कार बाज़ार में सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले उत्पाद व सेवाएँ प्रदान करना सुनिश्चित होता है।

ओईएम समर्थित पहल के रूप में, टीएमएसएस का लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित प्री-ओन्ड टोयोटा वाहनों को वितरित करके भारत के बढ़ते प्री-ओन्ड कार बाजार का नेतृत्व करना है। यह टोयोटा जेन्युइन पार्ट्स और प्रक्रियाओं के साथ नवीनीकृत हैं। इसमें सुरक्षा, विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अलावा, सभी के लिए एक कीमत नीति दृष्टिकोण प्रत्येक ग्राहक के लिए उचितऔर सुसंगत मूल्य निर्धारण की गारंटी देता है। इससे विश्वास और अखंडता पर आधारित माहौल को बढ़ावा मिलता है।

**टीएमएसएस की खास पेशकशें**

आश्वस्त गुणवत्ता के साथ प्रमाणित पूर्व स्वामित्व वाली टोयोटा कारे पूर्व स्वामित्व वाली कारों के लिए निर्बाध ट्रेड-इन और एक्सचेंज कार्यक्रम बिक्री के बाद मजबूत सहायता, इसमें वारंटी और सड़क किनारे सहायता शामिल है प्री ओन्ड कार बाजार में विश्वास और जागरूकता पैदा करने के लिए ग्राहक सहभागिता पहल टीएमएसएस के अनूठे प्रस्ताव और शुरुआती सफलता पर प्रकाश डालते हुए, टीएमएसएस के प्रेसिडेंट और डायरेक्टर, श्री अतुल सूद ने कहा, भारत में प्रयुक्त कार बाजार तेजी से विकसित हो रहा है, जिसमें ग्राहक तेजी से विश्वास, पारदर्शिता और मूल्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। टोयोटा की गुणवत्ता और विश्वसनीयता की विरासत का लाभ उठाकर टीएमएसएस इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार है। थोड़े समय में, हमने बैंगलोर, दिल्ली और गुवाहाटी में अपने परिचालन प्रयुक्त कार आउटलेट्स के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रगति की है। ये पहले हमारी मूल कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड का हिस्सा थे, और 1,000 प्रमाणित प्रयुक्त कारों की खुदरा बिक्री का मील का पत्थर हासिल किया है। यह मील का पत्थर एक सहज, पारदर्शी और मूल्य-संचालित अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जो प्रत्येक ग्राहक लेनदेन में विश्वास पैदा करता है।

## सरोवर होटल्स ने लॉन्च किया पीलीभीत का पहला ब्रांडेड होटल- रॉयल किंगडम सरोवर पोर्टिको



**पीलीभीत।** सरोवर होटल्स ने सहोटा इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपी के साथ मिलकर, सांस्कृतिक तौर पर समृद्ध और सुरम्य पीलीभीत शहर में रॉयल किंगडम सरोवर पोर्टिको लॉन्च करने की घोषणा की है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ ही उत्तर प्रदेश में सरोवर होटल्स ने अपने फुटप्रिंट और मजबूत बनाए हैं, राज्य में इसके पोर्टफोलियो में 15 होटल्स शामिल हो गए हैं।

इस लॉन्च के मौके पर, अजय के बकाया, चेयरमैन, सरोवर होटल्स एंड डायरेक्टर, लूव्र होटल्स इंडिया ने कहा, ÷पीलीभीत में रॉयल किंगडम सरोवर पोर्टिको का लॉन्च देशभर के टियर 2, 3 एवं 4 शहरों में हाइ-क्वालिटी हॉस्पिटेलिटी अनुभवों को प्रस्तुत करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता दर्शाता है। यह उत्तर प्रदेश में हमारी 15वीं प्रॉपर्टी है, और प्रमुख ग्रोथ मार्केट्स में अपने पोर्टफोलियो में विस्तार के हमारे प्रयासों को दर्शाता है। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और पीलीभीत टाइगर रिज़र्व के नज़दीक होने के चलते, यह शहर लैज़र तथा इको-टूरिज़्म दोनों के लिहाज़ से काफी संभावनाओं से भरपूर है। हमें इस क्षेत्र में सबसे पहले कदम रखने पर गर्व है, और यह पहल देश के छोटे शहरों में ब्रांडेड हॉस्पीटेलिटी के नए मानकों को रचेगा।÷

प्रदीप जोशी, मैनेजिंग डायरेक्टर, सहोटा इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपी ने कहा, ÷सरोवर-होटल्स के साथ मिलकर पीलीभीत में पहला ब्रांडेड होटल स्थापित करना हमारे लिए गर्व का विषय है। हम मिलकर इस इलाके के हॉस्पीटेलिटी लैंडस्केप में बदलाव लाएंगे और यहां असाधारण सुविधाओं तथा अनुभवों को मुहैया कराएंगे। रॉयल किंगडम सरोवर पोर्टिको का लॉन्च इस तरह के कम सेवा प्राप्त क्षेत्रों में वर्ल्ड-क्लास हॉस्पीटेलिटी उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, और हमें पूरा यकीन है कि हम यहां आने वाले बिज़नेस ट्रैवलर्स, टूरिस्टों तथा इवेंट आयोजकों के लिए पसंदीदा मंजिल साबित होंगे।÷

इस प्रॉपर्टी में 37 बड़े आकार के रूम्स हैं जिन्हें आधुनिक एस्थेटिक्स और राजसी इंटीरियर से सजाया गया है। यहां आने वाले मेहमानों को मिलेंगे तरह-तरह के डाइनिंग अनुभव, जिनमें रोमन-थीम से प्रेरित हंटर ऑल-डे डाइनिंग, लश ओपन-एयर एल्फ्रेस्को रेस्टॉरेंट, एक चिल बार, और एक आरामदायक कॉफी हाउस शामिल हैं। इस होटल में अत्याधुनिक बैंक्वेटिंग और कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं शामिल हैं, जिनमें 645 तक मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था है। इस तरह, यह होटल वैवाहिक समारोहों से लेकर कॉर्पोरेट इवेंट्स और सामाजिक मेल-मिलाप के लिहाज से उपयुक्त है।

## सोना 500 रुपये बढ़कर 81300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 2300 रुपये उछली



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की ताजा खरीदारी और रुपये में गिरावट के बीच दिल्ली में गुरुवार को सोना 500 रुपये की तेजी के साथ दो महीने के उच्चतम स्तर 81,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी भी इस दौरान 2,300 रुपए बढ़कर 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। आइए जानें सर्राफा बाजार का विस्तृत हाल। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की ताजा खरीदारी और रुपये में गिरावट के बीच दिल्ली में गुरुवार को सोना 500 रुपये की तेजी के साथ दो महीने के उच्चतम स्तर 81,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बुधवार को यह बहुमूल्य धातु 80,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 500 रुपये बढ़कर 80,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी भी इस दौरान 2,300 रुपए बढ़कर 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि बुधवार को इसका भाव 91,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, एमसीएक्स पर गुरुवार को वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 297 रुपये या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 79,007 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी व करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ÷रुपये के कमजोर होने से एमसीएक्स पर सोना 79,000 रुपये से ऊपर कारोबार कर रहा है।

**डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से सोने में मजबूती**

गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे कमजोर होकर 86.56 (अनंतिम) पर बंद हुआ, विदेशों में मजबूत अमेरिकी मुद्रा, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी निकासी के कारण इसमें गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च डिलीवरी चांदी का भाव 654 रुपये यानी 0.7 प्रतिशत बढ़कर 93,510 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 19.70 डॉलर प्रति औंस या 0.72 प्रतिशत बढ़कर 2,737.50 डॉलर प्रति औंस हो गया।

इसके अलावा, जतिन त्रिवेदी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोने में तेजी अमेरिकी सीपीआई डेटा के जारी होने के बाद आई। अमेरिका में दिसंबर में उम्मीदों के अनुरूप रहा। हालांकि, उम्मीद से कम कोर सीपीआई ने सोने की कीमतों को अतिरिक्त समर्थन दिया। त्रिवेदी ने कहा कि मुद्रास्फीति के नरम आंकड़े ने फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में कटौती जारी रखने की उम्मीदों को मजबूत किया है, जिससे सोने की तेजी को बल मिला है।

**बाजार की नजर अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आने वाले आंकड़ों पर**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ कमोडिटी विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि बाजार सहभागियों की नजर अमेरिका के महत्वपूर्ण मैक्रो आंकड़ों पर रहेगी, जैसे खुदरा बिक्री और फिलाडेल्फिया फेड मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स, जो गुरुवार को जारी किए जाएंगे, जो बुलियन कीमतों को और दिशा प्रदान करेंगे। कॉमेक्स चांदी वायदा भी एशियाई बाजार में 1.28 प्रतिशत बढ़कर 31.94 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## फ्लिपकार्ट ने महाकुंभ में किया उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने महा कुंभ मेला 2025 में राज्य की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) विभाग से गठजोड़ किया है। प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक हो रहा महा कुंभ मेला 2025 दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। हर 12 साल में आयोजित होने वाला महा कुंभ आध्यात्मिकता, खगोलशास्त्र एवं समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा मेल है, जिसने दुनियाभर से लाखों लोगों को आकर्षित किया है। महा कुंभ मेला में फ्लिपकार्ट समर्पित बूथ एवं स्टॉल्स के माध्यम से अन्य सांस्कृतिक प्रयासों के साथ-साथ ओडीओपी पहल को प्रदर्शित कर रही है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा एक घरेलू कंपनी के रूप में फ्लिपकार्ट भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाने और इसे बढ़ावा देने के लिए



पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश के ओडीओपी प्रोग्राम के साथ साझेदारी के माध्यम से हमने स्थानीय कारीगरों एवं एमएसएमई को उनका कारोबार बढ़ाने और उन्हें देशभर के ग्राहकों से जुड़ने में सक्षम बनाया है। हमारे ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म पर उत्तर प्रदेश सरकार के ओडीओपी प्रोडक्ट्स में 60 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि के साथ इस साझेदारी ने पूरे उत्तर प्रदेश के वंचित समुदायों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महा कुंभ मेला पूरे राज्य के वंचित समुदायों के लिए आर्थिक विकास के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ इन अनूठे उत्पादों को देश-दुनिया के ग्राहकों के समक्ष प्रस्तुत करने का अनूठा प्लेटफॉर्म है। हम स्थानीय प्रतिभाओं को सशक्त करने और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में ओडीओपी जैसी पहल को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ सहयोग के लिए आभारी हैं।'

इस साझेदारी को लेकर आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग निदेशालय, कानपुर, उत्तर प्रदेश श्री के. विजयेंद्र पांडियन (आईएएस) ने कहा, 'उत्तर प्रदेश सरकार की ओडीओपी पहल स्थानीय शिल्प को बढ़ावा देने और सतत आजीविका सृजित करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ओडीओपी पहल के साथ फ्लिपकार्ट की साझेदारी कारीगरों एवं उद्यमियों को उनके अनूठे उत्पाद राष्ट्रीय स्तर पर ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करने के हमारे लक्ष्य को गति देने वाली है। यह साझेदारी आर्थिक विकास एवं इनोवेशन को गति देने के साथ-साथ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को भी दिखाती है। साथ मिलकर हमारा लक्ष्य स्थानीय समुदायों को सशक्त करना, उन्हें आज के डायनामिक मार्केटप्लेस में आगे बढ़ने में समक्ष बनाना और राज्य के विकास में सार्थक योगदान देना है।'

## यूपी के हस्तशिल्पियों को मिला संगम का बाजार, होगा 35 करोड़ का कारोबार

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हो रहा है। प्रयागराज में संगम पर आयोजित इस महायोगिक उत्सव में 6000 वर्ग मीटर क्षेत्र में 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) की शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यहां कालीन, जरी-जरदोजी, फिरोजाबाद के कांच के खिलौने, बनारस के लकड़ी के खिलौने और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

प्रयागराज मंडल के संयुक्त आयुक्त उद्योग, शरद टंडन ने बताया कि 2019 में महाकुंभ से 4.30 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था, जबकि इस बार 35 करोड़ रुपये तक के कारोबार की संभावना है। इससे रोजगार और छोटे उद्यमियों को नई दिशा मिलेगी। व्यवसाय और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

महाकुंभ में फ्लिपकार्ट ने भी अपना स्टॉल लगाया है। यहां उद्यमियों को अपने प्लेटफॉर्म पर उत्पाद मुफ्त में बेचने का मौका मिल रहा है। फ्लिपकार्ट के स्टॉल पर खरीदारी करने वालों और देखने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

काशी के शिल्पकारों ने लकड़ी के खिलौने, बनारसी ब्रोकेड, मेटल रिपोज, मेटल कास्टिंग जैसे 75 उत्पाद प्रदर्शनी में पेश किए हैं। जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 75 जीआई उत्पादों को ओडीओपी योजना के तहत प्रदर्शित किया जा रहा है। इनमें वाराणसी की लाल मिर्च, बनारसी साड़ी, सुर्खा अमरूद, प्रतापगढ़ का आंवला, मिर्जापुर के पीतल बर्तन और गोरखपुर का टेराकोटा शामिल हैं। कुशीनगर केह्य कालीन और फिरोजाबाद के कांच के खिलौने और बर्तन भी प्रदर्शनी का आकर्षण बने हुए हैं।

## रुपये में सीमा पार लेनदेन को प्रोत्साहित करने के लिए आरबीआई उठाएगा कदम




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए सहित स्थानीय मुद्राओं में सीमा पार लेनदेन को प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया और मालदीव के केंद्रीय बैंकों के साथ पहले ही समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

व्यापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये के अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए, जुलाई 2022 में, विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता के रूप में एक अतिरिक्त व्यवस्था शुरू की गई थी। तब से कई विदेशी बैंकों ने भारत में बैंकों के साथ वोस्ट्रो खोले हैं।

आरबीआई ने गुरुवार को मौजूदा फेमा नियमों में किए गए बदलावों की घोषणा करते हुए कहा, अधिकृत डीलर बैंकों की विदेशी शाखाएं भारत में रहने वाले किसी व्यक्ति के साथ सभी स्वीकार्य चालू खाता और पूंजी खाता लेनदेन के निपटान के लिए भारत से बाहर रहने वाले किसी व्यक्ति के लिए ढ्हक्र खाते खोल सकेंगी।

सरल किए गए फेमा नियमों के तहत, भारत से बाहर रहने वाले लोग, विशेष अनिवासी रुपया खाते और SRVA जैसे अपने प्रत्यावर्तनीय INR खातों में शेष राशि का उपयोग करके अन्य अनिवासियों के साथ वास्तविक लेनदेन कर सकेंगे। इसके अलावा, भारत से बाहर रहने वाले व्यक्ति, प्रत्यावर्तनीय भारतीय रुपये खातों में रखी गई अपनी शेष राशि का उपयोग गैर-ऋण साधनों में एफडीआई सहित विदेशी निवेश के लिए कर सकेंगे।

## शार्क टैंक इंडिया के फेस-ऑफ एपिसोड में नए-नए प्लांट-बेस्ड बिजनेस देखने को मिले

**लखनऊ।** प्लांट-बेस्ड बिजनेस करने वाली दो प्रमुख कंपनियों नर्चरिंग ग्रीन और क्यारी ने 'फेस-ऑफ' के एक दिलचस्प एपिसोड में शार्क्स के प्रतिष्ठित पैनल के सामने अपनी अनूठी पेशकश रखी। इस अनोखे एपिसोड में उनका एक-दूसरे से मुकाबला था, जहाँ एक ही कैटेगरी के व्यवसाय दिखाए जाते हैं। इस तरह शार्क्स ने दोनों कंपनियों को सामने रखकर उनकी तुलना की। उन्होंने निवेश करने से पहले कंपनियों की ताकत, कमजोरी और तरक्की की क्षमता को जाना। नर्चरिंग ग्रीन के दूरदर्शी फाउंडर अन्नू ग्रोवर ने बूटिक के बजाए पौधों को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि वे जीवनभर काम आते हैं और उनसे भावनात्मक लगाव भी हो जाता है। उन्होंने समझाते हुए कहा, ''हम सिर्फ पौधे नहीं बेच रहे हैं; हम जिन्दगीभर के लिये यादें और अनुभव दे रहे हैं। हमारे पौधे ग्राहकों के जीवन का अटूट हिस्सा बन जाते हैं और उन्हें आनंद, आराम तथा शांति प्रदान करते हैं। हम लोगों को प्रकृति और एक-दूसरे से जुड़ने में मदद देने के लिये प्रतिबद्ध हैं।''नर्चरिंग ग्रीन के पास इस उद्योग में 14 वर्षों का



प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड है और उसने होम डेकोर, होम गार्डनिंग तथा कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के उद्योग में प्रतिष्ठा हासिल की है। वफादार कस्टमर बेस बनाने के लिये इसने अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल किया है। दूसरी ओर, क्यारी के इनोवेटिव फाउंडर्स अगम चौधरी और सक्षम जैन ने अपने अत्याधुनिक सेल्फ-वाटरिंग प्लांट टूल्स तथा नई खोज वाले हाइड्रेटिंग पेन से शार्क्स को प्रभावित किया। फाउंडर और सीईओ अगम ने कहा, ''हमारे उत्पाद किसी भी जगह की खूबसूरती बढ़ाने के लिये डिजाइन किये जाते हैं। हम विभिन्न जगहों में नई जान डाल रहे हैं और देश की बागबानी में नवाचार कर रहे हैं। हम पौधों की देखभाल को आसान तथा सुलभ बनाने के मिशन पर हैं।''इस ब्रैंड ने अपने डिजाइन, कार्यात्मकता एवं यूजर-फ्रेंडली उत्पादों से प्रभावित किया, लेकिन इसमें ब्रैंड रिकॉल और ग्राहकों से जुड़ाव को लेकर चिंताएं थी। ऐसे में कंपनी की तरक्की की रणनीति पर विचारों को झकझोर देने वाली एक चर्चा हुई। 'फेस-ऑफ' फॉर्मेट में शार्क्स ने दोनों व्यवसायों की पूरी तुलना की, जिसमें उनकी अपनी-अपनी ताकतें और कमजोरियाँ नजर आईं। नर्चरिंग ग्रीन ने खुद को लंबे समय से चल रहे एक व्यवसाय के तौर पर स्थापित किया है, जिसकी मजबूत प्रतिष्ठा और वफादार ग्राहक आधार है। जबकि क्यारी के अभिनव उत्पादों तथा उत्साह में बाजार पर छाने और पौधों के शौकीन लोगों की नई पीढ़ी को आकर्षित करने की क्षमता है। शार्क टैंक इंडिया 4 में नर्चरिंग ग्रीन ने 1 प्रतिशत इक्विटी के बदले 1 करोड़ रूपये के लिये पिच किया, जबकि क्यारी ने अपनी शानदार क्षमता दिखाते हुए 0.8 प्रतिशत इक्विटी के बदले 80 लाख रूपये मांगे। दोनों ही व्यवसाय पौधों के प्रतिस्पर्द्धी बाजार में तरक्की करने की क्षमता रखते हैं। अब देखना यह है कि इनमें से टॉप पर कौन रहेगा शार्क टैंक इंडिया के सीजन 4 में उद्योग के प्रमुख लोगों ने शार्क्स का एक शानदार पैनल बनाया है।

## रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने तीसरे संस्करण के साथ आ रहा है वापस

**नई दिल्ली।** सीग्राम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने तीसरे संस्क्रण के साथ वापस आ रहा है जो समकालीन हिप-हॉप बीट्स के साथ बॉलीवुड की प्रतिष्ठित धुनों को एक अद्भुत मिश्रण पेश करेगा। मिर्ची द्वारा निर्मित इस सीजन के साथ प्रभावी संगीत समारोह 14 जनवरी, 2025 को मुंबई में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में अपने आगामी लाइनअप का प्रदर्शन किया जाएगा यह अनूठा सांस्कृतिक फ्यूजन पारंपरिक और आधुनिक भारतीय संगीत के मिश्रण को फिर से परिभाषित करना जारी रखेगा जो ब्रांड के लिविंग इट लार्ज दर्शन के अनुरूप है ब्रांड के लिए उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने का संगीत एक प्रमुख स्तंभ है।

कार्तिक मोहिंद्रा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और हेड ग्लोबल बिजनेस डेवलपमेंट परनोड रिकार्ड इंडिया ने कहा संगीत की सार्वभौमिक भाषा में विशेषरूप से लाइव अनुभवों में लोगों को एकजुट करने और शुद्ध जादू के पल बनाने की शक्ति है रॉयल स्टैग अपने प्रमुख युवा जुनुन



स्तंभ के रूप में संगीत का जश्न मनाना जारी रखे हुए है अब जब कि हम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के तीसरे संस्करण का अनावरण कर रहे हैं प्लेटफॉर्म एक रोमांचक नए साउंडस्केप के साथ अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए तैयार है जिसमें कला और सांस्कृतिक अनुभवों के साथ-साथ हिप-हॉप की धड़कनों के साथ बॉलीवुड की धुनों का मिश्रण है जो वास्तव में ब्रांड के दर्शन लिविंग इट लार्ज को बड़े स्तर पर प्रदर्शित करता है।

रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के तीसरे संस्करण के बारे में बोलते हु अजय गुप्ता, सीईओ, साउथ एशिया वेवमेकर, ने कहा रॉयल स्टैग ने हमेशा आज के युवाओं के लिए मुख्य् जुनून प्वाइंट के रूप में संगीत का समर्थन किया है रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के इस तीसरे संस्करण में हम अपने लिव इट लार्ज दर्शन का विस्तार कर रहे हैं पिछले संस्करणों की जबरदस्त सफलता ने साबित किया है कि हम वास्तव में कुछ खास हासिल कर रहे हैं इस बार और अधिक गतिशीलता का अनुभव की आप अपेक्षा कर सकते हैं बॉलीवुड की भावनात्मक धुनों और हिप-हॉप की रॉ एनर्जी से वास्तव में आप झूम उठेंगे। एक पावर-पैक्ड लाइनअप के लिए तैयार रहें, जो संगीत समारोह को फिर से परिभाषित करेगा।

यतीश महर्षि, सीईओ, ईएनआईएल ने कहा रॉयल स्टैग बूमबॉक्स् संगीत के जादू के माध्यम से लोगों को एक साथ लाने के बारे में है यह वह जगह है जहां नवाचार हमारी सांस्कृति से मिलता है और परंपरा आधुनिक वाइब्स के साथ घुलती-मिलती है। ईएनआईएल में हम कुछ खास सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं जो विविधता का जश्न मनाता है और अविस्मरणीय क्षण बनाता है यह संस्करण अनुभव को एक नई ऊंचाई पर ले जाने, ऊर्जा, आनंद और यादगार पल बनाने में एक कदम आगे होगा जिसे देशभर के संगीत प्रेमी जीवन भर के लिए संजो कर रखेंगे।

चार्ली बैली सीईओ और सह-संस्थापक एम्पवर्स ग्रुप ने कहा हम सीग्राम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के तीसरे संस्करण के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं जो इस अद्भुत सांस्कृतिक उत्सव में गेमिंग को लेकर आ रहा है। गेमिंग इस बात का एक बड़ा हिस्सा है आज के युवा कैसे आपस में जुड़ते हैं और खुद

## मोदी सरकार का कर्मचारियों को तोहफा, आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** नए साल में केंद्र सरकार ने लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का एलान कर दिया। गठन के बाद आयोग की रिपोर्ट के आधार पर कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनधारकों के पेंशन में इजाफा होगा। लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या एक करोड़ से अधिक होगी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का फैसला लिया गया। 7वें वेतन आयोग का गठन 2016 में किया गया था और इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। वैष्णव ने आगे कहा कि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।

सरकार के इस कदम का इंतजार एक करोड़ से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को था। ये अपने मूल वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों को संशोधित करने में मदद के लिए आयोग के गठन की आस लगाए थे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा करते हुए कहा कि आयोग का गठन 2026 तक हो जाएगा। उन्होंने आगे दोहराया कि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहले ही लागू की जा चुकी हैं।

सरकार बाद में सदस्यों सहित आयोग के अन्य विवरणों के बारे में जानकारी देगी। सातवें वेतन आयोग ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन ढांचे, भत्तों और पेंशन में महत्वपूर्ण बदलाव किए है। जिससे वेतन समानता सुनिश्चित हुई और सक्रिय कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों दोनों को लाभ हुआ। इसके बाद अब 8वें केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन होने वाला है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आठवें वेतन आयोग पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा और खपत को बढ़ावा मिलेगा।

# टीबी के लक्षणों को न करें नजरंदाज : सदर विधायक

## हाटस्पाट स्थलों पर अब क्यूआर कोड से दर्ज होगी पुलिसकर्मियों की उपस्थिति

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** पुलिसकर्मियों की गश्त पर अब क्यूआर कोड से नजर रखी जाएगी। पुलिसकर्मी अपने क्षेत्र में गश्त करने जाएंगे तो उन्हें क्यूआर कोड को स्कैन कर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। पहले चरण में अपराध की दृष्टि से हॉटस्पॉट घोषित किए गए चार सर्किल के 10-10 स्थलों पर यह व्यवस्था प्रभावी की गई है। जल्द ही क्यूआर कोड से निगरानी की यह व्यवस्था शहर से लेकर गांवों तक में लागू कर दी जाएगी। पुलिस प्रशासन की ओर से आपराधिक घटनाओं पर हाईटेक तरीके से नियंत्रण करने की कवायद शुरू की गई है। इसके अन्तर्गत क्यूआर कोड आधारित ई बीट सिस्टम लागू किया गया। पहले चरण में गौरीगंज, अमेठी, मुसाफिरखाना व तिलोई सर्किल में अपराध की दृष्टि के हॉटस्पॉट बन चुके 10-10 स्थानों पर यह योजना लागू की गई है। इन स्थानों पर क्यूआर कोड लगवा दिया गया है। इसके बाद जल्द ही सभी गांवों व प्रमुख चौराहों पर भी योजना लागू की जाएगी। यहां भी क्यूआर कोड लगवाया जाएगा। क्यूआर कोड लगने के बाद अब उस बीट का सिपाही वहां जाएगा तो उसे अपने मोबाइल से स्कैन करेगा। जिसके बाद उसकी लोकेशन के साथ ही एसपी और निगरानी सेल में मेसेज पहुंच जाएगा। इसके लिए निगरानी सेल का गठन भी किया गया है। इसके साथ ही बीट सिपाही को एक रजिस्टर रखना होगा। रोजाना अलग-अलग दो लोगों का ब्योरा दर्ज करना होगा। बताना होगा कि उनसे क्या बात की गई है। मनोज कुमार मिश्रा क्षेत्राधिकारी अमेठी ने कहा बीट के सभी चिन्हित स्थानों पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा। उसी स्थान पर पहुंचकर बीट के इंचार्ज और पुलिस कर्मियों को अपनी सेल्फी और क्यूआर कोड स्कैन करके उपस्थिति दर्ज करानी होगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही उच्च अधिकारियों के पास उपस्थिति दर्ज होगी।

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी)के तहत जनपद में सात दिसम्बर से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को फ़िरोज़ गाँधी कॉलोनी स्थित पार्क में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सदर अदिति सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2025 तक देश से क्षय रोग के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान शुरू किया है जिसका उद्देश्य है टीबी रोगियों का पता लगाकर उन्हें तत्काल उपचार पर लाना व टीबी से होने वाली मौतों को रोकना। सदर



विधायक ने आम जनमानस से अपील की है कि जिन्हें भी टीबी के लक्षण महसूस हों तो इन्हें नजरअंदाज न करें और पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएँ। टीबी की सभी जांचें और दवाएं स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क हैं। साथ ही टीबी रोगियों को इलाज के दौरान हर माह 1000 की धनराशि खाते में भेजी जाती है। उन्होने एक क्षय रोगी को पोषण पोटली दे कर जनपद के जनप्रतिनिधियों, सभ्रांत तथा प्रतिष्ठित लोगों से अपील की कि वह सामजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए इस अभियान से जुड़ें और टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक खाद्य सामग्री वितरित करें। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अनुपम सिंह ने

**सदर विधायक ने लोगों से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में जुड़ने को अपील की**

टीबी के लक्षणों के बारे में उपस्थित जन सामान्य को बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी आना, खांसते वक्त बलगम के साथ खून आना, लगातार वजन कम होना, भूख न लगना, शाम के समय बुखार आना तथा रात में पसीना आना आदि यह टीबी के लक्षण हैं। इन्हें जाने और अपने घर व पास-पड़ोस, दोस्तों के साथ इस पर चर्चा करें। टीबी छुपाने से बढ़ेगी, कम नहीं होगी। इसलिए टीबी छुपायें नहीं। यह लाइलाज नहीं है। नियमित इलाज और पौष्टिक भोजन के सेवन से ठीक हो जाती है। इस मौके पर एनटीईपी के सदस्य और आम जनमानस मौजूद रहे।

## नाबालिग से जबरन दुष्कर्म करने का आरोप, पीड़ित ने दी तहरीर

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** सेवरही कस्बे के वार्ड नंबर 13 निवासी एक नाबालिक बच्ची से जबरन दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित बच्ची के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। सेवरही उपनगर के वार्ड नंबर 13 निवासी एक व्यक्ति ने गुरुवार को स्थानीय थाने में तहरीर देकर जिक्र किया है कि 11 जनवरी की रात करीब 9 बजे मेरी लड़की जिसकी उम्र 13 वर्ष है, मुझे खाना देकर वापस घर न रही थी कि रास्ते में एक युवक जिसका नाम सोनू पुत्र हीरालाल जो सेवरही का ही निवासी है, मेरी लड़की का दुकान के पीछे वाले कमरे में लेकर जाने लगा। उसका कपड़ा फाड़ दिया और उसके साथ दुष्कर्म करने लगा।

**सेवरही उपनगर के वार्ड नंबर 13 का मामला**

मेरी लड़की रोते बिलखते घर पहुंची और अपने साथ हुई आपबीती को बताने लगी। जिसके बाद हम सभी लोग स्तब्ध हो गए। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सेवरही से पूछा गया तो फोन की घंटी बज रहा था लेकिन फोन नहीं उठा।

## आईजीआरएस शाखा के कर्मचारी सम्मानित



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के नेतृत्व में देवरिया जनपद ने आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम) के निस्तारण में माह दिसम्बर में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि देवरिया पुलिस टीम के समर्पण, मेहनत और कर्तव्य परायणता का प्रतीक है इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक द्वारा दिनांक 16.01.2025 को पुलिस कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने निस्तारण प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी की टीम भावना और जनता की समस्याओं को शीघ्रता से सुलझाने की प्रतिबद्धता का परिणाम है। पुलिस अधीक्षक ने सभी कर्मचारियों को इसी प्रकार की कर्तव्यनिष्ठा और मेहनत से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि देवरिया पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं है, बल्कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना भी हमारी प्राथमिकता है।

## व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला प्रवेशन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्प लाइन एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा पडरौना शहर व्यवसायिक प्रतिष्ठान गोपाल स्वीट्स, बेस्ट बाइट कार्नर, कैलोरी किचन, कैफे बालीवुड एवं क्वालिटी स्टार वर्ल्ड सिनेमा में छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान कार्यस्थल पर पाए गए बाल श्रमिकों के सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रतिष्ठान पर नियमानुसार कार्यवाही की है।

छापेमारी के दौरान ऐसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान जिनके यहां दस या दस से अधिक कार्मिक कार्य कर रहे हैं, उनके यहां पर लैंगिक उत्पीड़न के रोकथाम सम्बन्धी आन्तरिक परिवाद समिति की भी जांच की गई। जिन प्रतिष्ठानों में आन्तरिक परिवाद



पडरौना शहर में प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करती टीम

**कई प्रतिष्ठानों पर की गई कार्रवाई, कई को नोटिस**

समिति का गठन नहीं किया गया है उनको नोटिस प्रेषित करने की कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान विनय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी/ जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सुश्री अलंकृता उपाध्याय, सहायक श्रम आयुक्त पडरौना, रामचन्द्र राम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अग्निवीर वायु इनटेक की भर्ती के लिए करें आवेदन

**रायबरेली।** कमान अधिकारी विंग कमांडर ए गुणशेकर ने बताया है कि उत्तर प्रदेश में वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु (महिला एवं पुरुष) की भर्ती करने के लिए अधिकृत एकमात्र चयन केन्द्र है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रति वर्ष बड़ी से बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं को वायु सेना में भर्ती हेतु प्रोत्साहित करना एवं भर्ती करना है। इस योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जाती है। प्रथम चरण- अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा का आयोजन प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाता है। द्वितीय चरण अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं अनुकूलता परीक्षण इस चयन केन्द्र में संपन्न किया जाता है। तृतीय चरण उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण हेतु निर्धारित चयन केंद्र में उपस्थित होना होता है। चिकित्सा परीक्षण भारतीय वायु सेना चिकित्सा टीम द्वारा वायु सेना के चिकित्सा मानकों और प्रचलित नीति के अनुसार किया जाता है।

## सास, बहु, बेटा सम्मेलन में सीमित परिवार की बताई गई अहमियत



सास, बहु, बेटा कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक अंतर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर लक्ष्मीपुर में गुरुवार को सास, बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को सीमित परिवार की अहमियत बताई गई। तथा गर्भवती महिलाओ को खाद्य सामग्री एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान अकमल हुसैन व एमओआईसी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया रहे। सास बहू बेटा सम्मेलन में साल भर में चिह्नित नव दंपती को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। सास बहू बेटा सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रभारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया ने कहा कि सीमित परिवार का लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के बाद कम से कम दो वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले और दूसरे बच्चे के बीच कम से कम 3 वर्ष का अंतर, परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधन की पूर्ण जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधान अकमल हुसैन, बीपीएम राजेश कुमार, सीएचओ नूर शमा सहित स्वास्थ्य कर्मी व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित आशा भी मौजूद रही।

## उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने गो आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह ने जनपद देवरिया में संचालित अस्थाई गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के अंतर्गत बलटिकरा (बैतालपुर), सोनहुला (रामनगर तरकुलवा), कान्हा गोशाला (पिपरपांती, देवरिया), तथा वृहद गो संरक्षण केंद्र (पिपरा चंद्रभान) का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही इनसे संबंधित चारागाहों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय गोवंश अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निराश्रित और बेसहारा गोवंश के संरक्षण, मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना की प्रगति, गोचर और चारागाह भूमि की स्थिति, संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण, गो आश्रय स्थलों में केयरटेकर की उपलब्धता, कैटल कैचर की कार्यप्रणाली और जनपद में साइलेज के उपयोग से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## जनता को सजग और सशक्त बनाने का श्रेष्ठ माध्यम है कविता : डा आशा गुप्ता

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** प्रमोद आलोक इंटर कॉलेज मंगलपुर में बुधवार को काव्य आराधना साहित्य संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर लेबरवाला कंस्ट्रक्शन सर्विसेज द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कई जनपदों से आए हुए कवियों ने देर तक काव्य पाठ किया।

डा आशा गुप्ता ने कहा कि कविता और शेरों शायरी का महत्व आदि काल से रहा है। कवियों ने आजादी के आंदोलन में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध लोगों को संगठित करने का काम किया।आज युवा पीढ़ी की युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के प्रति सजग करने और राष्ट्रीय समस्याओं पर केंद्रित रचनाओं की जरूरत है। युवा कवियों को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यअतिथि डॉ. देवमणि तिवारी व काव्य आराधना के संस्थापक डॉ. केशरी शुक्ल के साथ आयोजक विवेक मिश्र ने दीप प्रज्वलन करके किया। कवि सुरेश शुक्ल नवीन ने वाणी वंदना के साथ कवि सम्मेलन की शुरुवात की। लखनऊ से आए गीतकार सूर्य प्रकाश सूरज के गीत वो है वन्देमातरम पर पूरा पंडाल भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। अयोध्या से आई कवयित्री रोली सिंह के गीत मगर तुमको साथ मेरा निभाना पड़ेगा पर लोगो ने खूब वाहवाही की। बारांबकी के शायर अमरजीत यादव अमर के शेर नहीं आई तेरी शुभकामनाएं हमारा साल भी बदला नहीं है की लोगों ने खूब सराहना की। प्रतापगढ़ के कवि अंजनी अमोघ की देशभक्ति की रचनाओं की भी खूब सराहना हुई।

डॉ. केशरी शुक्ल की पंक्तियों गर आंख एक भी उठी इधर सौगंध हमें नारायण की, पूरे मानचित्र पर हम ही होंगे बाकी संसार नहीं होगा पर पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा गजलकार विवेक मिश्र के शेर काट सकता है ज़हर ही जहर को, इश्क़ लाईलाज बीमारी नहीं को सुनकर सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। वीर रस के कवि अभिजित त्रिपाठी की पंक्तियों तुमने झंडे पर चांद बनाया हमने चांद पे झंडा गाड़ दिया पर पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा। शिवभानु कृष्णा की पंक्तियों यहां बेहाल बैठा हूं लिए आंखों में आंसू मै,वहां महबूब की शादी मुबारक हो रही होगी पर लोगो ने खूब वाह वाही की।

कवि राजेन्द्र शुक्ल अमरेश, अर्चना ओजस्वी,अनिरुद्ध मिश्र, पप्पू सिंह कसक, अनूप प्रतापगढ़ी, रामबदन शुक्ल पथिक, रामेश्वर सिंह निराश, तेजभान सिंह, सचिन यादव समर्थ, आदी ने भी काव्य पाठ प्रस्तुत किया। देर रात तक श्रोता कवियों की रचनाओं का आनंद लेते रहे।

## युवाओं की प्रतिभा को मंच दे रहा बरगद अमृत संगठन : राजन जी महाराज

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** बैतालपुर नगर पंचायत के बरपार गांव में स्थित जागृति उद्यमिता केंद्र में बरगद अमृत संगठन और संस्कृत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक समागम में प्रसिद्ध कथा वाचक राजन जी महाराज ने बरगद आरती में भाग लिया और उपस्थित क्षेत्र की जनता को अपने आशीर्वचनों से अभिसिंचित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और ईश्वर ही भगवान हैं। हम सभी सनातन धर्म के उपासक हैं।

संपूर्ण विश्व में कोई भी बच्चा जब पैदा होता है तो वह सनातनी ही होता है बाद में उसे विभिन्न धर्मों के जाल में उलझा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान का अर्थ होता है भ भूमि ग् से गगन, व वायु, अ आकाश और न से नीर ये पांच तत्वों को ही भगवान का रूप मानकर हम लोग पूजा करते हैं । उन्होंने कहा कि यहां के सांसद शशांक मणि के द्वारा प्रकृति और पर्यावरण के



क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है और जो प्रकृति संरक्षण और संवर्धन का कार्य करता है उसे अलग से पूजा पाठ करने की आवश्यकता नहीं है । हमारे शास्त्रों में लिखा है कि प्रकृति ही ईश्वर है।

बरगद अमृत संगठन के संस्थापक व सदर सांसद शशांक मणि ने कथा वाचक राजन जी महाराज का और उपस्थित जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि हमारे लिए ये सौभाग्य की बात है कि अमृत काल के इस अवसर पर एक महाकुंभ प्रयागराज में लगा है तो दूसरा आज राजन जी महाराज के मार्गदर्शन में बरपार में लगा है । उन्होंने कहा कि राजन जी महाराज एक कथा वाचक के रूप में पूरे विश्व में सनातन धर्म का अलख जगा रहे हैं, आज हमारे क्षेत्र की जनता को आपने अपने आशीर्वचनों से अभिसिंचित किया इसके लिए आपका बहुत आभारी हूं आगे भी आपके मार्गदर्शन की अपेक्षा करता हूं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, राजेश मिश्रा, डा हेमंत मिश्रा, अंतर्यामी सिंह, मारकंडे तिवारी, दिवाकर मिश्रा, शैलेश मणि त्रिपाठी, प्रभाकर तिवारी, निर्मला गौतम, जितेंद्र पांडे, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हत्या की घटना का पुलिस ने किया सफल अनावरण

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** भदोखर पुलिस द्वारा हत्या की घटना का 5 घंटे के अंदर



किया सफल अनावरण। थाना भदोखर वादिनी शिवकली पत्नी कल्लू यादव निवासी ग्राम एकछनिया ने लिखित तहरीर देते बताया कि उसके पति कल्लू यादव उम्र लगभग 60 वर्ष पुत्र हरछठ जो घर के बगल में जानवर बांधने के स्थान पर रहते थे। सुबह लगभग 5:30 बजे जब वह जानवरों को चारा पानी करने गई। तो देखा कि उसके पति मुंह के बल जमीन पर मृत अवस्था में पड़े हैं। जब उनको पलट कर देखा तो उनके सर से काफी खून बह रहा था। प्राप्त सूचना पर भदोखर थाना पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी हाउस भेजा गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर टीम में गठित कर घटना के अनावरण हेतु प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना भदोखर व सर्विलांस एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत से संबंधित अभियुक्त सुरेंद्र पुत्र कल्लू यादव निवासी एकछनिया थाना भदोखर को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

## सेवानिवृत्त एडीओ एगी को रक्षा इकाई केंद्र पर दी गई विदाई



विदाई समारोह में एडीओ एगी को माल्यार्पण करते कर्मचारी

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित कृषि रक्षा इकाई के केंद्र पर गुरुवार को सेवानिवृत्त एडीओ एजी प्रमोद कुमार सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर कर्मचारियों ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह व मिठाई भेंट किया। समारोह में रक्षा इकाई केंद्र के प्रभारी ऋषिराज ने सहायक कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए बेहतर भविष्य की कामना किया। उन्होंने कहा कि एडीओ एगी साहब अपने समय व कार्यों के प्रति हमेशा पाबंद रहते थे। टीएसी कुलदीप नारायण ने कहा कि सेवानिवृति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, जो सरकारी सेवा में हैं, उन्हें एक न एक दिन सेवानिवृत होना ही है। उनके द्वारा अपने सेवा काल में किए गए कार्य ही उनकी पहचान है तथा उनके द्वारा किए गए कार्य से ही उनकी पहचान लंबे समय तक लोगों के जेहन में रहती है। समारोह को एडीओ एगी विनय कुमार सिंह, बीटीए निरंजन कुमार सिंह, एटीएम जितेंद्र, जयगोविंद सिंह, हिमांशु व बबलू ने संबोधित किया।

## कंगन की खनक बुलाती है दफ्तर से...!




अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** प्रभात साहित्य सेवा समिति की मासिक काव्य गोष्ठी संस्था के अध्यक्ष इंद्रजीत इंद्र के आवास पर कवि आनन्द कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गोष्ठी का संचालन विनोद गुप्ता ने किया। सर्व प्रथम मां शारदे के चित्र पर अध्यक्ष श्री त्रिपाठी व मेजबान इंद्र ने माल्यार्पण किया। इसके बाद मां शारदे की वंदना मेजबान इंद्रजीत से आरम्भ हुई। इन्होंने यह सुनाया- मुझको मेरा चमन मेरा गगन मगन मिले, जो भी मिले जहां भी मिले मन पसंद मीले। इसके बाद बेचू बीए ने मां पर यह गीत सुनाया-जब जब रोया बचपन में तो मां ने है दूध पिलाया, और जब भी आफत आई तो मां ने मुझे बचाया। डॉ इम्तियाज समर ने सुनाया जहां में मुस्कुराना सिख लो दिलों से दिल लगाना सिख लो।÷इसके बाद संचालन कर रहे विनोद गुप्ता ने यह सुनाया-जितना भी फेकना है उतना फेक दीजिए। अंत में अध्यक्ष ने यह पढ़ा- जरत घाम में धरती रानी, निखरे नभ के आंसू। इसके अलावा शोभा गुप्ता, शौर्यजीत ने भी कविता पाठ किया।

## ग्रामीण अंचल में बसपा समर्थकों ने मनाया मायावती का जन्मदिन

**अमेठी।** बसपा सुप्रीमो मायावती के 69वें जन्म दिवस पर ग्रामीण अंचल में देर शाम तक कार्यक्रम आयोजित किए गए।भीम आर्मी ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष केक काट कर बसपा सुप्रीमो का जन्म दिन मनाया और उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। भीम आर्मी ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष बसपा सुप्रीमो मायावती और सांसद चन्द्रशेखर रावण का संयुक्त चित्र रखकर केक काटा और केक के साथ लड्डू बांटे।

आजाद समाज पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र कोरी,भीम आर्मी के अरुण कुमार शास्त्री,मो इश्तियाक, डा उदय राज राव , फूल चंद आदि मौजूद रहे। भेंटुआ संवाद के अनुसार कमासिन में महिलाओं और बच्चों ने केक काटे। लड्डू बांटे और मंगल गीत गाकर बसपा सुप्रीमो की लम्बी उम्र की कामना की। छोटी बच्ची दर्शिका ने जन्म दिन का केक काटा।

## चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के सामंजस्य से बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास : डॉ राजेश



प्रशिक्षण को संबोधित करते डॉ राजेश मद्धेशिया

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली पर हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार से शुरू किया गया। प्रशिक्षण में कक्षा 6-12 तक के विद्यालयों में दो शिक्षक हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर बनाए जायेंगे, जिसमें एक महिला व एक पुरुष शिक्षक होगा। इनका कार्य प्रत्येक मंगलवार को स्वास्थ्य एवं किशोरावस्था सम्बन्धी क्रिया-कलाप की जानकारी देना होगा। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया ने कहा कि चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के सामंजस्य से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। बच्चों को किशोरावस्था में परिवर्तन से संबंधित जानकारी बच्चों को शिक्षक देंगे। इससे विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान मिल सकेगा। इस दौरान प्रशिक्षण डॉ दीपक मिश्रा, एआरपी शिक्षक विपिन कुमार, ब्यास मुनि सिंह, राधेश्याम वर्मा, तेज प्रताप सिंह, मदन कुमार आदि मौजूद रहे।

# नियम तोड़ने में महिलाएं भी पुरुषों से कम नहीं

- बगैर हेल्मेट व दस्तावेज़ के भर रही फर्राटा
- एआरटीओ व यातायात विभाग की वाहन चेकिंग में नियम विरुद्ध दिखीं कई महिलाएं



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** ए आर टी ओ व यातायात पुलिस की लाख कोशिशो के बाद भी वाहन चालक यातायात नियम का पालन करना स्वीकार नही कर रहे है,जबकि इसके लिए उन्हें अभियान चलाकर जागरूक भी किया जाता रहा है।

बावजूद अपनी ही सुरक्षा से खिलवाड़ पर लोग आमादा है।यही नही महिलाए भी नियम तोड़ने में पुरुषों से पीछे नही है। वृहस्पतिवार को संयुक्त चेकिंग अभियान में उप संभागीय विभाग से यात्रीकर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय,ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम निरंजन व भारी फोर्स के साथ बस स्टाप स्थित वाहन जांच शुरु की गई। जांच में अत्याधिक रूप से दो व चार चक्का वाहन सवार यातायात पुलिस को आवश्यक दस्तावेज मांगने पर दिखा नही सके। जिसके चलते सैकडो़ की संख्या में चेकिंग टीम ने चालान काटे,साथ ही यात्रीकर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय व यातायात निरीक्षक राम निरंजन पकड़े गये वाहन चालको को उनकी सुरक्षा से संबधित पाठ भी पढा़ते नजर आए। फिलहाल खबर लिखे जाने तक जांच टीम मौके पर मौजूद रहकर सघन जांच-पड़ताल कर रही थी।टीम में यातायात उप निरीक्षक छोटेलाल, मुख्य आरक्षी राकेश कुमार सोनकर, अरविंद कुमार यादव, रमेश कुमार, प्रभूनाथ यादव, मेजर बेलाल अहमद, अखिलेश कुमार, उप संभागीय विभाग से दिवान ओम प्रकाश, विष्णूकांत वाचपेयी व दर्जनों होमगार्ड/पीआरडी के जवान मुस्तैद रहे, यात्रीकर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय व यातायात निरीक्षक राम निरंजन ने संयुक्त रूप से बताया की हमारा उद्देश वाहन दुर्घटनाओ को शून्य करना है, हमलोगों का प्रयास है की वाहन चालक नियम का पालन करें जिससे उनकी यात्रा सुगम व सुलभ रहे, साथ ही अपील है की बच्चों के हांथ में वाहन न दे, अन्यथा की स्थिति में हम ठोस कार्यवाही के लिए सभी मार्गो पर खड़े है।

## नारायण महाविद्यालय में शक्ति केंद्र की हुई स्थापना



**शिकोहाबाद।** नारायण कॉलेज शिकोहाबाद में आज मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत महाविद्यालय में शक्ति केंद्र की स्थापना की गई। जिसमें प्रो अनुपमा चतुर्वेदी, प्रो विनीता कटियार, प्रो कविता यादव एवं डॉ स्वीटी सिंह को नामित किया गया। महाविद्यालय की सभी महिला शिक्षिकाओं ने मिलकर इस नव वर्ष पर छात्राओं का मनोबल बढ़ाने हेतु उन्हें आश्वासन दिया की शक्ति केंद्र की स्थापना महाविद्यालय में इस आशा से की गई है कि किसी छात्रा को कभी भी परेशानी होती है तो निसंकोच महाविद्यालय की किसी भी शिक्षिका से अपने मन की बात खुलकर कर सकती है साथ ही अपनी समस्या को शिक्षिकाओं के साथ साझा कर सकती है। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो विजय कुमार सिंह, प्रो मनोज कुमार, प्रो अरविंद कुमार, डॉ मृदुला यादव, एनएसएस प्रभारी डॉ प्रियंका राजपूत एवं डॉ शुभी पटेल आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहें।

# विधायक ताहिर खान का देर शाम तक चलता रहा इसौली क्षेत्र में भ्रमण

अवधनामा संवाददाता



- अलियाबाद पूर्व प्रधान के निधन पर मातमपुर्सी में शमिल व गौरा में हुए राजितराम की अकस्मात मृत्यु में पर पहुंच कर व्यक्त की शोक संवेदना

**सुल्तानपुर।** जनपद के इसौली क्षेत्र से सपा विधायक मोहम्मद ताहिर खान लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों की समस्या और उसका निस्तारण मौके पर ही करने का प्रयास करते रहे और सुख दुख में पहुंचते हैं क्षेत्र के आलियाबाद पूर्व प्रधान अलताफ हुसैन उर्फ पिंटू हाजी की मातमपुर्सी में पहुंचे।इसके बाद गौरा बरामऊ के राजित राम जिनकी उम्र 42 साल थी इलाज के दौरान कल मौत हो गई थी उनके परिवार से भी मिलकर दुख बांटा और राजित राम के दोनों बच्चों के पढ़ाई की खर्चे के लिए 12 हजार नगर नगद देने की घोषणा की और शासन की ओर से मदद दिलाने की के लिए अधिकारी से मृतक के परिवार की आर्थिक मदद करने की बात कही साथ ही गांव में इकट्ठा हुए लोगों की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया है कि समस्याओं का निदान किया जाएगा किए गए वादों को पूरा किया जाएगा विधायक ने बताया कि मैं 6 हाई मार्क्स लाइट लगाने का वादा किया है जिसमें से दो लग गई है बाकी जल्द ही लगेगी। भ्रमण के दौरान सुनी जनता की समस्या एक ज़ईफा औरत (बूढ़ी मां) ने वृद्धा पेंशन न मिलने की किया शिकायत, तत्काल अधिकारियों से वार्ता कर किया निस्तारण इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश यादव जिला सचिव उमाकांत यादव, रमेश यादव, तनवीर, अब्दुल्ला खान शहजादे रामबरन, अकबर अली प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## अरविंद फर्नीचर पर कार्यकर्ता स्नेह मिलन समारोह में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

**शिकोहाबाद।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नगर कार्यकारिणी द्वारा कार्यकर्ता स्नेह मिलन समारोह का आयोजन पथवारी मंदिर के पीछे अरविंद फर्नीचर पर आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान संघ, व्यापार मंडल एवं अन्य मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एकत्रित हुए। इस असर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी ऐसे कार्यक्रम करती रहती है। जिसमें सामाजिक समरसता का भाव प्रकट हो। नगर अध्यक्ष हार्दिक शिवम दीक्षित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का परिवार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जिसमें अनेकों अनेक कार्यकर्ता प्रतिदिन अपनी सहभागिता दे रहे हैं। एसे कार्यक्रम से जहां आपसी मेलमिलाप बढ़ता है वहीं नये कार्यकर्ताओं की पुराने कार्यकर्ताओं से जानपहचान होती है। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता, श्रीनारायण दीक्षित, नारायण हरि, संजय गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता और अरविंद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## हीरो को श्रद्धांजलि देने आएंगे सपा सांसद और एमएलसी

**सुल्तानपुर।** उसने घर-बार छोड़ा, सपा की रीति-नीति का प्रचार करने पहले लखनऊ फिर दिल्ली तक गया। तब पार्टी विपक्ष में थी। ग्यारह जनवरी को समाजवादी पार्टी के जुलूस पर लखनऊ में लाठीचार्ज हुआ। दिल्ली में तत्कालीन बसपा के खिलाफ जंतर-मंतर पर आंदोलन शुरू हुआ तो उसने चौदह जनवरी को आत्मदाह कर लिया। तीन दिन बाद 16 जनवरी 2008 को इलाज के दौरान मौत हो गई। त्याग ऐसा था कि बड़े नेताओं की निगाह में वह %हीरो% बन गया। बात कर रहे हैं रणविजय सिंह यादव उर्फ हीरो की। जिसकी शहादत पर श्रद्धांजलि देने सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव, अब सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, स्व अमर सिंह, (शहादत के बाद कभी न आने वाले कमाल अख्तर) राजेंद्र तिवारी, एसआरएस यादव, राजेंद्र चौधरी, रामगोपाल यादव जैसे नेता उसके पैतृक गांव जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के रेवारी आए।

# जीआरपी-आरपीएफ ने स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** महाकुंभ को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे स्टेशन टूंडला जंक्शन पर पुलिस अधीक्षक रेलवे अभिषेक वर्मा के आदेश पर थाना प्रभारी जीआरपी टूंडला अमित कुमार द्वारा स्टेशन की चेकिंग की गई।

इस दौरान जीआरपी पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मय पुलिस बल तथा क्यूआरटी टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन टूंडला जंक्शन से महाकुंभ को दृष्टिगत रखते हुए कई स्पेशल गाड़ियां भी चलाई गई है जिनके द्वारा भारी संख्या में श्रद्धालु कुंभ स्नान हेतु आगमन व प्रस्थान कर रहे हैं। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी जीआरपी टूंडला द्वारा रेलवे स्टाफतथा आरपीएफसे समन्वय स्थापित कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुरक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन टूंडला के प्रत्येक प्लेटफार्म पर पर्याप्त फोर्स की व्यवस्था की गई है जो की लगातार भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति तथा वस्तु पर सतर्क दृष्टि रखे हुए हैं। इस दौरान देर रात्रि तक अभियान चलाया।

# पुलिस लाइन में आयोजित हुआ यातायात जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में 17 से 23 जनवरी 2025 तक आयोजित हो रहे सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान अन्तर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अन्तर्गत नेहरू युवा क्रेन्द्र बहराइच के तत्वाधान में पुलिस लाइन स्थित यातायात प्रभारी कार्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान अन्तर्गत एक दिवसीय जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय जागरुकता प्रशिक्षण में एनसीसी, एनएसएस व नेहरू युवा केन्द्र के कुल 25 स्वंयसेवकों में प्रतिभाग किया गया। जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी मृत्युंजय गौड़ व आरक्षी यातायात अहिवरन सिंह कटियार ने यातायात के सभी नियमों व सुरक्षित चलने, सुरक्षित रहने व अन्य यातायात के संकेतों के बारे में जानकारी दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उ.नि. यातायात जितेन्द्र कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि जनहित फाउण्डेशन के अध्यक्ष उमेश चन्द्र मिश्रा द्वारा यातायात नियमों के सम्बंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी। केन्द्र के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इन्द्रसेन चौधरी ने कार्यक्रम के उद्देशों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए युवाओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा मौजूद लोगों का आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर आरक्षी निरपम यादव व साहनवाज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक सम्पन्न



**बहराइच।** उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कल्पीपारा कालोनी स्थित आफीसर्स फील्ड हॉस्टल में जनपद सिंचाई बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप ने अधिकारियों को नानपारा ट्यूबवेल पर हुये कार्यों की सूची उपलब्ध कराये जाने एवं मिहीपुरवा ब्लाक के गौरा पिपरा नलकूप पर सोलर लगवाने के निर्देश दिये। अधिशासी अभियन्ता (नोडल) ने नहरों के संचालन एवं रख रखाव के दृष्टिगत आने वाली समस्याओं को दूर करने में राजस्व कर्मियों की कमी होने की बात कही। उपाध्यक्ष श्री सिंह द्वारा समस्त खण्डों से राजस्व कर्मिकों के कार्यरत एवं रिक्त पदों की सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सरयू नहर खण्ड के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई सैनिक बन्धु की बैठक




**बहराइच।** जनपद के पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों के भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक ऋण, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान व अन्य प्रकार की समस्याओं के निस्तारण हेतु नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व सैनिक विपिन चन्द्र सिंह ने नाली एवं रोड निर्माण के लिए, नायक जीवन लाल ने शस्त्र लाइसेंस, पूर्व सैनिक कुलदीप सिंह ने गन्ना की घटतौली, पूर्व सैनिक सदानन्द पाण्डेय ने हरे पेड़ अराजक तत्वों द्वारा उखाड़े जाने की समस्या, पूर्व सैनिक राघवेन्द्र सिंह ने खतौनी में रकबा कम दर्ज किये जाने के सम्बन्ध लिखित प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किये गये। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि बैठक में प्राप्त हुए प्रार्थना-पत्रों को सर्वेच्य प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जायेगा। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल महेश चन्द्र ध्यानी ने किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के किशन लाल, वरिष्ठ सहायक भानु प्रताप गुप्त सहित जिले के पूर्व सैनिक एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## एनएसएस छात्रों ने निकाली यातायात रैली



**टूंडला।** श्री दीप सिंह इंटर कॉलेज राजावली चौराहा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने विशेष शिविर के सातवें दिन चयनित गांव रजावली में यातायात के नियमों को ग्रामीणों को भली-भांति समझाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष मुनेश पाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि बाइक पर जाते समय हेलमेट जरूर पहने, रास्ता पार करते समय दांय-बांय जरूर देखे तभी सड़क पार करें, हेलमेट पहनना है जरूरी वरना ज़िंदगी है अधूरी, हेलमेट पहनने से दुर्घटना होने से बच सकती है। इसलिए बाइक सवार लोगों को हेलमेट अवश्य पहने। जिससे आप सुरक्षित अपने परिवार में पहुंच सको। सावधानी हटी दुर्घटना घटी। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी यतेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह, प्रधानाचार्य गिरीश चंद शर्मा, प्रवक्ता आनंद कुमार, रविंद्र पाल एवं समस्त ग्रामवासी एवं सभी स्वयंसेवक विशेष शिविर के अंतिम दिन के उपलक्ष में सभी ने बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम में भाग लिया।

# 100 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन नगर निगम फिरोजाबाद की ओर से समाज कल्याण विभाग द्वारा नगर के गांधी पार्क मैदान स्थित सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में धूम-धाम से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिसमें महापौर श्रीमती कामिनी राठौर, सहायक नगर आयुक्त नगर आयुक्त निहालचंद, जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, अध्यक्ष नगर पंचायत श्रीमती गीता दिवाकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूर्यकांत मिश्रा, उपसभापति विजय शर्मा एवं अन्य पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुल 100 जोड़ों की शादी पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ सम्पन्न हुई जिसमें 42 मुस्लिम जोड़े एवं 58 हिंदू जोड़े सम्मिलित रहे। सभी जोड़ों को 10,000 रुपये के वैवाहिक सामान दिये गये तथा सभी नव युगल कन्या के खाते में 35000/-रुपये समाज कल्याण विभाग द्वारा भेजे जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक जोड़े के साथ आये हुए 10-10 स्वजनों को सामूहिक भोज भी कराया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती कामिनी राठौर, जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, उपसभापति विजय शर्मा द्वारा नव दम्पतियों को स्नेहाशीष प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम फिरोजाबाद से 44, नगर पालिका शिकोहाबाद से 15, नगर पंचायत सिरसागंज से 6, नगर पंचायत मक्खनपुर से 3, ब्लाक फिरोजाबाद से 8, खैरगढ़ से 8, टूंडला से 8, जसराना से 8, कुल 100 जोड़ों की शादी पारंपरिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुई जिसमें सामान्य वर्ग के 3, पिछड़ा वर्ग के 24, अनुसूचित जाति के 31 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 42 जोड़ों की शादियां सम्पन्न हुई।

# श्रमिक नेता की रिहाई-चूड़ी मजदूरों की समस्याओं के समाधान हेतु उ0प्र0 राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद क्रांतिकारी मजदूर संघ ने श्रमिक नेता भूरी सिंह यादव की बिना शर्त रिहाई, एवं चूड़ी मजदूरों की समस्याओं के समाधान कराने के सम्बन्ध में महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश लखनऊ के नाम एक ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। उत्तर प्रदेश में जनपद फिरोजाबाद के कांच एवम् चूड़ी उद्योग के लिए विश्व में विख्यात हैं, जनपद में कांच एवम् चूड़ी उत्पादन की लगभग 140 इकाइयां स्थापित है जिनमें लगभग 02 लाख श्रमिक नियोजित हैं सेवायोजकों द्वारा श्रमिकों का निरन्तर शोषण किया जाता है, भारत सरकार एवम् प्रदेश सरकार द्वारा औधोगिक शान्ति बनाए रखने के लिए 47 श्रम कानून बनाए गए हैं लेकिन सेवायोजकों द्वारा कारखाना अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, का खुला उल्लंघन किया जाता हैं, श्रमिकों की उपस्थिति, उपस्थिति पंजिका प्रपत्र 12 पर अंकित नहीं की जाती, श्रमिकों को उनकी मजदूरी का भुगतान डिजिटल माध्यम से नहीं किया जाता, साक्ष्य के अभाव में श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, की योजनाओं का लाभ श्रमिकों नहीं मिल पा रहा है जिससे श्रमिक आए दिन आंदोलन करते रहते है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा श्रम कानूनों का पालन कराने के लिए सहायक निदेशक कारखाना, सहायक श्रम आयुक्त, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कार्यालय खोल कर अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी हैं। खेद का विषय है श्रमिकों के हितों का संरक्षण करने के लिए जिन अधिकारियों को तैनात किया गया है वह श्रमिकों के हितों की अपेक्षा सेवायोजकों के संरक्षण करने में लगे रहते हैं। अरुण कुमार सहायक श्रम आयुक्त फिरोजाबाद एवम् क्षेत्रीय उपश्रमायुक्त आगरा धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में मजदूर आन्दोलन को कुचलने के लिए सेवायोजकों के दबाव में हमारे संगठन को डी रजिस्टर्ड करा दिया गया है। विगत 07 जनवरी 2025 को कुछ कारखानों के श्रमिकों ने बिना किसी पूर्व सूचना के कार्य बहिष्कार कर दिया आन्दोलन को कुचलने के लिए फिरोजाबाद क्रांतिकारी मजदूर संघ के मंत्री भूरी सिंह यादव जो श्रम बन्धु के सदस्य है के विरुद्ध सहायक श्रम आयुक्त फिरोजाबाद द्वारा 08 जनवरी 2025 को 0043 बजे थाना दक्षिण फिरोजाबाद में मुकदमा अपराध संख्या 0030/25 अंतर्गत धारा 111, 191(2), 121(1), 308 (5), 351(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 थाना दक्षिण फिरोजाबाद में दर्ज करा दिया, पुलिस द्वारा घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जो जिला कारागार फिरोजाबाद में निरूद्ध है। फिरोजाबाद के श्रमिकों के शोषण के लिए कांच एवम् चूड़ी अधिनियम अभी तक नहीं बना है, चूड़ी जुड़ाई मज़दूरों के लिए उत्तर प्रदेश शासन श्रम अनुभाग 1 द्वारा जारी शासनादेश संख्या 409 /21 (9 )36 -1- 2021- 9-(जी) -2020 06 मई 2021 का पालन आज तक नहीं हुआ है। चूड़ी जुड़ाई कार्य हेतु केरोसिन से होता है जो सेवायोजकों द्वारा श्रमिकों को उपलब्ध कराया जाता था जो अब नहीं मिल रहा है के स्थान पर अत्यधिक उमंग के ज्वलनशील डज्व् को मजदूर खरीदने पर विवश हैं उक्त एम टी ओ से आग लगने से 300 से अधिक जल चुके हैं जिनमें से 16 श्रमिक काल के गाल में समा चुके हैं। श्रमिकों द्वारा 23 दिसम्बर 2024 को आठ सौ से अधिक श्रमिकों ने अपने हस्ताक्षर से एक आठ सूत्रीय मांग पत्र जिला अधिकारी फिरोजाबाद एवं सहायक श्रम आयुक्त फिरोजाबाद को दिया जा चुका हैं लेकिन आज तक श्रमिकों की समस्याओं के समाधान कराने हेतु त्रिपक्षीय वार्ता भी आहूत नहीं कराई गई है जिससे श्रमिकों में असंतोष व्याप्त है जिससे कभी भी औद्योगिक अशांति उत्पन्न हो सकती है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: शादी के बंधन में बंधे 394 दंपति

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी के बंधन में बंधे 394 नव-दंपतियों को सफल, सुखमय जीवन का आशीर्वाद देते हुए कहा कि भव्य-दिव्य अलौकिक कार्यक्रम में जिन गरीब बेटियों की शादी संपन्न हुई है, यह सभी के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि जीवन की नई जिम्मेदारियों के निर्वहन लिए आज का बंधन सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, हमारे समाज में तमाम परिवार को बेटियों की शादी के लिए तमाम तरह की आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था, साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था, अपनी जमीन बेचनी पड़ती थी लेकिन इन सबसे निजात दिलाने के लिए प्रदेश के मुखिया ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना लागू की, जिसके अंतर्गत जिला प्रशासन, जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सरकारी खर्चे पर वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, केंद्र-प्रदेश की डबल इंजन की सरकार गरीबों को योजना का लाभ पहुंचाकर विकास की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है, प्रदेश सरकार ने गरीब परिवार की बेटियों की शादी का जिम्मा अपने ऊपर लिया है, गरीब परिवार की बेटियों की शादी भव्य समारोह में संपन्न करायी जा रही हैं, मंडप से लेकर शहनाई तक, सजावट से लेकर खाने तक, निकाह, भॉवर से लेकर विदाई तक के सभी इंतजाम जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि सामूहिक रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रम निश्चित रूप से सफल होते हैं और दांपत्य जीवन में कोई विघ्न-वाधा नहीं आती, सामूहिक आयोजन में करायी गयीं सभी शादियां सफल होती हैं, वर-वधु के बीच कोई वेमनस्य उत्पन्न नहीं होता। पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुखिया ने बिना किसी भेद-भाव के हर वर्ग की गरीब बेटियों के वैवाहिक संस्कार पूर्ण कराने का जिम्मा लिया, योजना के प्रारंभ होने से पूर्व गरीब परिवार की बेटी के पिता को दहेज के साथ-साथ शादी की तैयारियां करने में काफी कठिनाई होती थी लेकिन अब बेटी का पिता इस बोझ से मुक्त हो चुका है, अब सभी तैयारियां सरकारी खर्चे पर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीब, निर्धन, मजदूर परिवार की बेटियों को नायाब तोहफा दिया है, गरीब परिवार बेटी की शादी करने के लिए काफी परेशान रहते थे, प्रदेश सरकार के मुखिया ने गरीब के कंधों से बेटी की शादी का बोझ हटाया और स्वंय इस योजना के तहत गरीब कन्या की शादी का खर्चा वहन किया, प्रदेश में अनूठी योजना के अन्तर्गत गरीब परिवारों की कन्याओं का एक ही मंडप के नीचे वैदिक रीति-रिवाज से हिंदू बेटियों की शादियां हो रही है वहीं दूसरी ओर मुस्लिम बेटियों की शादी के निकाह की रस्म भी अदा की जा रही है, यह सामाजिक समरसता का अनूठा संगम है। पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेद-भाव के समाज के हर वर्ग, धर्म, जाति के लोगों को संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है, समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंच रहा है, गरीब परिवार की बेटियां अब परिवार पर बोझ नहीं है, उनकी शिक्षा, सुरक्षा से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार ने अपने कंधों पर ली है, बेटी के पैदा होने से लेकर हाथ पीले होने तक तमाम योजनाएं संचालित की ताकि बेटी शिक्षित हो और उसका विवाह भी शान-ओ-शौकत से हो। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, अनुजेश प्रताप सिंह यादव ने भी अपने सम्बोधन के माध्यम से वर-वधु को आर्शीवाद दिया। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने वर-वधु को नव दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन का हिस्सा बनने पर मुझे हर्ष महसूस हो रहा है, भारतीय संस्कृति में 16 संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण संस्कार विवाह है, यह संस्कार इतने भव्य आयोजन में संपन्न हो रहा है, हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व की सबसे पुरानी संस्कृति है, कोई भी समाज, देश तभी मजबूत होता है जब वहां की संस्कृति मजबूत होती है, इस संस्कृति को सुदृण करने वाले इस समारोह में आप सबने भागीदारी की, आप सबने भारतीय संस्कृति के ध्वज को और आगे ले जाने का कार्य किया है।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 07.02.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| | निविदा सूचना संख्या | 00702025 दिनांक 15.01.2025 |
| 1 | कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर-तृतीय/उ.रे./लख. के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता-वाराणसी तथा सहायक मण्डल अभियन्ता-जौनपुर के अन्तर्गत टी.बी.आर. (ML)= 17.157 TKM, सी.टी.आर. (S) = 1.844 TKM, टी.आर.आर. (S) = 36.853 TKM, टी.आर.आर. (P) = 6.767 TKM, टी.एफ.आर. = 26.968 TKM (ई.आर.सी. के साथ), टी.एफ.आर. = 8.988 TKM, (ई.आर.सी. के बिना) तथा टी.बी.आर. (LL) = 10.147 TKM, के संबंध में विभिन्न प्रकार के ट्रैक कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 6,21,04,587.48 |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 4,60,500.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से अठ्ठारह (18) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 के लिए : 24.01.2025 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 के लिए : 07.02.2025 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015)

173/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विधायक खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का हुआ समापन

## प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

- मुख्यमंत्री ने 698 करोड़ रूपये की 129 विकास परियोजनाओं का बटन दबाकर किया लोकार्पण व शिलान्यास
- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों के अन्दर विकास के नित्य नये प्रतिमान हो रहे हैं स्थापित : मुख्यमंत्री



मुहम्मद इमरान बख्शी

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज डायट परिसर उरमौरा सोनभद्र में आयोजित विधायक खेल महाकुंभ के समापन समारोह में सम्मिलित हुए, इस दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष रस्साकसी के अमृत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, इस दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन सांस्कृतिक प्रतियोगिता एवं बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किये, इस दौरान मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 129 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किये, जिनकी कुल लागत 698 करोड़ रूपये है, इसमें 68 परियोजनाओं का लोकार्पण, जिनकी लागत लागत 356 करोड़ 69 लाख है तथा 61 परियोजनाओं का शिलान्यास जिनकी लागत 341 करोड़ 45 लाख रूपया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले विजेता प्रतिभागियों को शिल्ड व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किये, जिसमें खो-खो प्रतियोगिता में अल्का कुमारी राबर्ट्सगंज, कबड्डी बालिका वर्ग में साधना, बालीबाल बालक वर्ग में सोनू, कैरम बालक वर्ग में सुप्रिया सिंह, शतरंज बालक वर्ग में आयुष सिंह, अमृत खेल रस्साकसी में आलोक कुमार चतुर्वेदी, 100 मीटर दौड़ में सुमन, 200 मीटर दौड़ में अंजुला, 400 मीटर दौड़ में खुश्बू को प्रथम विजेजा के रूप में प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किये। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में नीतिशा विश्वकर्मा को प्रथम स्थान, रिचा त्रिपाठी को द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का सोनभद्र जिला अपने जिवाश्म पार्कों, गुफा चित्रों, खनिज और बिजली संयंत्रों के साथ ही पर्यावरण, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से जल एवं वन से परिपूर्ण महत्वपूर्ण जनपद है, जिसमें अपार सम्भावनाए विद्यमान है, इसे देश की उर्जा राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। इस जनपद में लगभग 12 हजार मेगावाट विद्युत का उत्पादन भी हो रहा है, यहाँ का शिवद्वार मन्दिर 11वीं शताब्दी का एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है, माँ विन्ध्यवासिनी, बाबा विश्वनाथ मन्दिर, माँ ज्वालामुखी देवी मन्दिर, माँ मुण्डेश्वरी माता मन्दिर के चतुष्कोणीय आवरण के बीच ये पूरा जनपद अवस्थित है, सोनभद्र को अपनी विशेष जनाकंकीय स्थिति एवं भौगोलिक दशा के कारण देश का स्वीट्जर लैंड बनने की काबिलियत रखता है, यहाँ का सोन प्वाइंट मिनी गोवा, खंता जैसे प्राकृतिक आवरण एवं जल प्रपात पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है एवं रोजगार की अपार सम्भावनाओं का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विकास के नित्य नये प्रतिमान तब स्थापित करेगा, जब उत्तर प्रदेश विकास करेगा, जब जनपद अपने मजबूती के साथ खड़ा रहेगा, केवल एक जगह के विकास से प्रदेश का विकास नहीं होगा, हमें सर्वांगीण विकास की रूप रेखा को बढ़ाना होगा, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ साथ रोजगार, खेल-कूद की गतिविधियों को बढ़ाना होगा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों के अन्दर विकास के नित्य नये प्रतिमान स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है, आज एक नया भारत काशी विश्वनाथ धाम के रूप में जाना जाता है, अयोध्या में 500 वर्षों की विरासत को संरक्षित करते हुए भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य कर एक भव्य रूप के स्वरूप का दर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है, प्रयागराज की धरती पर सदी के महाकुंभ का दर्शन करने का भी सौभाग्य प्राप्त हो रहा है, महाकुंभ में पिछले तीन दिवस में लगभग 6 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान कर पूर्ण्य के भागीदार बने हैं, अब हर कोई प्रयागराज आना चाहता है, हर कोई काशी आना चाहता है, हर कोई अयोध्या आना चाहता है, प्रधानमंत्री की विरासत और विकास की परिकल्पना का साकार रूप है, जिसे पूरी दुनिया देख रही है और प्रधानमंत्री के कारण ही उत्तर प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज की परिकल्पना साकार हो रही है, यहां के जनप्रतिनिधियों के प्रयास से जनपद सोनभद्र में मेडिकल कालेज संचालित हो रहा है, इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत हर घर को नल से जल की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है और यहां के पौराणिक स्थलों का पूर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा।

# महिलाएं समाज के समग्र विकास का आधार: पूनम



अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा गांव में अनुरागिनी संस्था ने ग्राम पंचायत भवन में नारी शक्ति गौरव उत्सव और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने नारी सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास का आधार है। अनुरागिनी संस्था जिस तरह से महिलाओं और ग्रामीण समुदाय के लिए कार्य कर रही है। वह सराहनीय है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कुल 425 ग्रामवासियों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और उन्हें निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। शिविर चिकित्सक डॉ.विकास जायसवाल, डॉ. पुष्पांजलि,डॉ. वैशाली, डॉ.पंकज, डॉ.धर्मेंद्र,डॉ. रोहित, डॉ.अभिषेक, डॉ.रामावतार ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न समस्याओं की जांच कर उचित सलाह दी। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीलम बाजपेई,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डा.आराधना राजपूत, सहकार भारती के प्रदेश मंत्री डॉ देव सिंह, महेंद्र सोनी,राम सागर सिंह, उपेन्द्र सिंह राजावत,स्वामी प्रताप सिंह, राघवेन्द्र सिंह राजावत,गुरु प्रताप सिंह, गीता देवी, राहुल समाधिया, प्रद्युम्न सिंह, नितिन सैनी आदि ने विचार व्यक्त किया। संचालन रामचंद्र शर्मा ने किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ.प्रवीण सिंह जादौन ने सभी का आभार जताया।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लगाया जांच शिविर



**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) सीडब्ल्यूएस इकाई ने टीबी मुक्त भारत अभियान एवं 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत संविदाकर्मियों हेतु निक्षय जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान उपस्थित संविदाकर्मियों की टीबी संबंधित लक्षणों के आधार पर जांच की गई। निक्षय शिविर में 60 संविदाकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवा लाभ उठाया। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा देशभर में टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में टी. बी. संबंधी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, जांच शिविर एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# हजारों जरूरतमंदों को कंबल किया गया वितरित

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ओबरा।** नगर स्थित अग्रवाल नगर बजरंग शाखा में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी तारकेश्वर केशरी के नेतृत्व में हजारों गरीबों को कंबल वितरित किया गया। इस कड़ाके की ठंड में यह पहल शहर के लोगों के लिए राहत की सांस बन गई है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में बेसहारा लोग को राहत प्रदान की।साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन कर हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कराया गया। क्रेशर ओनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अजय सिंह ने इस पुण्य कार्य को समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि ताड़केश्वर केशरी व जेपी केशरी ने केवल असहायों ही नही बल्कि समाज में सेवा भाव का एक सकारात्मक संदेश भी दिया है।

वही समाजसेवी रमेश सिंह ने कहा कि हिंदू धर्म में जन सेवा को सर्वोपरि माना जाता है। मेरा मानना है कि हर इंसान की सेवा करना हमारा धर्म है।इस कड़ाके की ठंड में यह पहल हजारों लोगों के लिए वरदान साबित हुई है।ठंड के मौसम में असहायों के लिए जीवन यापन करना बहुत मुश्किल हो जाता है।इस अवसर पर प्रदीप अग्रहरि, मिंटू राय, लाल बहादुर केसरी ,राजू केसरी ,राजेश केसरी,सुरेश केशरी, यतेन्द्र द्विवेदी,मनोज दूबे, लल्लन यादव आदि उपस्थित रहे।

# जिले में एक बार फिर दिखा रफ्तार का कहर, हादसे में दो की मौत

अवधनामा संवाददाता



**मुस्करा हमीरपुर।** थानाक्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा इतना भयानक था के बाइक सवार चार लोगों में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

पूरा मामला मुस्करा थानाक्षेत्र के धमना मोड़ के पास का है जहां बुधवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रक ने एक ही बाइक पर सवार चार लोगों को टक्कर मार दी। सड़क पर गिरे दो लोगों को ट्रैक ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दो अन्य गंभीर घायलों हो गए। एक शव को सीएचसी पहुंचाया जबकि दूसरा ट्रक के नीचे ही फंसा रहा। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने दूसरे शव को ट्रक के नीचे से निकाल पाया। मुस्करा थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम हुई दुर्घटना में शरद 17 वर्ष पुत्र मुलायम निवासी ऐंझी और पपली उर्फ कृष्ण कुमार 18 वर्ष पुत्र ठाकुरदास निवासी ऐंझी की मौत हुई है। पपली का शव ट्रक में फंसा रहा। बाइक में दो अन्य सवारों की पहचान सागर पुत्र मुलायम और दीपक पुत्र गोविंददास गोरखा चरखारी के रूप में हुई। दुर्घटना के बाद ट्रक ड्राइवर और कार चालक दोनों ही मौके पर से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस मुस्करा ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी मुस्करा पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर खेमराज कुशवाहा ने दोनों घायलों की हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण प्राथमिकी उपचार के बाद जिला अस्पताल हमीरपुर के लिए रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी राठ राजकुमार पांडे ने बताया कि दुर्घटना में हुए दोनों मृतकों के शव को स्थानीय पुलिस द्वारा कब्जे में ले लिया गया है और दोनों वाहनों को अपनी कस्टडी में लेते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मौदहा में फार्मासिस्टों ने बैठक कर स्वास्थ्य भवन घेराव की बनाई रूपरेखा



**मौदहा। हमीरपुर।** मौदहा सीएचसी में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन शाखा हमीरपुर की एक बैठक आहूत कर आगामी 31 जनवरी को लखनऊ स्वास्थ्य भवन का घेराव व मुख्यमंत्री कार्यालय विधानसभा तक पैदल मार्च की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई है और अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया गया है। इसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष रमाकांत गर्ग ने की है।बैठक में मुख्य रूप से मण्डलीय सचिव अजय कुमार शिवहरे, प्रांतीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, संजीव त्रिपाठी, ललित वर्मा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सर्वेश कुमार,अजय सचान, मनोज कुमार, अरूण कुमार सचान, दिनेश कुमार, संतोष विश्वकर्मा, रामनरेश, श्री प्रकाश, प्रदीप सचान, आशुतोष सचान,सोमनारायण त्रिपाठी, विजय कुमार, गोविंद सिंह, राकेश कुमार,अजय सचान, जयवीर सिंह,सुनीत सचान, विवेक गुप्ता, बृजेश राजपूत,रामदेव पाल, सुजीत सचान, ओमप्रकाश राजपूत, अशोक पाल, अजय मोहन, धर्मेन्द्र सचान, आनंद स्वरूप, आशीष द्विवेदी सहित अन्य फार्मासिस्ट मौजूद रहे हैं।

### एनसीएल की सीएसआर पहल: निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन ने बदली 100 जिंदगियां




**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी), एनसीएल ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान डॉ. देवी दास (विभागाध्यक्ष) नेत्र विभाग, एनएससी एवं उनकी टीम द्वारा उपस्थित मरीजों का निः शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। इस अवसर पर सीएमएस, एनसीएल डॉ. विवेक खरे उपस्थित रहे एवं उन्होनें इस सफलता के लिए एनएससी टीम को बधाई दी एवं एनसीएल की स्थानीय क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दोहराया। सीएसआर के तहत आयोजित इस शिविर में 100 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। एनएससी एनसीएल द्वारा आयोजित इस पहल से मोतियाबिंद से ग्रस्त लोगों के जीवन को एक नई दिशा मिलेगी। साथ ही उनकी दृष्टि में सुधार होने से वह अपने दैनिक जीवन की विभिन्न गतिविधियों को करने में सक्षम होंगे। गौरतलब है कि एनएससी, एनसीएल द्वारा सिंगरौली परिक्षेत्र में लोगों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु ऐसे अनेक शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

# डीएमएफ फंड के दुरपयोग को लेकर शिकायत

अवधनामा ब्यूरो

- 3 वर्षों में लगभग 400 करोड़ का डीएमएफ घोटाला हुआ है

**सोनभद्र।** डीएमएफ फंड के दुरपयोग और उसके धन के लिए मची लूट की शिकायत माननीय मुख्यमंत्री जी से किया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी ने कहा मनरेगा से बड़े घोटाले की तरफ बढ़ रहा है डी एम एफ3 वर्षों में लगभग 400 करोड़ का डीएमएफ घोटाला ऐसी संस्थाओं को कार्य दिया गया जिसका ऑफिस भी सोंनभद्र में नहीं है जिनके पास कार्य करने की क्षमता भी नहीं है जबकी हजारों करोड़ रुपए भेजकर हमारी सरकर जमीनी स्तर पर विकास कर रही है। आखिर डीएफ फंड का कम दिखाई क्यों नहीं दे रहा है। कई करोड़ रुपए के जनपद में सामानों की सप्लाई लिए गए हैं सप्लाई के नाम पर लूट मची हुई है।डीएफ फंड से बड़े-बड़े काम सोनभद्र में कराए जाएं जनपद को प्रदूषण मुक्त करने के लिए उसे पैसे का उपयोग किया जाए। सरकर को बंद कर बादनाम करने का कम बंद किया जाए। मुख्यमंत्री को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर वीर तिवारी जी के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को डी एम एफ फंड का करोड़ों रुपए का दुरुपयोग कर बंदर बाट करने के संदर्भ में ज्ञापन दिया गया। जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को बताया गया की सोनभद्र में कोयला खनन और पत्थर खनन बालू खनन होने के कारण बड़े पैमाने पर लगभग 100 करोड रुपए हर वर्ष डीम एफ फंड में जमा होता है जिसका उपयोग जनपद के खनन से प्रभावित क्षेत्रों में खर्च करने और कुछ बड़ा विकास कार्य करने में उपयोग किया जा सकता है लेकिन विगत 3 वर्षों में डीम एफ फंड का लगभग 400 करोड रुपए छोटे-छोटे विकास कर और अनुपयोगी सप्लाई के सामानों की आपूर्ति दिखाकर बड़े पैमाने पर धनराशि का भुगतान किया गया।

## सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** बीते दस जनवरी को सुबह हुए सड़क हादसे में घायल ट्रक चालक की इलाज के दौरान मौत के बाद मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बलरामपुर जनपद के महाराज गंज थाना क्षेत्र के जगदीश पुत्र रामलाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते दस जनवरी को उसका पुत्र प्रदीप ट्रक लेकर बलरामपुर से महोबा जा रहा था तभी रास्ते में मौदहा कोतवाली क्षेत्र के मवईया के निकट यूपी 78 एच.एन. 8809 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से ट्रक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे कोतवाली पुलिस और एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल और फिर कानपुर के लिए रेफर किया गया था जहां पर इलाज के दौरान उसके पुत्र की मौत हो गई।जिसका उसके द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार बलराम पुर में कर दिया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 68 वीं राष्ट्रीय स्तर अंडर 14 खो-खो प्रतियोगिता में मनीष बाबू ने किया शानदार प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** 68 वीं राष्ट्रीय स्तर अंडर 14 खो खो प्रतियोगिता में का आयोजन 10 जनवरी से 13 जनवरी 2025 को कोल्हापुर महाराष्ट्र में हुआ जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय मीरखपुर पुठिया जसवंतनगर के कक्षा आठ के छात्र मनीष बाबू पुत्र उदयवीर सिंह ग्राम जमालपुर ने प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन किया। जो कि बेहद गरीब परिवार से आता है परन्तु अपनी मेहनत और लगन की वजह से नेशनल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। कोल्हापुर में यूपी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया परन्तु केरल से पहला मैच बराबर रहा दूसरे मैच में केरल के खिलाफ मनीष बाबू ने अकेले 3 खिलाड़ियों को आउट कर केरल से जीत दर्ज की। फिर टीम ने पांडिचेरी, दादर नागर हवेली टीम को हराकर सेमीफानल मैच में प्रवेश किया सेमीफानल मुकाबले में गुजरात से कांटे की टक्कर में यूपी टीम हारकर चौथे स्थान पर रही। जो कि उत्तर प्रदेश टीम का सन्तोषजनक प्रदर्शन है। राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता से लौटने के उपरांत इटावा रेलवे स्टेशन पर गौरव पाठक जिला व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन ब्लाक व्यायाम शिक्षक जसवंतनगर उमेश चन्द्र यादव प्रधानाध्यापक मीरखपुर पुठिया आदि ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। गौरव पाठक ने कहा अब प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेलों में इटावा के बच्चों का चयन होना लगभग तय है क्योंकि अभी तक बेसिक के बच्चे केवल प्रदेश स्तर तक ही खेल पाते थे। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार व समस्त ब्लाक व्यायाम शिक्षकों, प्रशिक्षक देवेंद्र कुमार व लालू यादव श्री विनोद कुमार यादव प्रधानाचार्य धनुवाँ अमरपाल यादव नरेंद्र यादव आलेरजा शीलेन्द्र कुमार रंजीत सिंह गौरव यादव प्रदीप कुमार गीता यादव विवेक थापक स्नेहलता चरन सिंह आदि ने नेशनल प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन हेतु बधाई दी। मनीष ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों को दिया है।

# मौदहा नगरपालिका में ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल हुआ आरम्भ

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** नगर पालिका मौदहा के सभागार में अपर जिलाधिकारी डॉ नागेंद्र नाथ यादव, इंडियन बैंक के सहायक महाप्रबंधक घनश्याम कुमार, अधिशासी अधिकारी सीमा सिंह तोमर, नगर पालिका मौदहा अध्यक्ष रजा मोहम्मद , अग्रणी जिला प्रबंधक संगम लाल मिश्र एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में नगर पालिका मौदहा में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की प्रेरणा से ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल की लांचिंग की गई। यह जनपद की पहली ऐसी नगर पालिका है जहां इस प्रकार के ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल का प्रारंभ किया गया है।

सहायक महाप्रबंधक घनश्याम कुमार द्वारा अपने संबोधन में सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमीरपुर जनपद में इंडियन बैंक सदैव से सरकार की योजनाओं में सहयोग करने में तत्पर रहता है और अपने यशस्वी प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया की सोच से प्रेरित होकर इंडियन बैंक द्वारा आमजनो को अत्यंत सुविधाजनक, सरल, पारदर्शी एवं समय बचाने वाली यह अनूठी पहल है जो कि भविष्य में सभी तरह के कर संग्रहण के लिए किया जा सकता है। अपर जिलाधिकारी डॉ नागेंद्र नाथ यादव ने अपने संबोधन में इस सुविधाजनक, सरल कर संग्रहण पोर्टल के लिए इंडियन बैंक का धन्यवाद दिया एवं अपील की कि इस पोर्टल की उपयोगिता एवं सरलता जन-जन को पहुंचाए, ताकि नगर पालिका के कार्यों में तेजी आए और अधिकतम कर संग्रहण हो सके। इस व्यवस्था से नगर पालिका क्षेत्र में सभी प्रकार की समस्याओं को ऑनलाइन घर बैठे ही लोग अवगत करा सकेंगे। इस व्यवस्था में ऑनलाइन म्यूटेशन भी कराया जा सकेगा। ऑनलाइन वाहनों की ट्रैकिंग होगी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति भी इसी से ट्रैक की जा सकेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष ने उपस्थित सभी अतिथियों से इस पोर्टल की उपयोगिता एवं सरलता को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। अधिशासी अधिकारी ने अपने संबोधन में इंडियन बैंक की इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे मौदहा की जनता के कार्यों में संतुष्टि, तेजी एवं सरलता लाई जा सकेगी।

# रेलवे के ठेकेदार ने आम रास्ते में शुरू कराया निर्माण



अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** खेतों के लिए जाने वाले आम रास्ते में रेलवे के ठेकेदार जबरिया निर्माण कराकर आम रास्ता बंद कर रहे हैं। इसकी शिकायत किसानों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की है।

रेलवे के दोहरीकरण का कार्य चरम पर है। जिसके तहत कस्बे के रेलवे स्टेशन में विस्तारीकरण का कार्य हो रहा है। रेलवे के गेट संख्या 31 के बगल से खेतों की तरफ जाने का आम रास्ता है। किसान वर्ष पर्यंत इस रास्ते से खेतों की ओर आते जाते हैं। ठेकेदार इस आम रास्ते को कवर करके निर्माण करा रहे हैं। इससे खेतों को जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो रहा है। कस्बे के किसान तुलसीराम, राजेंद्र प्रसाद, सीताराम, रामसनेही, सुरेश कुमार, सगीर खान, कैलाश पांडेय, राघवेंद्र पांडेय, सीताराम गुप्ता, सुधीर नारायण, पवन कुमार आदि ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्य ठप कराकर आम रास्ता मुक्त कराने की मांग की है।

रेलवे के अधिशासी अभियंता निर्माण दीपक कुमार ने बताया कि निर्माण रेलवे की जमीन पर कराया जा रहा है। शिकायत मिली है तो वह मौके पर जाकर जांच कराएंगे। अगर आम रास्ते पर निर्माण हो रहा है तो इसको रोक दिया जाएगा।

# गेम्स तथा फूड स्टॉल से सजा रहा एग्जॉर्डियम-2024 कार्निवाल नाइट

वहाज अली निहाल



**सैफई, इटावा।** उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के वार्षिक सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट इवेंट एग्जॉड्रियम 2024 के कार्निवाल नाइट में सभी बैच के एमबीबीएस स्टूडेन्ट्स ने मिलकर एकेडमिक ब्लाक के प्रांगण में गेम्स तथा फूड स्टॉल लगाया। इन स्टॉलों से विश्वविद्यालय के फैकेल्टी मेम्बरस्, एमबीबीएस स्टूडेन्ट्स तथा कार्निवाल नाइट देखने आये दर्शकों ने खूब खरीददारी की तथा फूड स्टॉल पर जाकर विभिन्न जायकों का लुत्फ उठाया। इस दौरान विश्वविद्यालय का एकेडमिक ब्लाक कार्निवाल नाइट के लिए पूरी तरह सजाया गया तथा एमबीबीएस स्टूडेन्ट्स द्वारा देर शाम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्निवाल नाइट गेम्स स्टॉल के विजेता श्रेणी में डॉ.शिवम कुमार तथा डा.सुदीप यादव के गेम्स स्टॉल ने पहला स्थान तथा डा.अजय यादव, डा.अंजलि सिंह, डा. पंकज कुमार, डा.आकांक्षा यादव की टीम के स्टॉल ने दूसरा स्थान पाया। तीसरे स्थान पर डा.सार्थक यादव, डा.सारांश पुरवार, डा.वन्दना, डा.रूचि राणा की टीम रही। वहीं फूड स्टॉल के विजेताओं में पहले स्थान पर डा.अभिषेक विश्वकर्मा, डा.गौरव कुशवाहा, डा.अंकित पाण्डेय, डा.अभिषेक कुमार, डा.प्रीति राज राणा, डा. दिव्यांश बंसल, डा.चन्द्रमौली त्रिपाठी की टीम दूसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान पर डा.मुकेश, डा.सभ्यता, डा.प्रियांशी रिधांशी की टीम रही। चेयरमैन सोसियो-कल्चरल कमिटी डा.कीर्ति जायसवाल तथा सदस्य डा.अनामिका सिंह ने बताया कि फूड स्टॉल के निर्णायक मंडल में डा. संदीप कुमार, डा.विजय मिश्रा, डा. गगनदीप रहे। वहीं कार्निवाल नाइट के गेम्स स्टॉल के निर्णायक मंडल में डा. कैलाश मित्तल, डॉ.कीर्ति जायसवाल तथा डा.राजमंगल यादव रहे। कार्निवाल नाइट में सभी बैच के एमबीबीएस स्टूडेन्ट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्निवाल नाइट का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) पीके जैन ने किया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डा.रमाकान्त यादव, संकाय अध्यक्ष डा.आदेश कुमार, कुलसचिव डा.चन्द्रवीर सिंह एक्जॉड्रियम 2024 के आर्ग्रेनाइजिंग चेयरमैन डा0 नरेश पाल सिंह, डा.अजय कुमार गुप्ता, चेयरमैन सोसियो-कल्चरल कमिटी डा0 कीर्ति जायसवाल, डा.अनामिका सिंह, डा.सोनिया विश्वकर्मा, डा.राजमंगल यादव, डा.निशा यादव, डा.सुगन्धी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भारत के अंदर स्विट्जरलैंड जैसे सोनभद्र का है भौगोलिक रूप: सीएम

अवधनामा ब्यूरो

- गांव ब्लॉक जिला स्तर पर खेल कहो आयोजन बढ़ाया हौसला
- ऊर्जा की राजधानी के नाम से जाना जाता है जनपद सोनभद्र : योगी



**सोनभद्र/लखनऊ।** जनपद सोनभद्र में आयोजित विधायक खेल महाकुंभ के समापन सम्मान कार्यक्रम में उरमौरा स्थित डायट परिसर में पहुंचे यूपी के सीएम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि जनपद के संस्कृत में और सोनभद्र जनपद से जुड़े हुए मेरे सभी प्रसिद्ध बहनो और भाइयों मैं सबसे पहले उत्तर प्रदेश की ऊर्जा राजधानी के रूप में विख्यात जनपद सोनभद्र कैसे पावन धरा को कोटि-कोटि नमन करता हूं आप सबका अभिनंदन करता हूं केवल प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की आधी परंपरा को समेटे हुए सृष्टि के प्रारंभ के जीवाश्म पार्क गुफा चित्र प्राकृतिक संसाधनों जल एवं वन से परिपूर्ण और प्राकृतिक संसाधनों के साथ ही सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण जनपद है यहां पर 11वीं सादी का शिव द्वार मंदिर मां विंध्यवासिनी मंदिर से काशी विश्वनाथ मंदिर मां ज्वालामुखी देवी मंदिर मां मुंडेश्वरी माता मंदिर के चतुष्कोण आवरण के बीच पूरा जनपद अवस्थित है और इसलिए यह जनपद अत्यंत महत्वपूर्ण है अपनी भौगोलिक अपनी सांस्कृतिक और अपने प्राकृतिक बनावट के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भारत के अंदर स्विट्जरलैंड जैसे बनने की सामर्थ अकेले हमारा सोनभद्र जनपद रखता है इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं अकेले सोनभद्र जनपद 12000 हज़ार मेगावाट विद्युत उत्पादन करता है इसीलिए मैंने इसको कहा कि उत्तर प्रदेश का यह ऊर्जा का राजधानी के रूप में विख्यात जनपद है और इसलिए इस धरती को मैं कोटि-कोटि नमन करते हुए आप सब का हृदय से अभिनंदन करता हूं बहनो और भाइयों आज मुझे बहुत अच्छा लगा प्रधानमंत्री की प्रेरणा से नव जवान खेलकूद की बात करते हैं नए भारत की बात करते हैं तो सर्वांगीण विकास के भारत की बात होती है और याद रखना भारत विकास के नित्य प्रतिमान तप स्थापित करेगा जब उत्तर प्रदेश विकास करेगा जब हर जनपद विकास के पायदान पर मजबूती के साथ खड़ा होगा आध्यात्मिक सांस्कृतिक विरासत का विकास को हुई भौतिक विकास के कार्य भी हो शिक्षा स्वास्थ्य के साथ-साथ रोजगार और खेलकूद की गतिविधियों को भी उतनी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए और इसी को ध्यान में रखकर के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष के अंदर विकास के नित्य नए प्रतिमान को स्थापित करने का काम किया गया 500 वर्षों की विरासत को संरक्षित करते हुए राम मंदिर के निर्माण का भव्य स्वरूप सामने आता है एक नई अयोध्या के दर्शन होते हैं तो प्रयागराज की धरती पर इस सभी का पहला महाकुंभ भी आज हमें दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है आपने देखा होगा पिछले तीन दिन में लगभग 6 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में मां गंगा यमुना और सरस्वती की पावन त्रिवेणी के संगम में डुबकी लगाकर की पुण्य की भागीदार बने हैं हर कोई प्रयागराज आना चाहता है हर कोई काशी आना चाहता है हर कोई अयोध्या जाना चाहता है प्रधानमंत्री मोदी की विरासत और विकास की उसे परिकल्पना का साकार रूप है जो आज दुनिया देख रही है और प्रधानमंत्री मोदी के कारण उत्तर प्रदेश में नंबर वन जिला व मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना साकार होने का काम हो रही है इन सबको में बधाई दूंगा इन्होंने बात की थी कि क्या सोनभद्र में भी मेडिकल कॉलेज बन सकता है हमने कहा बन नहीं सकता बनेगा जरूर बनेगा मेडिकल कॉलेज संचालित हो गया सोनभद्र में भी हर घर नल की योजना लागू हो पाएगी नहीं होना है और उसको भी कर दिया गया है। वही सीएम ने बताया कि ग्रीन एनर्जी के रूप में भी इस क्षेत्र को विकसित करने का काम करेंगे यहां के लोगों के लिए यही पर रोजगार पैदा हो यह भी करेंगे और इस कार्यक्रम की श्रृंखला में आज हम सब आपके बीच यहां पर आए हैं मुझे बहुत अच्छा लगा और मैं धन्यवाद दूंगा जिन्होंने विधायक खेल को प्रतियोगिता को यहां पर इस रूप में लिया है सीनियर सिटीजन भी कार्यक्रम का हिस्सा खेल अमृत खेल के रूप में अपने खेल प्रतियोगिता आयोजित किया और यह भी जीवन के लिए होता है जीवन का मतलब इसमें ज्ञान भी है परिश्रम भी है और मनोरंजन भी है यह सब एक साथ मिलेगा प्रकृति के साथ हम जीने के आदमी होंगे तो स्वस्थ रहेंगे।

# महाकुम्भ : व्यवस्थाओं की श्रद्धालु कर रहे बखान: शर्मा

अवधनामा ब्यूरो

- कुम्भ मेला क्षेत्र में 15 हजार सफाईकर्मी, 2500 गंगासेवा दूत निरंतर कर रहे सफाई कार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि महाकुम्भ-2025 पूरे देश दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए सबसे स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित, अदभुत, अलौकिक, दिव्य एवं भव्य बन चुका है। सभी श्रद्धालु प्रदेश सरकार द्वारा की गयी व्यवस्थाओं एवं बेहतर प्रबंधन का मुक्त कंठ से बखान और प्रशंसा कर रहे हैं। दुनिया इससे भारत की प्राचीन संस्कृति, परम्परा, अध्यात्म, आस्था व विश्वास के साथ आधुनिक भारत के सामर्थ्य प्रबंधकीय क्षमता और बेहतरीन व्यवस्था का भी लोहा मानेगी। नगर विकास मंत्री ने कहा कि देश दुनिया से करोड़ो श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगाने के लिए तीर्थराज प्रयाग पहुंच रहे हैं। लोगों की सुविधा और कुम्भ मेला क्षेत्र की सफाई, बिजली, पानी, भोजन व अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के कार्मिक दिन रात अपने कार्यों में लगे हुए हैं। सफाई कर्मियों के अपने कार्यों के प्रति समर्पण, परिश्रम एवं लगन से कुम्भ मेला क्षेत्र, नदी घाटों, पवित्र नदियों का जल आदि स्वच्छ एवं साफ सुथरा है। जिससे श्रद्धालुओं को चारो ओर पवित्रता की अनुभूति हो रही है। महाकुम्भ स्वच्छता और सेवा का संगम बन चुका है। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी हमारे ऐसे कर्मयोगी बन चुके हैं, जिससे प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के साथ स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित महाकुम्भ का संकल्प साकार हो रहा है।

## विद्युत उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा विभाग की एकमुश्त समाधान योजना

# ओटीएस का अंतिम चरण 16 से 31 जनवरी तक

- 30 सितंबर, 2024 तक के बकाया बिलों के अधिभार में मिल रही छूट
- उपभोक्ता एकमुश्त एवं किस्तों में कर सकते हैं भुगतान
- घरेलू उपभोक्ताओं को तृतीय चरण में भी मिल रही सर्वाधिक छूट
- ओटीएस में अब तक कुल 30,09,420 उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया, 2335,62 करोड़ रूपये राजस्व की प्राप्ति



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत और उनके बकाये बिलों के अधिभार में छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की है। यह योजना तीन चरणों में लागू की गई थी, जिसका पहला और दूसरा चरण पूरा हो गया। योजना का तीसरा व अंतिम चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी तक कुल 16 दिन चलेगा। ऊर्जा मंत्री ने अपील की है कि उपभोक्ता ओटीएस में दी जा रही छूट का लाभ उठाकर अपने बकाये से मुक्ति पा ले। यह उनके लिए अंतिम अवसर है। छूट का लाभ बार-बार नहीं दिया जायेगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को अपने नजदीकी विद्युत् केंद्रों में पंजीकरण कराना होगा। सभी प्रकार के उपभोक्ता अपने नजदीकी विभागीय खंड, उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र के माध्यम से या विभागीय वेबसाइट पर लॉगिन कर योजना के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण कराते समय 30 सितंबर, 2024 तक के विद्युत बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत राशि जमाकर अपने बकाया बिलों के सरचार्ज में छूट का लाभ ले सकते है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को एकमुश्त के साथ किस्तों में भी भुगतान का विकल्प दिया गया है। एकमुश्त भुगतान करने पर बकाये पर लगे अधिभार में छूट का ज्यादा लाभ मिलेगा। एक किलोवाट भार तक तथा 05 हज़ार रुपए के बकाये पर घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के तृतीय चरण में बकाये बिलों के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में अधिकतम 70 प्रतिशत तथा किस्तों में भुगतान पर 55 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसी प्रकार 01 किलोवाट भार तक घरेलू उपभोक्ता तथा 05 हजार रूपये से अधिक बकाये के एकमुश्त भुगतान पर 50 प्रतिशत और किस्तों में भुगतान पर 40 प्रतिशत की छूट, 01 किलोवाट से अधिक भार के घरेलू उपभोक्ताओं, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं, निजी संस्थानों व लघु एवं मध्यम उद्योग के सभी भार के उपभोक्ताओं को बकाये के एकमुश्त भुगतान पर 40 प्रतिशत तथा किस्तों में भुगतान पर 30 प्रतिशत की छूट मिल रही है।

## स्नान पर्व की तैयारियों को लेकर समीक्षा स्नान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग कर सभी क्षेत्रीय/ सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ माघ मेले में अगले स्नान पर्व की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 के 14 जनवरी को हुए पहले शाही स्नान में आई समस्याओं को विस्तार से सुन उनके समाधान के निर्देश दिये। प्रबंध निदेशक ने कहा कि अस्थाई बस स्टेशनों पर टॉयलेट, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था कराई जाए। व्यवस्था में किसी तरह के व्यवधान को एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के जरिए जल्द ठीक कराएं। अधिकारी मेला ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतें तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जितनी भी बसें मेला में लगायी गयी हं वह सभी क्षेत्रों से भेजना सुनिश्चित करें। किसी भी हाल में अधिकारियों और बसों की कमी नहीं होना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से समन्वय बनाते हुए बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये।

# 2020 रूपये में प्रयाग हेरीटेज टूर का आनंद लें

- हेरीटेज टूर 13 जनवरी से शुरू, श्रद्धालु प्रयागराज की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक स्थल तथा पौराणिक महत्व के स्थानों का भ्रमण कर सकते हैं : जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रयागराज एक प्राचीन एवं पौराणिक शहर है। यहां पर कदम-कदम पर ऐतिहासिक इमारतें तथा संस्कृतिक धरोहर बिखरे पड़े है। महाकुम्भ से जुड़े होने के कारण देश-विदेश के पर्यटक एवं श्रद्धालु प्रयागराज के बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं। इसके लिए उ0प्र0 पर्यटन विकास निगम ने कुम्भ क्षेत्र एवं शहर के भ्रमण के लिए हेरीटेज टूर के लिए पैकेज टूर शुरू किया है। इसके लिए 2020 रूपये देकर ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज का हर कोना अध्यात्म, इतिहास एवं पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा प्राचीन धार्मिक स्थलों तथा स्वादिष्ट व्यंजन के लिए जाना जाता है। हेरीटेज टूर प्रतिदिन सुबह 07 बजे से प्रारम्भ होकर 06 बजे समाप्त होती है। हेरीटेज टूर प्रतिदिन होटल इलावर्त से शुरू होती है और यहीं पर समाप्त होती है।

जयवीर सिंह ने बताया कि हेरीटेज टूर के दौरान सबसे पहले श्रद्धालु त्रिवेणी संगम से लेकर गंगा, यमुना, अदृश्य सरस्वती महाकुम्भ मेले का दर्शन तथा संगम स्थल के दर्शन करते हैं, इसके पश्चात अक्षयवट कॉरीडोर, इलाहाबाद किला, अक्षयवट वृक्ष, बड़े हनुमान मंदिर, हनुमान की 20 फिट लेटी हुई मूर्ति तथा पूर्वान्ह 11 बजे भारद्वाज आश्रम के दर्शन कराये जाते हैं। इसके अलावा ऋषि भारद्वाज की तपोस्थली को दिखाया जाता है। इसके पश्चात महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद पार्क का भ्रमण भी श्रद्धालुओं को कराया जाता है।

जयवीर सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चन्द्रशेखर आजाद की स्मृति में बनाये गये अल्फ्रेड पार्क का भी भ्रमण कराया जाता है, इसके उपरान्त दोपहर 12 बजे इलाहाबाद संग्रहालय जो भारतीय इतिहास, संस्कृति, पुरातत्व और वास्तुकला से जुड़े दुर्लभ अवशेष संरक्षित किये गये हैं, पर्यटक इसका अवलोकन करते हैं। यह संग्रहालय 1931 में स्थापित किया गया था। 01 बजे दोपहर के भोजन के पश्चात हेरीटेज टूर, 02 बजे श्रृंगवेरपुर के लिए प्रस्थान करती है।

# मंडियों में व्यवस्थाओं को किया जाए दुरुस्त: दिनेश प्रताप सिंह



अवधनामा ब्यूरो

- उद्यान मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक
- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश की मंडियों में साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था हो, अतिक्रमण रोका जाए, किसान विश्रामगृह और स्वागत कक्ष, कोल्ड रूम बनाए जाएं, सड़क निर्माण और मरम्मत की जाए, बजट का समय पर उपयोग, कर्मचारियों और अधिकारियों की प्रोन्नति समय से की जाए। यह निर्देश गुरुवार को लखनऊ स्थित राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में आयोजित बैठक में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने दिए।

उक्त बैठक में मंडी परिषद की मंडियों की व्यवस्था सुधारने और किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्य योजना बनाने और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडियों को स्वच्छ और अवैध कब्जों से मुक्त रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। विश्राम गृहों की मरम्मत और साज-सज्जा की योजना के साथ प्रत्येक मंडी में किसान स्वागत कक्ष बनाए जाएं।

## उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य सूर्य प्रकाश पाल, अन्य सदस्यगण और सचिव मनोज कुमार सागर उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) से संबंधित जातियों के सम्मिलन, निष्कासन, विकास और उत्थान से जुड़े मामलों पर विचार करना और उन्हें सुलझाने के लिए आवश्यक निर्णय लेना था।

बैठक में पिछड़ी जाति सूची में सूचीबद्ध कहार जाति के विलोपन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इस पर गहन चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि कहार जाति को अन्य पिछड़े वर्ग की सूची से विलोपित करने का कोई औचित्य नहीं है। अतः इसे यथावत रखने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विमुक्त घुमंतू जनजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में सम्मिलित करने के विषय पर भी विचार हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने लगाई संगम में डुबकी



- महाकुम्भ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश
- 10 देशों के 21 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल का ऐतिहासिक दौरा, योगी सरकार के भव्य आयोजन और सुरक्षा व्यवस्था के कायल हुए विदेशी मेहमान

## फिजी, गुयाना से लेकर दक्षिण अफ्रीका तक के प्रतिनिधि पहुंचे, भारतीय संस्कृति से हुए अभिभूत

महाकुम्भ में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुम्भ का दौरा करके भारतीय संस्कृति की विविधता और धार्मिक एकता का अनुभव किया। सभी यहां की संस्कृति से अभिभूत नजर आए।उनके लिए यह यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा लेने का भी एक शुभ अवसर है।

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भनगर/लखनऊ।** महाकुम्भ में 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुम्भ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुम्भ क्षेत्र का दौरा किया। जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता साक्षात देखने को मिली। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुम्भनगर जरूर आना चाहिए। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आई हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने महाकुम्भ की भव्यता की तारीफ करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। उन्हें यहां करोड़ों श्रद्धालुओं और उनकी विधिवत सुरक्षा व्यवस्था को देखकर भारतीय संस्कृति की महानता का अहसास हुआ। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुम्भ के दौरान विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण किया। यहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुम्भ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना।

साधु-संतों ने महाकुम्भ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि संतों के विचारों से गहरे प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। महाकुम्भ का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है। महाकुम्भ के दौरान 10 देशों के 21 प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की भव्यता और उसकी वैश्विक पहचान को नजदीक से महसूस किया। महाकुम्भ ने दुनिया को यह संदेश दिया कि दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग एकत्रित हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग क्यों न हो।

## महाकुम्भ मेले में संविधान गैलरी का हुआ उद्घाटन

- यूपी के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने किया संविधान गैलरी का उद्घाटन




महाकुम्भ 2025 प्रयागराज के अंतर्गत त्रिवेणी मार्ग पर सजाई गई संविधान गैलरी का गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उद्घाटन किया। मंत्री के साथ उपस्थित अतिथियों ने इस अवसर पर संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। संविधान गैलरी में भारतीय संविधान पर आधारित पुस्तकों और ग्रंथों का एक पुस्तकालय भी सजाया गया है। उद्घाटन समारोह के मौके पर भारतीय सेना के बैंड ने वंदे मातरम समेत कई देशभक्ति गीतों की धुन पर संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जे जे मुनीर उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने की। उद्घाटन समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने कहा कि संविधान से सारे देश का संचालन होता है। कोई भी समाज संविधान और विधियों के बिना नहीं चलता है। संविधान गैलरी जैसे प्रयासों से नई पीढ़ी को इसके बारे में अवगत कराने में मदद मिलेगी। मुझे आशा है कि ऐसे प्रयत्न आगे भी चलते रहेंगे। मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विश्वविख्यात समागम में इस गैलरी को आयोजित कर यह प्रयास किया गया है कि मेले में आने वाले लोगों को संविधान के निर्माण, लागू होने और इसके अनुच्छेद के बारे में जानकारी हो। ऑडियो के माध्यम से आप विषय के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सकते हैं। संविधान ऐसा दस्तावेज है, जिससे हमारी पूरी शासन व्यवस्था संचालित होती है। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने कहा कि आज कल संविधान की प्रतियां मंच पर खूब लहराई जाती है। उनके घर में संविधान की मूल प्रति भी नहीं होगी। उन्होंने संविधान पढ़ा भी नहीं होगा।

# मौनी अमावस्या पर्व के लिए और फाइन ट्यून करें तैयारियां: मुख्य सचिव



- मुख्य सचिव और डीजीपी उत्तर प्रदेश ने महाकुम्भ की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा

पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के सकुशल संपन्न होने के बाद अब योगी सरकार का पूरा फोकस 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों पर है। इसकी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य सचिव और डीजीपी ने आईसीसीसी सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले दो पर्वों पर सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं, लेकिन अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में जल्द ही पीएम की विजिट के साथ ही कैबिनेट बैठक भी संभावित है। इसको लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस के साथ ही सभी विभागों के अधिकारी भी अवश्य मौजूद रहें। मुख्य सचिव ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर्व सकुशल संपन्न कराए गए हैं। अब हमें मौनी अमावस्या के प्रमुख पर्व की तैयारी पर जोर देना है। पिछले दो पर्वों में सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं। अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। 144 साल बाद ऐसी स्थिति बनी है जब पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति दोनों एक साथ मनाए गए हैं। यह हमारे लिए मौनी अमावस्या से पहले ड्रेस रिहर्सल का अवसर था। उन्होंने रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर कहा कि रेलवे स्टेशंस पर जाने के लिए साइनेजेज को और बेहतर किया जा सकता है। सभी साइनेजेज ऐसे होने चाहिए जिन पर श्रद्धालुओं को जानकारी दी जाए कि उन्हें कौन से रेलवे स्टेशन पर जाना है। यह स्पष्ट दिखना चाहिए की उनके गंतव्य की ट्रेन उन्हें कहां मिलेगी। डिजिटल स्क्रीन पर ट्रेन और स्टेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाए। साथ ही सभी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संगम की दूरी भी स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए। रेलवे को यह व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए कि जो यात्री जिस स्टेशन पर उतरा है उसे उसी स्टेशन पर उसकी वापसी की ट्रेन मिले। इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार के अलावा प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, एडीजी प्रयागराज मंडल भानु भास्कर, मेलाधिकारी विजय किरण आनंद और जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ मौजूद रहे।

# औषधि खोज और विकास में नए रुझान पर व्याख्यान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** चिकित्सा विज्ञान में औषधि खोज और उनके विकास प्रौद्योगिकी की प्रक्रियाओं के महत्व को समझते हुए, एरा विश्वविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के रसायन विज्ञान प्रभाग ने 15 जनवरी, 2025 को औषधि खोज और विकास में नए रुझानष पर अतिथि व्याख्यान की एक श्रृंखला आयोजित की। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एम. फहीम खान ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) अब्बास अली महदी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, दिल्ली के डॉ. इमरान अहमद खान ने हैजा संक्रमण के खिलाफ दवा अणुओं के कंप्यूटर आधारित डिजाइनिंग पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने डिजाइन किए गए अणुओं में सियाटिक एसिड बाइंडिंग साइट्स के योगदान और महत्व और ड्रग लीड विकसित करने के लिए उनका चयन करने के तरीके के बारे में भी विस्तार से बताया। इस बीच, टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी किंग्सविले, यूएसए के सहायक प्रोफेसर डॉ. चंद्र सौरभ आजाद ने फोटो कैटेलिसिस के महत्व पर चर्चा की और विभिन्न प्रकार के लक्षित दवाओं के संश्लेषण और डिजाइन पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रकाश संवेदनशील प्रोटोकॉल के लिए प्रतिक्रिया की स्थिति को कैसे अनुकूलित किया जाए। पीजी छात्र, शोध विद्वान और संकाय सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपने व्याख्यानों से और विद्वानों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण प्रश्नों पर व्यावहारिक चर्चा से लाभान्वित हुए। माननीय कुलपति महोदय ने रसायन विज्ञान विभाग में पीएचडी शोध में दवा की खोज और विकास पर परियोजनाओं और निरंतर शोध को शामिल करने की संभावना भी जताई। समापन टिप्पणी के रूप में, डॉ एम फहीम खान और डॉ रोमाना अहमद ने अतिथि व्याख्याताओं को एरा यूनिवर्सिटी के लोगो वाले स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में, सभी प्रोफेसरों और छात्रों ने आयोजन की सफलता के लिए अपना आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह के अतिथि व्याख्यान आयोजित होते रहेंगे।